आज ३.०० तीन रुपये मात्र

# आज

गौरवशाली परम्परा

साप्ताहिक राशिफल

बोले सितारे

वाराणसी, रविवार १५ नवम्बर, २०२६ सौर २९, कार्तिक शुक्ल ६, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

* काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



15000+
सफल जोड़ प्रत्यारोपण



Dr. Vipin Singh
Joint Replacement Surgeon

- M.B.B.S., M.S. (Ortho),
- F.J.R.S. (Germany),
- F.I.A.S. (Ahmedabad)

If it's KNEE
Talk to ME

NEW ERA OF KNEE REPLACEMENT

FAST ALIGN TECHNIQ
FAST DOES MATTERS

मात्र 10 मिनट में सफल घुटना प्रत्यारोपण

MOST ADVANCED ROBOTS WITH AI

ROBOTICS
(MOST ADVANCED ROBOTS WITH AI)

ROBO MOTION

Minimum incision | Minimum pain | Minimum drug intake
Fast recovery | Early discharge







Minimum incision | Minimum pain | Minimum drug intake | Fast recovery | Early discharge

BEFORE SURGERY
ऑपरेशन के पहले



AFTER SURGERY
ऑपरेशन के बाद



CASHLESS TREATMENTS & FACILITIES Avaliable

- Ayushman Bharat
- E.C.H.S
- C.G.H.S
- Railway
- Self Paying
- BLW
- BSNL
- All Private Insurance
- All TPA's.

बीमा / हेल्थ कार्डधारक संपर्क करें 9194706363

विदेशी संतुष्ट मरीज



World Class Infrastructure (OPD, Ward, OT, ICU)





Class 100 Modular OT's
ओ टी में अत्याधुनिक स्पेस सूट का प्रयोग

परामर्श हेतु पंजीकरण के लिए संपर्क करें 9194706364 , 9194706365

VATSA

ASHIRVAD
MULTI SPECIALITY HOSPITAL

बिरदोपुर, महमूरगंज, वाराणसी (उत्तर प्रदेश ) www.drvipinsingh.com






बाल दिवस, छठ महापर्व कार्यक्रम का दृश्य। छाया:आज

# विद्यालयों में धूमधाम से मना छठ महापर्व एवं बाल दिवस

गाजीपुर। बाल दिवस के उपलक्ष्य में वेलफेयर क्लब की ओर से आयोजित बाल दिवस खेल पखवाड़े का शुभारंभ गौरी शंकर पब्लिक स्कूल में उत्साह और उमंग के साथ हुआ। इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक राजेश्वर सिंह तथा क्लब अध्यक्ष डॉ. शरद कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।क्लब के खेल प्रभारी विनोद मिश्रा ने प्रतियोगिताओं के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि साइकिल रेस में अथर्व ने प्रथम, मानस ने द्वितीय और शानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टॉफी रेस में अमृतांश प्रथम, शिवांश द्वितीय तथा काव्या तृतीय स्थान पर रहे। बिस्किट रेस में आयशा ने पहला, अजमत अली ने दूसरा और आरती गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओं के समापन पर विजेता बच्चों को क्लब के जनपद गवर्नर पवन पांडेय तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद कुमार ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का सफल संचालन आराधना सिंह ने किया। सादात प्रतिनिधि के अनुसार- लालसा इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर, में बाल दिवस उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक, मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया।नर्सरी से कक्षा 1 तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं।

## अथर्व, अमृतांश, आयशा ने रेस में मारी बाजी

वहीं स्केटिंग एवं डांस प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 5 से 9 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न फूड स्टॉल लगाकर अपनी उद्यमशीलता एवं रचनात्मकता का परिचय दिया। कक्षा 10, 11 एवं 12 के विद्यार्थियों ने नवीन वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं व्यावहारिक ज्ञान का प्रदर्शन किया।विद्यालय प्रबंधक अजय यादव ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल, कला, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना आवश्यक है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करता रहेगा।बाराचवर प्रतिनिधि के अनुसार- आरएस कॉन्वेंट स्कूल बाराचवर में छठ महापर्व के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक आस्था, लोक परंपरा और सनातन संस्कृति के अद्भुत संगम का प्रतीक बना। विद्यालय परिसर को छठ पर्व की पारंपरिक छटा से आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने पूर्वांचल की समृद्ध लोक संस्कृति और भारतीय परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।इस दौरान बच्चों ने भोजपुरी लोकगीतों, छठ के पारंपरिक गीतों, लोकनृत्य और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। सूप में सजे फल, ठेकुआ, नारियल, गन्ना और पूजा सामग्री के साथ बच्चों ने छठ पूजा की परंपराओं को मंच पर जीवंत कर दिया। पीली साड़ी और पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों की प्रस्तुतियों को अभिभावकों ने खूब सराहा।वहीं विद्यालय के प्रबंधक यशवंत सिंह ने कहा कि छठ महापर्व केवल एक व्रत नहीं, बल्कि पूर्वजों की तपस्या, लोक संस्कृति की जीवंतता और सनातन परंपरा की महानता का प्रतीक है। नंदगंज प्रतिनिधि के अनुसार- सावित्री बालिका इंटर कॉलेज बरहपुर, नंदगंज में छठ महापर्व एवं बाल दिवस शनिवार को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने छठ पूजा की विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

# छठ महापर्व की तैयारियों का डीएम और एसपी ने लिया जायजा

गाजीपुर। छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने शनिवार को जनपद के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सबसे पहले सिकंदरपुर घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों पर जाने के रास्ते को दर्शाने वाले संकेतक बोर्ड लगाए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने घाटों पर सीसीटीवी कैमरे, चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग तथा विद्युत पोलों को सुरक्षित तरीके से ढकने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।जिलाधिकारी ने प्रत्येक घाट पर प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती के साथ लाइफ जैकेट और पर्याप्त संख्या में नावों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों के साथ नाव से घाटों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात पीरनगर घाट का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि महापर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। जमानियां प्रतिनिधि के अनुसार- आगामी डाला छठ महापर्व को सकुशल और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए तहसील प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा और शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जमानियां तहसील अंतर्गत आने वाले पटकनिया घाट और चक्काबाध पम्प साइड घाट को छठ पूजा के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। पर्व की तैयारियों और सुरक्षा मानकों की जांच के लिए शनिवार को एसडीएम निधि, तहसीलदार जितेन्द्र कुमार और नायब तहसीलदार जितेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया।



घाटों का निरीक्षण करते डीएम-एसपी। छाया:आज

# पुआल लदे ट्रैक्टर से टकरायी बाइक, डाक्टर की मौत

गाजीपुर। शहर के गोरा बाजार क्षेत्र में शुक्रवार की रात पुआल लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार 27 वर्षीय



इंटर्न डॉक्टर नवदीप सिंह कुशवाहा की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा रविंद्रपुरी कॉलोनी में मिट्टी-बालू की दुकान के सामने हुआ। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, गंगा विष्णुपुर छावनी लाइन निवासी नवदीप सिंह कुशवाहा गाजीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करीब एक वर्ष से इंटर्नशिप कर रहे थे। उन्होंने दो वर्ष पूर्व रूस से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी। शुक्रवार को ड्यूटी समाप्त करने के बाद वह अपने साथ काम करने वाले एक मित्र को रेलवे स्टेशन छोड़ने गए थे। वहां से रात करीब 10:30 बजे बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गोरा बाजार स्थित रविंद्रपुरी कॉलोनी में मिट्टी-बालू की दुकान के सामने उनकी बाइक सामने से आ रहे पुआल लदे ट्रैक्टर से टकरा गई। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।नवदीप अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। उनके पिता चंद्रशेखर सिंह कुशवाहा घर के पास ही मेडिकल की दुकान चलाते हैं। मां सुषमा देवी और बहन बिन्नी कुशवाहा का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

दिलदारनगर, गाजीपुर। दिलदारनगर रेलवे स्टेशन के टीएफसी गेट संख्या 86बी से आगे शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से करीब 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर भेज दिया।जीआरपी चौकी प्रभारी अश्विनी कुमार पटेल के अनुसार, 14 नवंबर को ट्रेन संख्या 22360 के चालक ने वीएचएफ के माध्यम से सूचना दी कि दिलदारनगर के टीएफसी गेट संख्या 86बी से आगे एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन से कट गया है। सूचना पर उपनिरीक्षक अश्विनी कुमार पटेल पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों और मृतक के परिजनों ने उसकी पहचान प्रहलाद (60) पुत्र लखन, निवासी ग्राम कुसौली, थाना सुरियावां, जनपद भदोही के रूप में की। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## छठ पर्व पर १६ को जनपद में रहेगा स्थानीय अवकाश

गाजीपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने 16 नवंबर, सोमवार को जनपद में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासनादेश में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में छठ पूजनोत्सव के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत 16 नवंबर को जनपद के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं विद्यालयों में स्थानीय अवकाश रहेगा।उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं विभागों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रतिबंधित घाटों के स्थान पर वैकल्पिक स्थलों पर होगी छठ पूजा, प्रशासन ने जारी की सूची

गाजीपुर। छठ महापर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर प्रतिबंधित घाटों के स्थान पर वैकल्पिक घाट एवं तालाब चिह्नित किए हैं। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में गंगा नदी एवं तालाबों की गहराई तथा सुरक्षा संबंधी परिस्थितियों का आकलन करने के बाद विभिन्न तहसीलों में कुछ घाटों पर छठ पूजा के आयोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उनके नजदीक ही वैकल्पिक पूजा स्थलों की व्यवस्था की गई है। मुख्य राजस्व अधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी ने बताया कि तहसील सदर में छोटा महादेव एवं बड़ा महादेव घाट के स्थान पर पीरनगर घाट, फॉक्सगंज घाट के स्थान पर पवहारी बाबा घाट, रिवर बैंक घाट के स्थान पर पीरनगर घाट तथा पत्थर घाट के स्थान पर पवहारी बाबा घाट निर्धारित किया गया है। वहीं, अमवा घाट (लीलापुर) के स्थान पर सिकंदरपुर घाट एवं लीलापुर घाट को वैकल्पिक स्थल बनाया गया है।तहसील सैदपुर में प्रतिबंधित बासूचक घाट के स्थान पर बासूचक के बगल स्थित दूसरे तालाब में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर सकेंगे। तहसील जमानियां में पटकनियां घाट के स्थान पर युवराजपुर तथा चक्काबांध पंप साइड-वन घाट के स्थान पर बवाड़े में वैकल्पिक स्थल चिह्नित किया गया है। इसी क्रम में तहसील मोहम्मदाबाद के सुल्तानपुर घाट के स्थान पर कोयला घाट एवं बच्चन का पुरा निर्धारित किया गया है। तहसील कासिमाबाद में कोदई तालाब से 300 मीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत की ओर से छठ पूजा के लिए गड्ढा खोदा जा रहा है। वहीं, प्रतिबंधित गेहूदी घाट के स्थान पर गोधनी नाल की गोचर भूमि में भी पूजा के लिए गड्ढा तैयार कराया जा रहा है।तहसील सेवराई में भुल्ली बाबा की चौरी के स्थान पर कैनाल घाट गहमर को वैकल्पिक स्थल के रूप में निर्धारित किया गया है।मुख्य राजस्व अधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी तथा परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित घाटों पर पूजा करने से बचें और प्रशासन की ओर से निर्धारित वैकल्पिक स्थलों पर ही छठ पूजा का अनुष्ठान संपन्न करें।

## एक नज़र इधर भी

### महिला का मंगलसूत्र खींचकर भाग रहे उचक्के को पुलिस को सौंपा

जमानियां, गाजीपुर। स्थानीय स्टेशन पर दोपहर लगभग 12 बजे उस वक्त अफरातफरी मच गई जब एक महिला का मंगलसूत्र गले से खीचकर भाग रहे चोर को पकड़ने के लिए चिखने-चिल्लाने लगी। महिला की आवाज सुनकर स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने मंगलसूत्र गले से खींचकर भाग रहे चोर को यात्रियों ने पकड़ लिया तथा जीआरपी को सौप दिया। जानकारी अनुसार कोतवाली क्षेत्र की पीड़िता सुमन देवी पत्नी संतोष गुप्ता निवासी मदनपुरा अपनी बहन के यहां आस्था का महापर्व डाला छठ पूजा करने भदौरा जा रही थी, लगभग दोपहर 12 बजे भदौरा जाने के लिए स्टेशन पर पहुंची तभी रेलवे स्टेशन पर पहले से मौजूद उचक्के ने ट्रेन में चढ़ते समय उनके गले से मंगलसूत्र उड़ा कर भागने लगा लेकिन तब तक सुमन भी शोर मचाने लगी महिला की आवाज सुनकर लोगों का ध्यान उधर गया तो एक चोर हाथ में मंगलसूत्र लेकर दौड़ रहा था स्टेशन मौजूद लोगों ने उसका पीछा किया और दौडा कर लोगों ने उसको पकड़ लिया और जीआरपी को सूचित किया कि एक महिला का मंगलसूत्र गले से खीच कर भाग रहा चैन स्नेकर को पकड़ लिया गया है। पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है।

### हजरत फातिमा जहरा की शहादत पर हुई मजलिस

कठवामोड़, गाजीपुर। नोनहरा थानांतर्गत ग्राम पारा स्थित इमामबाड़ा मीर हुसैन असगर में पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी जनाब-ए-फातिमा जहरा की शहादत के उपलक्ष्य में मजलिस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नदीमुल हसन रजमी पारवी ने अपने साथियों के साथ सोजख्वानी से की। इसके बाद पेशख्वानी में कदर पारवी, इम्तियाज गाजीपुर और मुदस्सिर जौनपुरी ने अपने कलाम पेश किए। मजलिस को संबोधित करते हुए दिल्ली से आए हाफिज सैयद मोहम्मद राजा रिजवी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में जनाब-ए-फातिमा जहरा की शहादत को याद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रसूल-ए-अकरम ने हदीस में फरमाया है कि फातिमा मेरे जिगर का टुकड़ा हैं। जिसने उन्हें तकलीफ पहुंचाई, उसने मुझे तकलीफ पहुंचाई। मौलाना ने कुरान और हदीस के हवाले से हजरत फातिमा की जिंदगी, उनके दुख-दर्द और शहादत का विस्तार से बयान किया। उनकी तकरीर सुनकर मजलिस में मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। मजलिस के बाद मेहदी राजा और अंजुमन यादगार-ए-हुसैनी सुसुंडी ने दर्दभरे नोहों के साथ पुरसा पेश किया और मातम किया।

### ईंट निर्माता समिति की बैठक

मरदह, गाजीपुर। जनपद ईंट निर्माता समिति गाजीपुर की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को दिन में 1 बजे महाहर स्थित भोलेनाथ मंदिर पर सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महामंत्री लखन सिंह ने बताया कि वर्ष 2026-27 का विनियमन कर (रॉयल्टी) सरकार ने पिछले वर्ष के आधार पर भट्टों की संख्या के अनुसार समय से निर्धारित कर दिया है। इसे बिना ब्याज के जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। उन्होंने कहा कि अभी तक कई भट्ठा स्वामियों ने रॉयल्टी जमा करने में लापरवाही बरती है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के पत्र दिनांक 3-10-26 में निर्देश दिया गया है कि जिन भट्टों पर बिना विनियमन कर (रॉयल्टी) जमा किए पकाई या कार्य होगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ब्याज सहित शुल्क भी देना पड़ेगा।

## चार छात्राओं ने राष्ट्रीय महिला बास्केटबाल में बनायी जगह

गाजीपुर। पीजी कॉलेज, गाजीपुर की चार होनहार छात्राओं ने खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का मान बढ़ाया है। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के अंतर्गत त्रिपुरा विश्वविद्यालय में आयोजित ईस्ट जोन अंतर-विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर मनू यादव, शिवानी, पिंकी और सोनाली ने अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। चारों खिलाड़ियों ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की टीम की ओर से प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान टीम मैनेजर एवं पीजी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमृता सिंह ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया।

## धान क्रय केंद्र पर पहले किसान का फूल-माला पहनाकर किया सम्मानित

### जखनिया, सादात धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण

जखनिया (गाजीपुर)। राजकीय धान क्रय केंद्र जखनिया पर शनिवार को धान बेचने पहुंचे पहले किसान राम नगीना यादव कृतसिहपुर का उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने फूल-माला से स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस दौरान क्रय केंद्र पर दो किसानों से कुल 80 क्विंटल धान की खरीद की गई। इसके बाद एसडीएम ने सादात स्थित धान क्रय केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां किसानों से 150 क्विंटल धान की खरीद की गई है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीद प्रक्रिया, किसानों की सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मार्केटिंग निरीक्षक राकेश तिवारी ने बताया कि धान बिक्री के लिए किसानों को फार्मर आईडी अथवा पूर्व वर्ष जैसे अपना पंजीकरण के आधार पर अपना रजिस्ट्रेशन कराकर तहसील से सत्यापन कराना होगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस मौके पर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अनुराग पांडेय, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी ज्योति प्रसाद, मार्केटिंग निरीक्षक आदित्य तिवारी सहित अन्य कर्मचारी एवं किसान मौजूद रहे।

# उपनिरीक्षक का शव आते ही गांव में कोहराम

जमानियां,गाजीपुर। नगर के हरपुर निवासी और उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह (51) का पार्थिव शरीर शुक्रवार देर रात उनके पैतृक गांव पहुंचा। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और चीख-पुकार से पूरा गांव गमगीन हो उठा। शनिवार दोपहर बलुआ गंगा तट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।अंतिम विदाई से पहले सुल्तानपुर जनपद से आए पुलिस जवानों ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर अपने साथी को गार्ड ऑफ ऑनर दी। इसके पश्चात छोटे पुत्र अनुज ने पिता को मुखाग्नि दी। इस भावुक क्षण को देखकर घाट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गई। मृतक के भतीजे अर्जुन सिंह यादव ने बताया कि उनके चाचा सुल्तानपुर जनपद के शिवगढ़ थाने में तैनात थे। शुक्रवार सुबह वे नाश्ता करने के बाद वर्दी पहनकर कार्यालय पहुंचे ही थे कि अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा और वे गश खाकर गिर पड़े। साथी पुलिसकर्मी उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस वाहन से पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया गया। अंतिम संस्कार के दौरान पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक पुत्र राहुल राज, डॉ. राम उग्रह, ओंकार यादव, रजनीकांत यादव, पंकज यादव, उमराव यादव, प्रमोद यादव, राकेश प्रजापति, अनिल यादव, सोनू, अर्जुन, बालेंद्र और महेंद्र सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक व शुभचिंतक मौजूद रहे।



# ट्रेलर में डीसीएम ने मारा टक्कर, चालक घायल

मरदह, गाजीपुर। मरदह के हैदरगंज स्थित गोरखपुर-वाराणसी वाराणसी गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर पर आगे चल रहे ट्रेलर द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने से पीछे से आ रही डीसीएम अनियंत्रित होकर ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा भिड़ी। टक्कर में डीसीएम के अगले हिस्से के क्षतिग्रस्त होने डीसीएम चालक केबिन में फंस गया। आगे चल रहे ट्रेलर चालक को झपकी आ गई और उसने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। पीछे आ रही डीसीएम को संभलने का मौका नहीं मिला टक्कर हो गयी। डीसीएम चालक रंगीला यादव अंदर फस गया था।ग्रामीणों के द्वारा काफी देर तक प्रयास कर चालक, खलासी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। चालक का उपचार मरदह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। हादसे में खलासी अवनीश पांडेय बाल बाल बच गया, चालक रंगीला यादव का एक पैर फ्रैक्चर हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।




क्षतिग्रस्त वाहन का दृश्य। छाया:आज

# बाउंड्रीवाल ध्वस्त करने और जान से मारने की दी धमकी, तहरीर

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के लोद्दीपुर में बाउंड्रीवाल ध्वस्त करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज होने के तीन दिन बाद भी पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। मुख्य आरोपित हिस्ट्रीशीटर समेत 12 लोगों पर कार्रवाई न होने से पीड़ित पक्ष और ग्रामीणों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर भारी नाराजगी है। पीड़ित परवेज अंसारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि बीते 7 नवंबर को विपक्षी अकील अजहर अपने दर्जनों समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचा और निर्माणाधीन दीवार को ध्वस्त कर दिया। विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 12 नवंबर को हिस्ट्रीशीटर अकील अजहर, मुजीबुर्रहमान, आरिफ, साबिर कुरैशी उर्फ टेलहू और अफजाल सहित सात-आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। ग्रामीणों ने भी जांच की धीमी गति पर सवाल उठाते हुए आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।मामले की गहन छानबीन की जा रही है, साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं और तथ्यों के आधार पर आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

आज

३.००

तीन रुपये मात्र

# आज

गौरवशाली परम्परा

साप्ताहिक राशिफल

बोले सितारे

वाराणसी, रविवार १५ नवम्बर, २०२६ सौर २९, कार्तिक शुक्ल ६, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये










# यूपी में अग्निवीरोंको २० प्रतिशत आरक्षण-योगी

## शहीदके परिवारोंको ५० लाखकी सहायता, वीरता पुरस्कार राशि होगी दोगुनी

मेरठ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ के कुलवंत सिंह स्टेडियम में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मान रैली को संबोधित करते हुए सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार की योजनाओं का ब्योरा दिया। उन्होंने शहीद सैनिकों के परिवारों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किये जाने, अग्निवीरों को विभिन्न विभागों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसरों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों और उनके परिवारों की चिंता करना किसी भी सरकार का पहला दायित्व होना चाहिए।



वर्दीधारियों का सम्मान डबल इंजन सरकार का संकल्प है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले शहीद सैनिकों के परिवारों को 20 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती थी। प्रदेश सरकार ने इसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है। उनके अनुसार, अब तक 150 शहीद परिवारों को 59 करोड़ 50 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है। वर्ष 2018 में शहीद के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था भी लागू की गयी। मुख्यमंत्री ने शहीदों की स्मृति में किये गये कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 200 स्मारक, 61 स्मृति द्वार और 78 प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं। इसके अलावा 21 विद्यालयों, 48 सड़कों और तीन स्टेडियम का नामकरण शहीद सैनिकों के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने अग्निवीरों के लिए लागू आरक्षण व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा पूरी करने के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस, ( शेष पृष्ठ नौ पर )

# भारतमें २०१४ में खत्म कर दिया गया था लोकतन्त्र-राहुल

हैदराबाद (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत सम्मेलन 2026 के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव और निर्वाचन आयोग को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। राहुल गांधी ने कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन 14 करोड़ लोगों ने वोट दिया था, कुछ महीने पहले उन्हें या तो ऐसा मतदाता बताया गया जिसका कोई अस्तित्व नहीं था या फिर ऐसा व्यक्ति बताया गया जिसने वोट ही नहीं दिया था। अगर निर्वाचन आयोग ने 14



### कहा-१४ करोड़ मतदाता अवैध होनेपर वैध कैसे हो सकता है चुनाव

करोड़ मतदाताओं को अवैध गैर-मतदाता घोषित कर दिया है, तो फिर वह चुनाव वैध कैसे हो सकता है? उन्होंने आगे कहा महाराष्ट्र इसका एक उदाहरण है। वहां पहले लोकसभा चुनाव हुआ। हमारे गठबंधन ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। लेकिन तीन महीने बाद ही हम बुरी तरह हार गये। जब हमने इसकी बारीकियों को देखना शुरू किया, तो पाया कि दोनों चुनावों में हमें बिल्कुल बराबर वोट मिले थे। तीन महीने में 70 लाख नये मतदाता जुड़ गये। इन सभी 70 लाख मतदाताओं ने भाजपा को वोट दिया। इसके बाद भाजपा चुनाव जीत गयी। राहुल गांधी ने कहा, 2014 में हमने एक बिल्कुल नया चुनाव देखा। ऐसा चुनाव हमने पहले कभी नहीं देखा था। राजनीतिक व्यवस्था में लाखों-करोड़ों डॉलर लगाये गये। जिस चुनावी व्यवस्था का इस्तेमाल करीबी मुकाबलों और गठबंधन की राजनीति के लिए किया जाता था, उसे अचानक पूरी तरह बदल दिया गया। अगर मैं ( शेष पृष्ठ नौ पर )

# अन्तिम गेंद पर भारत चैम्पियन

## अण्डर-१९ एशिया कप में पाकिस्तान को एक विकेट से हराया

अल अमेरात (एजेन्सियां)। सलामी बल्लेबाजों लक्ष्य रायचंदानी (८०) और आर्यवीर सहवाग (५८) के अर्द्धशतकों के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों मोहित उल्वा (नाबाद ४९) और मनल चौहान (४७) के बीच नौवें विकेट के लिए की गयी ५७ रन की साझेदारी से भारत ने बेहद रोमांचक फाइनल में गत चैम्पियन पाकिस्तान को अंतिम गेंद पर एक विकेट से हराकर नौवीं बार अंडर-१९ एशिया कप का खिताब जीत लिया। पाकिस्तान के ३३८ रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम कप्तान रायचंदानी और आर्यवीर के बीच पहले विकेट की ९५ रन की साझेदारी से एक विकेट पर १४६ रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी। हालांकि इसके बाद ४२वें ओवर तक पाकिस्तान ने भारत का स्कोर आठ विकेट पर २५२ रन कर दिया। मोहित ने इसके बाद मनल के साथ मिलकर भारत को वापसी दिलाई और अहमद हुसैन की मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़कर भारत को नौ विकेट पर ३३९ रन तक पहुंचाकर जीत दिला दी। भारत ने इससे पहले १९८९, २००३, २०१२, २०१३-१४, २०१६, २०१८, २०१९, २०२१ में यह ट्राफी जीती थी। इस जीत के साथ टीम इण्डिया ने लीग चरण और पिछले साल फाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया। ( विस्तृत समाचार खेल पृष्ठ पर )




## कानपुर : सड़क हादसेमें दो की मौत

कानपुर (आससे)। बिधनू में शनिवार दोपहर रमईपुर जहानाबाद मार्ग में मझावन कस्बे के पास सवारियों से भरी तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार पिता और दो बेटों को टक्कर मार दी। जिसमे दोनों बेटों की मौके पर मौत हो गयी। वहीं पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचा कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिधनू के भारू गांव निवासी किसान अमर बहादुर निषाद (32) अपने दोनों बेटों आयुष (4) पीयूष (3) को बाइक से लेकर अपनी ससुराल जहानाबाद जा रहे थे। मझावन कस्बे के बारादुआरी के पास साढ़ की तरफ से आ रही बस के चालक ने बस को ओवरटेक करने के चक्कर मे बाइक में टक्कर मार ( शेष पृष्ठ नौ पर )

## महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप पर छह राज्यों में ३३ ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह राज्यों में 33 ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापे ऐप के पैनल संचालकों के परिसरों पर मारे गए। सीबीआई ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में मुख्य आरोपी और ऐप के प्रमुख प्रमोटर सौरभ चंद्राकर से पूछताछ में मिले खुलासों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। चंद्राकर को ओमान से प्रत्यर्पित कराए जाने के बाद एक नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसी ने बताया कि छापेमारी के दौरान कई स्थानों पर सट्टेबाजी और जुए के पैनल सक्रिय मिले, जिन्हें बंद करा दिया गया। इस दौरान डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद कर जब्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों से ( शेष पृष्ठ नौ पर )

## लखनऊ में वकीलों का प्रदर्शन

लखनऊ (आससे)। लखनऊ में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में वकीलों ने प्रदर्शन किया। हजरतगंज चौराहे पर नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर बढ़ रहे अधिवक्ताओं ने पुलिस की एक बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद कुछ वकील दूसरी बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। अधिवक्ताओं का पैदल मार्च कैसरबाग स्थित न्यायालय परिसर से शुरू हुआ। यहां से परिवर्तन चौक और अटल चौक होते हुए वकील विधानसभा की ओर बढ़े। प्रदर्शन को प्रदेश के कई अधिवक्ता संगठनों का समर्थन मिला है। उनका कहना है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस कानून की जरूरत है। वहीं, विधानसभा घेराव के ऐलान को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। हजरतगंज समेत मार्च के पूरे रास्ते पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। कई थानों की पुलिस के साथ अतिरिक्त सुरक्षा बल भी लगाया ( शेष पृष्ठ नौ पर )

### अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग, पुलिससे नोंकझोक






## केपीएससी भर्ती घोटाले में १.२२ करोड़की संपत्ति कुर्क

नयी दिल्ली (आससे)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के तहत कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के निलंबित अध्यक्ष शिवशंकरप्पा एस. साहूकार, आयोग की पूर्व सदस्य बी. वी. गीता और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार की 1.22 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कर ली हैं। ईडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह कारवाई केपीएससी भर्ती घोटाले की जांच के तहत की गयी। कुर्क की गयी संपत्तियों में साहूकार, गीता और गंगवार की चल एवं अचल संपत्तियां शामिल हैं। गंगवार कथित घोटाले के समय केपीएससी में परीक्षा नियंत्रक के पद पर तैनात थे। ईडी ने इस संबंध में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने इस मामले की जांच राज्य पुलिस द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारियों के 400 पदों पर भर्ती के लिए ( शेष पृष्ठ नौ पर )

## दो बच्चों के साथ कुएंमें कूदी मां, तीनों की मौत

रतलाम (एजेंसी)। रतलाम जिले की जावरा तहसील के ग्राम मीनाखेड़ा में शनिवार सुबह 26 वर्षीय महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। पानी में डूबने से मां और दोनों बच्चों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गयी। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल ( शेष पृष्ठ नौ पर )

# कांग्रेसने यूपी में सपा से मांगी १८१ सीटें

नयी दिल्ली (आससे)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे की चर्चा तेज हो गई है। इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुलासा किया है कि कांग्रेस ने विधानसभा की 403 सीटों में से 181 सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग की है। उन्होंने ये बातें शनिवार को नयी दिल्ली में आयोजित एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में कहीं। सीटों की मांग को लेकर पूछे गए सवाल पर अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस ने 100 सीटों से अधिक की मांग की है। जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस ने 200 सीटें मांगी हैं, तो उन्होंने कहा कि इससे कुछ कम। इसके बाद 180 सीटों के सवाल पर मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा 180 में एक और जोड़ लीजिए। उनके इस बयान से कांग्रेस की ओर से 181 सीटों की मांग किए जाने का संकेत मिला। सपा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर 17 नवंबर को बैठक होने की संभावना है। हालांकि, सीटों की संख्या पर अंतिम फैसला होना बाकी है। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने 12 दिसंबर को अयोध्या जाने के अपने कार्यक्रम की भी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हालिया चुनाव में अयोध्या के लोगों से जो आशीर्वाद मिला है, उसका धन्यवाद देने वहां जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद मिला है, तो धन्यवाद देने जाना पड़ेगा। जहां आशीर्वाद मिला हो, वहां कौन ( शेष पृष्ठ नौ पर )

### सीट बंटवारेको लेकर १७ को बैठककी सम्भावना




## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में मां की मौत, बेटा घायल

मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बिहड़ा गांव के पास हाईवे के बगल सर्विस रोड पर शनिवार को पूर्वाह्न १० बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में एक महिला की मौत हो गयी, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भदोही जनपद के औराई थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव (भगवानपुर) निवासी कृष्णा उपाध्याय उर्फ शिवम अपनी मां मीरा उपाध्याय (४० वर्ष) पत्नी अशोक उपाध्याय को बाइक पर बैठाकर वाराणसी की तरफ जा रहा था। वहीं सामने से कछवां रोड की तरफ से औराई जा रही दूसरी बाइक ने आमने-सामने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां-बेटा दोनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची कछवां रोड पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से भदोही स्थित अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने महिला मीरा उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया। घायल पुत्र कृष्णा उर्फ शिवम का इलाज चल रहा है। जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक मामूली रूप से घायल होने के बाद मौके से हट गया। बताया जा रहा है कि कृष्णा अपनी मां को वाराणसी से आजमगढ़ जाने वाली बस पकड़वाने के लिए ले जा रहा था। मृतका को छठ पूजा के लिए अपने मायके भगवानपुर चिरैयाकोट बाजार, आजमगढ़ जाना था। मृतका के पति अशोक उपाध्याय सऊदी अरब में किसी कंपनी में नौकरी करते हैं। इस संबंध में चौकी प्रभारी कछवां रोड संदीप सिंह ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाली बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और मुकदमा दर्ज करने की कारवाई की जा रही है।

# ७० लाख के गबन का मास्टरमाइंड हरियाणा से गिरफ्तार

### पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से की कारवाई

वाराणसी-कमिश्नरेट पुलिस ने ज्वेलरी कंपनी में ७० लाख रुपये के गबन करने वाले मास्टरमाइंड २५ हजार के इनामी को पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त टीम ने हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। टीम के अनुसार नीचीबाग निवासी रितेश कुमार बबूना ने सात सितंबर को सिगरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। रितेश मेसर्स काशी मधुरम नाम से सोने-चांदी के आभूषण की दुकान चलाते हैं, जो एस्पर कंपनी प्रा. लि. की फ्रेंचाइजी है। आरोप है कि कंपनी में एरिया बिजनेस मैनेजर के पद पर तैनात राज कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी म.नं. ३१९/१० नियर बड़ा गुरुद्वारा मेहम, रोहतक (हरियाणा) ने अपने साथियों के साथ मिलकर करीब ७० लाख रुपये के आभूषण और नकदी का गबन किया और फरार हो गया। इस पर थाना सिगरा में धारा ३१६(५) बीएनएस के तहत केस दर्ज हुआ था। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर काशी जोन के डीसीपी और एसीपी चेतगंज के नेतृत्व में टीम गठित हुई। सर्विलांस सेल और साइबर सेल की मदद से लोकेशन ट्रेस कर शनिवार को गुर्जर भवन चौकी सेक्टर-१६ थाना सेक्टर-१७ फरीदाबाद से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र, चौकी प्रभारी सौरभ शाही, एसओजी के उपनिरीक्षक आयुष पांडेय, गौरव कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी संतोष पासवान, आरक्षी अंकित मिश्रा, अभिषेक वर्मा, मनीष तिवारी, सुमित शाही, अश्वनी सिंह, अभिराम शर्मा व साइबर टीम के रोहित शामिल रहे।

## बनारस स्टेशन पर ८७ लीटर से अधिक अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

बनारस रेलवे स्टेशन पर शनिवार को आरपीएफ, सीआईबी और जीआरपी की संयुक्त टीम ने बड़ी कारवाई करते हुए ८७.३०० लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। मौके से दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत ६३०५० रुपये बतायी गयी है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, वाराणसी के निर्देशन में शनिवार दोपहर करीब तीन बजे संयुक्त टीम स्टेशन परिसर में संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर एक के वाराणसी छोर पर स्थित कूड़ाघर के पास पाथवे पर दो युवक दो पिट्ठू बैग और दो झोलों के साथ संदिग्ध अवस्था में दिखायी दिये। टीम ने उन्हें रोककर तलाशी ली तो बैग और झोलों से अंग्रेजी शराब के ४८५ फ्रूटी पैक बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार के छपरा जिले के सोनपुर निवासी २२ वर्षीय विवेक कुमार महतो और पटना जिले के बख्तियारपुर निवासी ४१ वर्षीय अखिलेश कुमार के रूप में हुई है। इस कारवाई में आरपीएफ बनारस के निरीक्षक राजेश कुमार, सीआईबी के निरीक्षक राजेश, जीआरपी के उपनिरीक्षक अशोक कुमार ओझा, आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक गणेश राम, हेड कांस्टेबल विनय स्वरूप निषाद, जनार्दन यादव तथा कांस्टेबल शिव प्रसाद सोनी, मो. इजहार और विनोद कुमार यादव शामिल रहे। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों के माध्यम से होने वाली अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त टीमों का चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, आठ के खिलाफ प्राथमिकी

चौबेपुर क्षेत्र के उमरहां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि आठ लोगों ने एकजुट होकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों को भी नहीं बख्शा गया। मामले में नन्दलाल यादव की तहरीर पर पुलिस ने आठ नामजद आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया है। आठ नवंबर की शाम करीब सात बजे आरोपित एक राय होकर पहुंचे और हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान कई लोगों को चोटें आयीं। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया की तहरीर के हिसाब से रामदुलार यादव, रमेश, रामअधार, पप्पू यादव, राजू यादव, विकास, विनीत और अरुण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है।


### PUBLIC NOTICE

Noticeis hereby given that Regency Hospital Limited (CIN: U85110UP1987PLC008792), having its registered office at A-2 Sarvodaya Nagar, Kanpur – 208005 (the **"Company"**), has created a first ranking exclusive mortgage over the property described in the Schedule below (**"Scheduled Property"**) pursuant to a Memorandum of Deposit of Title Deed dated 4th November 2026recording the creation of mortgage, in favour of IDBI Trusteeship Services Limited (the **"Debenture Trustee"**), acting for the benefit of the investors/debenture holders, as security for the Company's non- convertible debentures subscribed to/held by the debenture holders. The said mortgage has been created by the Company by depositing the title deeds of the Scheduled Property with the Debenture Trustee. The public is hereby cautioned not to deal with the Scheduled Property, or any part thereof, in any manner whatsoever, including by way of sale, transfer, lease, gift, exchange, further charge or mortgage, nor to take possession of, occupy, encroach upon, or acquire any right, title, interest or claim in or over the Scheduled Property, whether as a purchaser, tenant, licensee, encroacher or otherwise. Any person dealing with the Scheduled Property, or any part thereof, in contravention of this notice shall do so at their own risk, cost and consequences, and any such dealing, interest or claim shall not be binding on the Debenture Trustee or the debenture holders/investors for whose benefit the said mortgage has been created.

**SCHEDULE**

**(Description of the Property)**

The land consisting of Arazi No.128Mi Total Area 0.1500 Hectare (1500 Sq.Mtr.), part of Arazi No. 128Mi. Area 0.1523 Hectare (1523 Sq. Mtr.) out of Total Area 0.1540 Hectare (1540 Sq. Mtr.), part of Arazi No. 129 Area 0.2195 Hectare (2195Sq.Mtr.) out of Total Area 0.2430 Hectare (2430 Sq. Mtr.), part of Arazi No. 124Area 0.1500 Hectare (1500 Sq. Mtr.) out of Total Area 0.1820 Hectare (1820 Sq.Mtr.), part of Arazi No. 133 Area 0.1100 Hectare (1100 Sq. Mtr.) out of Total Area 0.1700 Hectare (1700 Sq. Mtr.), part of Arazi No. 134 Area 0.1910 Hectare(1910 Sq. Mtr.) out of Total Area 0.4310 Hectare (4310 Sq. Mtr.), part of Arazi No. 98 Area 0.0240 Hectare (240 Sq. Mtr.) out of Total Area 0.2230 Hectare (2230Sq.Mtr.), part of Arazi No. 123Mi. Area 0.0060 Hectare (60 Sq. Mtr.) out of Total Area 0.0156 Hectare (156 Sq. Mtr.) Total 8 GATA, Total Land Area 1.0028 Hectare (10.028 Sq. Mtr.) situated at Village- Dhanesari, Pargana- Athgawan, Tehsil – Pindara, District – Varanasi, and bounded as below;

**East:** Part of Arazi No.98, 134, 133, 129 (Land of M/s. Rudra Real Estate (VNS) Private Limited)

**West:** Arazi No. 125 & 126 (Land of others)

**North:** Part of Arazi No.124 & 98 (Land of M/s. Rudra Real Estate (VNS) Private Limited)

**South:** Arazi No.127 & 130 (Land of M/s. Rudra Real Estate (VNS) Private Limited & others, followed by Road)

including the building, erections and constructions of every description now standing on or hereafter erected or attached to the land, together with all present and future rights, titles, interests, and cash flows arising therefrom.



### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **संस्था जनता योगेश उ.मा. विद्यालय फुली, गाजीपुर** के सदस्य बनाये जाने हेतु प्रकाशन से एक सप्ताह के भीतर प्रार्थना पत्र संस्था के प्रबन्धक के पास जमा कर सकते है प्रार्थना पत्र पर प्रबन्ध समिति के निर्णय के उपरान्त ही सदस्य हो सकता है।

**हृदय नारायण राय**
**प्रबन्धक**



**न्यायालय सिविल जज सी.डि. गाजीपुर**
**इजरा वाद सं. ३/२०२३**
**अमरेन्द्र कुमार बनाम मुन्ना**

बनाम- मुन्ना पुत्र शंकर सरायपाख्ता, शहर गाजीपुर, परगना व जिला गाजीपुर, हाल मुकाम मकान नं.-५११/३६ राजघाट, जिला वाराणसी, निर्णित ऋणी,

बयनामा-लेख पत्र की प्रकृति-आवासीय नगरीय क्षेत्र (नगर पालिका सीमा के अंदर) सिगमेन्ट रोड से ५० मीटर की त्रिज्या में होने पर सिगमेन्ट के अनुसार कोड नं.-००९८ प्रारूप-३ पृष्ठ सं. ५०।२ स्थित मुहल्ला सरायखाम (पोख्ता) शहर गाजीपुर, नगर पालिका परिषद गाजीपुर का पुराना मकान नं. ४८, ४८/१ व ४८/२ मौजूदा मकान नं. ६७ व ६७/१ व ६७/२ जिसका क्षेत्रफल १३९.५ वर्ग मीटर सम्पूर्ण अंश विक्रय हो रहा है। निर्धारित दर २३०००/- रूपया प्रति वर्ग मीटर, निर्माण दर १००००/-रूपया प्रति वर्ग मीटर, प्रतिफल की धनराशि १५०००/ रूपया, सरकारी मूल्य ६९०५५००/ रूपया मात्र, स्टाम्प शुल्क ४८४०००/ रूपया मात्र, ई स्टाम्प नंबर-आई.एन.-यू.पी. चौहदी- पूरब साबिकन मकान गुलाब मौजूदा मकान वरसाय रूक्मणी देवी पत्नी गोपालजी पुत्र गुलाब पश्चिम मकान शिवनाथ व वरसाय, उत्तर मकान अहमद मियां, दक्षिण सडक विशेश्वरगंज पेट्रोल पंप से नबा. वगंज फाटक के मध्य, प्रथम पक्ष विक्रेता श्री अमित कुमार, द्वितीय सिविल जज सी.डि. गाजीपुर एतद्पश्चात विक्रेता कहा गया है एवं द्वितीय पक्ष क्रेतागण श्री अमरेन्द्र कुमार वर्मा व जितेन्द्र कुमार वर्मा पुत्रगण श्री गुलाबचन्द्र वर्मा व अनीता वर्मा पत्नी अजीत कुमार वर्मा पुत्रबधू स्व. गुलाबचन्द्र वर्मा, शिवम वर्मा, सत्यम वर्मा पुत्रगण स्व. अजीत कुमार वर्मा पौत्रगण स्व. गुलाबचन्द वर्मा, रेनू वर्मा, रीता वर्मा, रेखा वर्मा पुत्रीगण स्व. गुलाबचन्द्र वर्मा निवासीगण मुहल्ला सरायपोख्ता, पोस्ट सट्ठी मस्जिद, शहर व जिला गाजीपुर, जिन्हें एतद्पश्चात क्रेतागण कहा गया है। गुलाबचन्द्र वर्मा आदि ने मूल वाद सं. ४५/१९७५ शंकर प्रसाद केसरवानी (निर्णित ऋणी) के विरूद्ध तत्कालिक मकान नगर पालिका नंबर ४८, ४८/१ व ४८/२ क्षेत्रफल १३९.५ वर्ग मी. स्थित मुहल्ला सराय पोख्ता, पोस्ट सट्ठी मस्जिद, शहर गाजीपुर, परगना व तहसील व जिला गाजीपुर के बावत मुआ. हिदाबय के निष्पादन हेतु प्रस्तुत किया, यह दाद, रसी तलब किया कि मुआहिदाबय दिनाँकित ०८.०२.१९७२ के आधार पर बहक व बनाम गुलाबचन्द्र वर्मा मजकूर के हक में बैनामा तकमील व रजिस्ट्री कर दिया जावे। उक्त वाद न्यायालय में सिविल जज सी.डि.गाजीपुर के यहां प्रस्तुत हुआ जो दिनांक ०५.०१.१९७९ को खारिज हो गया। जिसके विरूद्ध डिक्रीदार ने सिविल अपील नं. ७३/१९७९ गुलाबचन्द्र वर्मा बनाम शंकर प्रसाद केसरवानी आदि दाखिल हुई, जो दिनांक २३.०९.२०२३ को अपील इस प्रकार स्वीकार की गयी कि जो उपरोक्त मुआ. हिदाबय के अनुपालन में निर्णित ऋणी शंकर प्रसाद केसरवानी या उनके वारिसान मुआ. हिदाबय मकान उपरोक्त का बैनामा डिक्रीदार गुलाबचन्द्र वर्मा या उनके वारिसान के हक में अंदर एक माह निष्पादित कर देवें, लेकिन निर्णित ऋणी शंकर प्रसाद केसरवानी के वारिस मुन्ना पुत्र शंकर प्रसाद केसरवानी ने अंदर मियाद आदेश अदालत दिनांक २३.०१.२०२३ को जो निर्देश निर्णित ऋणी को बयनामा तकमील व रजिस्ट्री करने का दिया था, अगर अग्रिम तिथि १९.११.२०२६ तक आकर बयनामा नहीं करते है तो उक्त एकरारनामा के मुताबिक न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ संवर्ग गाजीपुर द्वारा बयनामा कर दिया जायेगा।

**आज दिनांक को जारी हुआ**
**न्यायालय की आज्ञा से मुंसरिम**



## बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी-221004

बिड़ संख्या ई-31/2026-2027 — ई-निविदा सूचना — दिनांक : 14.11.2026

भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित वस्तुओं के आपूर्ति हेतु ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। केवल ई-प्रस्ताव स्वीकार्य है, जिसके लिए वेंडर का क्लास III का डिजिटल सिग्नेचर एवं IREPS पर पंजीकरण आवश्यक है. निविदाओं का विवरण निम्न क्रम से हैं :-निविदा संख्या, (खुलने की तिथि), विवरण और मात्रा। क्र.सं. 1. 08261193, विज्ञापि निविदा, (30.11.2026), **किट फॉर रेडिएटर असेंबली। एक सेट में रेडिएटर असेंबली (आरएच), डीएलडब्ल्यू पार्ट नंबर 17450408 तथा रेडिएटर असेंबली (एलएच), डीएलडब्ल्यू पार्ट नंबर 17450410 शामिल होंगे।** ड्राइंग नंबर 17455017, ऑल्ट सी के अनुसार। स्पेसिफिकेशन: आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नंबर MP.0.0500.01 (Rev-03), मई 2009। सफाई, मार्किंग एवं पैकिंग की शर्तों के लिए स्पेसिफिकेशन MISC:461, (पूर्व में 17455017), मात्रा-55 सेट, **नोट:** उक्त निविदाओं का विस्तृत विवरण **www.blw.indianrailways.gov.in** और **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **शुद्धि-पत्र**-क्र.सं. 1, बिड सं: ई-28/2026-27, निविदा संख्या: 04261603, खुलने की तिथि: 13.11.2026, रिवीजन: 01, सुधार का पूर्ण विवरण: निविदा खुलने की तिथि को 13.11.2026 के स्थान पर 19.11.2026 पढ़ा जाये. **शुद्धि-पत्र**- क्र.सं. 2, निविदा सं: 03261009A, बिड सं: ई-28/2026-27, रिविजन: 01, वर्तमान खुलने की तिथि: 13.11.2026, परिवर्तित खुलने की तिथि: 18.11.2026. **शुद्धि-पत्र सूचना निविदा खुलने की तिथि में संशोधन**-क्र.सं 3, निविदा सं: 05261174, सभी संबंधित बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त टेंडर के खुलने की तारीख में संशोधन किया गया है, जो इस प्रकार है, बिड सं: ई-27/2026/27 दिनांक 09.10.2026. **मूल निविदा खुलने की तिथि: 12.11.2026, संशोधित निविदा खुलने की तिथि: 18.11.2026।** नोट: मूल निविदा की अन्य सभी शर्तें और नियम अपरिवर्तित रहेंगे।

जसअ/बरेका/एस-33 — वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक/इंजन

/blwvaranasi — वेबसाईट- blw.indianrailways.gov.in



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
E-mail:- eeredjaunpur@gmail.com

निविदा पत्र सं.:- 1945/ग्रा.अ.वि./ई-निविदा/2026-27 — दिनांक:- 05.11.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (द्वितीय कॉल)**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर में निम्न कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी, एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते हैं। निविदा पात्रता हेतु श्रेणी ए.बी.सी.डी. ठेकेदारों को आई.टी.बी. के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की तिथि | अधिशाषी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिलाधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | डॉ बी0आर0 अम्बेडकर विकास योजना के 27 कार्य (2026-27) | | | | | | | |
| 01 | जौनपुर | विकास खण्ड केराकत ग्राम पंचायत बकुलिया में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.96 | 0.49800 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 02 | जौनपुर | विकास खण्ड डोभी ग्राम पंचायत कुसुमही में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 03 | जौनपुर | विकास खण्ड डोभी ग्राम पंचायत अमरौना में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 04 | जौनपुर | विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत नदियांव में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 05 | जौनपुर | विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत हरदुआं में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 06 | जौनपुर | विकास खण्ड मछलीशहर ग्राम पंचायत कोटवा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 07 | जौनपुर | विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत देहुवा में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 08 | जौनपुर | विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत बदौवां में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 09 | जौनपुर | विकास खण्ड बक्शा ग्राम पंचायत खैरपारा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 10 | जौनपुर | विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत मनवल में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 11 | जौनपुर | विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत नसरूद्दीनपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 12 | जौनपुर | विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत खलसहा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 6.69 | 0.33450 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 13 | जौनपुर | विकास खण्ड मुंगराबादशाहपुर ग्राम पंचायत कपूरपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.93 | 0.49650 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 14 | जौनपुर | विकास खण्ड मछलीशहर ग्राम पंचायत कोढा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.91 | 0.49550 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 15 | जौनपुर | विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत तरसांव में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 7.83 | 0.39150 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 16 | जौनपुर | विकास खण्ड मछलीशहर ग्राम पंचायत दान में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 17 | जौनपुर | विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत मथुरा स्थित डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 18 | जौनपुर | विकास खण्ड मछलीशहर ग्राम पंचायत जरौना में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 19 | जौनपुर | विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत बनहरा में महात्मा बुद्ध, डा0 अम्बेडकर व सन्त रविदास प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 20 | जौनपुर | विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत लमहन में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 21 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत यूनूसपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.41 | 0.47050 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 22 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत अब्बोपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 23 | जौनपुर | विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत कादीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 24 | जौनपुर | विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत पचेवरा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 25 | जौनपुर | विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत वार्ड न0 1 चोरसण्ड दक्षिणी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 26 | जौनपुर | विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत सोयरी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 27 | जौनपुर | विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत लहंगपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |

28. कार्य पूर्ण करने की अवधि में वर्षा ऋतु भी सम्मिलित है।
29. वेबसाइट *http://etender.up.nic.in* पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्त तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइनदेखे जा सकते हैं।
30. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट *http://etender.up.nic.in* पर 17-11-2026 से 23-11-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेगें। ई-निविदा *http://etender.up.nic.in* पर अनिवार्य रूप से आन लाइन अपलोड कर दी जाये एवं आनलाइन प्राप्त समस्त बिडें दिनांक 23-11-2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।
31. निविदा प्रपत्र मूल्य की डिमान्ड ड्राफ्ट अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जौनपुर के पक्ष में देय होगी।
32. निविदा मूल्य एवं धनरोहर धनराशि Internet Banking द्वारा किया जाएगा, जिसका पता वेबसाइट पर उपलब्ध है। (in case of e-tendering)
33. अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये एक/किसी/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

eeredjaunpur@gmail.com
Mob. 9801208240

उ.प्र.:- 261013
दिनांक:- 13.11.2026

(नीरज कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
(महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की तरफ से)

वेबसाईट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।


## कार्यालय नगर पंचायत रतसर कलॉ जनपद बलिया

पत्रांक :-07/NIT/न०पं०र० / वर्ष 2026-27 — दिनांक- 13/11/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना / ई-टेण्डरिंग**

नगर पंचायत रतसर कलॉ, बलिया में कराये जाने वाले कार्यो हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / आपूर्तिकर्ताओं/फर्मों/निर्माताओं जिनका आयकर / जी०एस०टी० में पंजीकृत हो से प्रतिशत दरों में अधोलिखित विवरण के अनुसार ऑन- लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदाओं की ऑनलाईन उपलब्धता | ऑन-लाइन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | वित्तीय ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय नगर पंचायत रतसर कलॉ, जनपद -बलिया के पत्रांक सं0-07/NIT/न०पं०र० वर्ष 2026-27 दिनांक-13/11/2026 निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा पोर्टल www.etender.up.nic.in पर अपलोड कुल 26 अदद लाट की निविदा | दिनांक 16/11/2026 से | दिनांक 28/11/2026 को अपरान्ह 05.00 बजे तक | दिनांक 30/11/2026 को अपरान्ह 03.00 बजे |

**नोट-** निविदा आमंत्रण कर्ता को आई.टी.बी. के क्लॉज - 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा, सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर लॉगिन करे तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें। सभी प्रपत्र NIT में निर्धारित क्रम में, क्रमांक अंकित कर ही अपलोड/संलग्न किये जायें अन्यथा बिड अस्वीकृत कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रतसर कलॉ**
**बलिया**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रतसर कलॉ**
**बलिया**

## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत सिकन्दरपुर-बलिया

पत्रांक :-410/आ.न.पं.सि./ 2026-27 — दिनांक- 14/11/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना / ई-टेण्डरिंग**

ए

# व्रती महिलाएं आज देंगी अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

## चारों ओर बज रहे छठ गीतों से समूचा माहौल हुआ भक्तिमय

**सोनभद्र।** आस्था का महापर्व सूर्य उपासना छठ पर्व के दूसरे दिन शनिवार को व्रती महिलाओं ने गुड़ की खीर खाया। व्रती महिलाएं घाटों पर पहुंचकर वेदी बनाकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देकर पूजन-अर्चन की। पर्व को देखते हुए बाजारों में व्रती महिलाओं की भीड़ लग गई हैं। व्रती महिलायें पूजन से संबंधित सामानों की खरीदारी में जुट गई हैं। 15 नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देंगी। 16 नवम्बर को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देकर पारन कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। पर्व को देखते हुए व्रती महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। व्रती महिलाओं ने घाटों पर वेदी बनायीं। पर्व शुरू होते ही चारों ओर बज रहे छठ गीतों से सोनांचल भक्तिमय हो गया है। सभी छठ घाटों की साफ-सफाई कार्य को पूरा कराने के लिए सफाई नायक तन-मन के साथ लगे हुए हैं। **शाहगंज संवाददाता के अनुसार**-सूर्य उपासना का महापर्व डाला छठ शुरू होते ही क्षेत्र में आस्था और भक्ति का माहौल बन गया है। पर्व के कठिन और महत्वपूर्ण अर्घ्य की तैयारी के लिए शनिवार को व्रतियों ने अंतिम रूप से तैयारियां पूरी कीं। श्रद्धालुओं ने छठ घाटों की साफ-सफाई और शुद्धीकरण के साथ पूजा की वेदी तैयार की। व्रती महिलाएं सायंकाल खजुरी , शाहगंज, ईनम, डोहरी, सोहदौल, अमउड, ओडहथा सहित अन्य छठ घाटों पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन की। सूर्योपासना का महापर्व डाला छठ सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। छठ घाटों, नदियों, तालाबों और जलाशयों के तट पर सूर्यदेव को अर्घ्य देने की परंपरा निभाई जाती है। इस दौरान हर उम्र और वर्ग के लोग एक साथ पर्व मनाते नजर आते हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़, साज-सज्जा और पूजा की तैयारियां उत्सव का माहौल बना रही हैं। छठ पर्व के दौरान घरों में पारंपरिक छठ गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। महिलाएं लोकगीतों के माध्यम से भगवान सूर्य और छठी मैया की महिमा का गुणगान कर रही हैं। चार दिवसीय इस पर्व में व्रती महिलाएं कठिन निर्जला व्रत रखकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करती हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि भगवान सूर्य की आराधना से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। **दुद्धी संवाददाता के अनुसार**-डाला छठ पर्व पर शनिवार के दोहारी छठ व्रतधारी श्रद्धालुओं ने डूबते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया। शिवाजी तालाब पर स्थानीय क्षेत्रवासियों ने शाम के समय भगवान सूर्य को पश्चिम दिशा में पहुँचते ही व्रती महिलाएं और पुरुष अपने कमर तक जल में खड़े होकर सूर्यदेव भगवान को अर्घ्य दिया। साथ ही लोग अपने हाथ में कलश लेने के साथ, लाल-पीली साड़ी पहनकर, अपने बाल खुले रखकर, मांग से नाक तक सिंदूर लगाकर खड़े रहे। चैत्र छठ का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाओं ने पति और बच्चों की सलामती के लिए व्रत रखा है। रविवार की शाम व सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूरा किया जाएगा। इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा घाट पर साफ सफाई के साथ अन्य सुविधाओं को देने में लगे रहे। शिवाजी तालाब छठ घाट पर चेयरमैन कमलेश मोहन, एसडीएम व ईओ प्रभारी आकांक्षा गौतम, जेबीएस अध्यक्ष पंकज जायसवाल महामंत्री दीपक शाह रामलीला कमेटी अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रहरि महामंत्री सुरेंद्र गुप्ता, पंकज अग्रहरी बुल्लू, देवेश मोहन, विष्णु अग्रहरी मौजूद रहे। **करमा संवाददाता के अनुसार**-शनिवार को व्रती महिलाओं ने गुड़ की खीर खाया। व्रती महिलाओं ने तालाब में स्नान ध्यान कर डूबते सूरज को अर्ध्य दिया। यह पावन पर्व हर साल कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। यह व्रत संतान की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना के लिए रखा जाता है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना गया है जो 36 घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए शनिवार को डूबते हुए सूरज को अर्ध्य दिया। **रेणुकूट संवाददाता के अनुसार**-लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को खरना व्रत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रेणुकूट के बाजारों में सुबह से ही काफी चहल-पहल देखने को मिली। छठ पूजा में उपयोग होने वाली पूजन सामग्री, फल, फूल, गन्ना, नारियल, मिट्टी के बर्तन और अन्य आवश्यक सामानों की दुकानें जगह-जगह सजी रहीं। बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। पर्व को लेकर दुकानदारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

### व्रती महिलाओं ने खायी गुड़ की खीर

**चुर्क( सोनभद्र )।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा शुरू हो गया है। शनिवार को रात में महिलाओं ने गुड की खीर खाया। नगर समेत आसपास के छठ घाटों की साफसफाई का कार्य को अंतिम रूप दे दिया गया। सहिजन खुर्द छठ घाट पर महिलाओं ने शाम को बेदी बनाकर अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया। चौकी प्रभारी सूर्य नारायण भार्गव में छठ घाट का निरीक्षण किया। इस घाट पर विनय कुमार यादव के द्वारा संपूर्ण व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। घाट पर टेंट, प्रकाश, दवा की व्यवस्था की गई है। महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।



## वाराणसी से शक्तिनगर जा रही रोडवेज बस पर मनबढ़ों ने किया पथराव

### ओवरटेक करने पर कार सवारों ने किया विवाद

**अनपरा( सोनभद्र )।** स्थानीय थाना क्षेत्र डिबुलगंज के पास रोडवेज बस से पास मांगने और ओवरटेक करने पर कार सवार लोगों ने रोडवेज बस को रुकवाकर चालक और परिचालक से विवाद किया। सूत्रों में द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शाम 8 बजे वाराणसी से शक्ति नगर की ओर जा रही गाजीपुर डिपो की रोडवेज बस से बैरपान के पास पीछे से आ रहे कर सवार ने पास मांगने की कोशिश की पास न देने पर रोडवेज को डिबुलगंज के पास रोक कर चालक को पीटा। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया उसके बाद रोडवेज और कार सवार दोनों शक्ति नगर की ओर बढ़ गए। इस दौरान बिना बाजार के पास कर सवार अज्ञात लोगों ने रोडवेज बस के सामने के शीशे पर पत्थर से मारकर फरार हो गए जिसमें रोडवेज बस का शीशा टूट गया। हालांकि बस में सवार किसी को चोट नहीं लगी चालक शक्ति नगर बस डिपो पहुंचने के बाद वापसी में अनपरा थाना में पहुंचकर थाना अध्यक्ष राजेश जी चौबे से मदद की गुहार लगाई और डिबुलगंज क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरा में कार सवार की पहचान करने में जुटे हैं । इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश जी चौबे ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा में कुछ स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। रोडवेज चालक की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## राज्यमंत्री ने किया एकलव्य छठ घाट के संरक्षण, कायाकल्प कार्य का लोकार्पण

**अनपरा( सोनभद्र )।** नगर पंचायत अनपरा के वार्ड नंबर 08 स्थित वल्लभ भाई नगर के एकलव्य छठ घाट को विकसित एवं आकर्षक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं ओबरा विधायक संजीव सिंह गौड़ तथा नगर पंचायत अनपरा के चेयरमैन विश्राम प्रसाद वैसवार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर छठ घाट के संरक्षण एवं कायाकल्प कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना एवं मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना मद के अंतर्गत कराए गए छठ घाट के संरक्षण एवं कायाकल्प कार्य का लोकार्पण समारोह विधिवत संपन्न हुआ। इससे पहले अधिशासी अधिकारी चेतन्य तिवारी,बाबू गणेश तिवारी ने अतिथि का बुके अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।इस दौरान अतिथियों ने छठ घाट के विकास कार्यों का अवलोकन व छठ घाट पर चल रहे कार्य को देखा और सराहा ।यह एकलव्य घाट बनने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बताया। एकलव्य छठ घाट क्षेत्र के एक मात्र प्रमुख छठ पूजा स्थलों में शामिल है। यहां प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं एवं श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। घाट के संरक्षण एवं कायाकल्प से छठ व्रतियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ ही धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों को भी नया स्वरूप मिलेगा।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों का विकास कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। एकलव्य छठ घाट का विकास इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।लोकार्पण के साथ ही वार्ड नंबर 08 के नागरिकों एवं छठ पूजा आयोजन समिति में उत्साह का माहौल देखने को मिलेगा। स्थानीय लोगों ने घाट के विकास कार्य को नगर पंचायत अनपरा की सराहनीय पहल बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रेणुकूट( सोनभद्र )।** पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा में शनिवार को एक विवाहिता ने किराये के मकान की ऊपरी मंजिल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान सुषमा देवी (26) पत्नी सुनील चंद्रवंशी के रूप में हुई है। सुषमा देवी अपने पति के साथ प्राथमिक विद्यालय मुर्धवा के पास एक किराये के मकान में रहती थी। शनिवार की सुबह करीब 6:20 बजे उसका पति सुनील चंद्रवंशी हिंडाल्को कंपनी में ड्यूटी करने चला गया था। इसी दौरान सुषमा ने मकान की छत पर लगे लोहे के इंगल से फांसी लगा ली। घटना की जानकारी होने पर मृतका के भाई दिनेश चंद्रवंशी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पिपरी थानाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

### गहरे पानी में डूब रहे मासूम के लिए देवदूत बने दो युवक

**डाला( सोनभद्र )।** बाजार नगर पंचायत डाला बाजार के वार्ड नंबर छह स्थित कुड़दहवा छठ घाट पर शनिवार को दो युवकों की तत्परता और साहस से आठ वर्षीय मासूम की जान बच गई। युवकों की बहादुरी की क्षेत्र में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार, डाला की नई बस्ती निवासी नारायण का आठ वर्षीय पुत्र शिवम कुड़दहवा छठ घाट पर मौजूद था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। बच्चे को पानी में छटपटाते देख घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए वहां मौजूद स्थानीय युवक विनय सिंह और अवनीश पांडेय ने बिना देर किए गहरे पानी में छलांग लगा दी। दोनों युवकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना कड़ी मशक्कत के बाद शिवम को सुरक्षित पानी से बाहर निकाल लिया। दोनों युवकों की सूझबूझ, साहस और तत्परता ने एक परिवार की खुशियां उजड़ने से बचा लीं। मासूम की जान बचाने वाले इन युवकों को स्थानीय लोगों ने सराहनीय कदम बताते हुए उनकी बहादुरी की प्रशंसा की।

## रेलवे स्टेशन के सामने मिला युवक का शव

शक्तिनगर( सोनभद्र )। स्थानीय थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के सामने एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं मृतक की पहचान कराने के लिए पुलिस आमजन से सहयोग की अपील कर रही है। पुलिस ने बताया कि बीते 12 नवंबर को ग्राम पंचायत चिल्काटांड़ के ग्राम प्रधान हीरालाल ने थाना शक्तिनगर को रेलवे स्टेशन के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना दी थी। मृतक की उम्र करीब 36 वर्ष बताई जा रही है। उसने लाल रंग की हाफशर्ट एवं हरे रंग की हाफपैंट पहन रखी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### सीओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण

लिलासी(सोनभद्र)। छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सीओ दुद्धी प्रभाकर साहनी ने म्योरपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज के साथ म्योरपुर छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।सीओ ने छठ पूजा के दौरान व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। उन्होंने घाट पर भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने के निर्देश दिए।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया

पत्रांक–3872 /4ए — दिनांक– 05.11.2026

**ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1– इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई–टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा निविदा दिनाँक 19.11.2026 से दिनाँक 24.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनाँक 24.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वीकृति के प्रत्याश में विशेष मरम्मत का कार्य | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | हरदिया पुल से दयूबेल होते हुए महथापार तक मार्ग। | 33.00 | 3.30 | 945.00 | 2 Month | अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए,बी,सी डी |
| 2 | बलिया | बघुडी माल्दह बिहरा मार्ग। | 31.00 | 3.10 | 945.00 | 2 Month | | | | |
| 3 | बलिया | सिकन्दरपुर कठौड़ा से अम्बे0 ग्राम डूहा बिहरा। | 33.00 | 3.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4 | बलिया | पी0डब्लू0डी0 मार्ग से कटहरा होते हुए उचरांव। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | बलिया | रतसड एकईल मार्ग के किमी0 13 से टंडवा से सिहोरिया मुजहीं तक मार्ग। | 33.58 | 3.40 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | बलिया | पी0डब्लू0डी0 मार्ग से तिलौली उचरांव होते हुए बघुडी सम्पर्क मार्ग। | 23.00 | 2.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 7 | बलिया | भरथाय नहर से खटंगा सम्पर्क मार्ग। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.–260885
दिनांक–13.11.2006

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो०नि०वि०,जौनपुर

पत्रांक– /अ0अ0/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/वि0नि0/2026–27 — दिनांक– .11.2026

**ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आइटम दर के आधार पर दिनांक 20/11/2026 से दिनांक 28/11/2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड 28/11/2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार के प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यो द्वारा ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड मे क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारो की फाइनेन्सियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाईनेन्सियल बिडं उसी क्रम एंव समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0/ लॉट सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | ठेकेदार के वर्गीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत कार्य(स्वीकृति की प्रत्याशा में)। | | | | | | |
| 1 | बिरैली से समोधपुर मार्ग(अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।(05 वर्षीय अनुरक्षण सहित)। | 1035.60 | 20.71 | 10 माह | रू0 5590.00 | ए |
| 2 | जनपद जौनपुर में उसरा बाजार ऊदपुर घाटमपुर डडवा(अ0जि0मा0) मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।(05 वर्षीय अनुरक्षण सहित)। | 803.76 | 16.08 | 08 माह | रू0 5590.00 | ए |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 20.11.2026 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 28.11.2026 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 28.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- शासनादेश सं0–1/2018–3070/78/2–2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- शा0सं0–86/2026/649/2026/23–7099/106/2025 दिनांक 23 मई 2026 का अनुपालन ठेकेदारों द्वारा करना होगा।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
जौनपुर

(एस0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0
जौनपुर

उ.प्र.–260968, दिनांक–13.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


## घरसड़ी जवाहर नगर में स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी

### खंडहर में तब्दील हो रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**बीना( सोनभद्र )।** म्योरपुर ब्लाक के ग्राम घरसड़ी जवाहर नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। एनसीएल खड़िया परियोजना से 1980 के दशक में विस्थापित कर पुनर्वासित किए गए इस गांव में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा है। कभी ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित यह केंद्र आज अपनी बदहाली पर आंसू बहाता नजर आ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र का भवन धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। भवन की जर्जर स्थिति और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के चलते ग्रामीणों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र सुविधा के बजाय परेशानी का सबब बनता दिखाई दे रहा है। विडंबना यह है कि एनसीएल खड़िया परियोजना की ओर से सी एस आर के तहत क्षेत्र के विकास और जनकल्याण को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन विस्थापित गांव की बुनियादी स्वास्थ्य व्यवस्था की यह तस्वीर उन दावों की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि जब विस्थापित परिवारों के पुनर्वास और क्षेत्र के विकास की बात की जाती है, तो वर्षों से जर्जर पड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुध आखिर कौन लेगा? कौन है जिम्मेदार क्या ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग और परियोजना प्रबंधन की नहीं है।

### खेलकूद में प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

रेणुकूट(सोनभद्र)। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त सेंट एबीआर पब्लिक स्कूल में शनिवार को बाल दिवस के मौके पर अंतरविद्यालयीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मून स्टार इंग्लिश स्कूल म्योरपुर , सेंट मैरी स्कूल दुद्धी, डॉ. अंबेडकर इंटर कॉलेज रजमिलान, महिला मंडल स्कूल रेणुकूट और सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल ओबरा के बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी रवि सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## किताबों से बाहर भी है बचपन की दुनिया

### गांधी मैदान में प्रकाश जीनियस विद्यालय के बच्चों ने मनाया बाल दिवस

**ओबरा( सोनभद्र )।** बच्चों का बचपन केवल किताबों, कक्षाओं और परीक्षाओं तक सीमित नहीं होता। खेल के मैदान में दोस्तों के साथ हंसी-खुशी के पल बिताना, अपनी पसंद के खेल खेलना और स्वतंत्र रूप से आनंद लेना भी उनके व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी भावना को जीवंत करते हुए बाल दिवस के अवसर पर ओबरा नगर के सेक्टर-8 स्थित प्रकाश जीनियस विद्यालय के छात्र-छात्राओं को गांधी मैदान प्रांगण में खेलकूद और मनोरंजन के लिए लाया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर आयोजित इस गतिविधि में विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। मैदान में क्रिकेट और बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों से जुड़ी सामग्री के साथ बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार खेलने का अवसर मिला। विद्यालय की नियमित शैक्षणिक दिनचर्या से अलग यह समय बच्चों के लिए उमंग, उत्साह और सामूहिक आनंद का अवसर बना। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि विद्यालय के शिक्षक भी बच्चों के साथ मैदान में मौजूद रहे। प्रकाश जीनियस विद्यालय की ओर से पिछले कई वर्षों से बाल दिवस पर इस तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती रही हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित न रखते हुए उनके भीतर छिपी खेल भावना, रचनात्मकता और बचपन की सहज खुशियों को प्रोत्साहित करना है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित करना भी है। खेलकूद के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता और सामूहिकता की भावना विकसित होती है। ऐसे आयोजन शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच आत्मीय संबंधों को भी मजबूत बनाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आकाश सोनकर, सुधीर गुप्ता, मनीष उपाध्याय, रेनू राय एवं मृत्युंजय पांडेय उपस्थित रहे।बाल दिवस पर प्रकाश जीनियस विद्यालय की यह पहल इस संदेश को सामने लाती है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ उनके बचपन को खुलकर जीने, खेलने और मुस्कुराने के अवसर देना भी उतना ही आवश्यक है।

## लोक आस्था के महापर्व पर सज रहा ओबरा का रेणुका घाट

### १० हजार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एएसपी मेविस टाक और सीओ प्रभात राय ने संभाली व्यवस्थाएं, नगर पंचायत की एक महीने की मेहनत

**ओबरा( सोनभद्र )।** लोक आस्था, सूर्योपासना और प्रकृति के प्रति अगाध समर्पण का प्रतीक चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर सोनभद्र के ओबरा में उत्साह, आस्था और प्रशासनिक मुस्तैदी का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। रेणुका नदी के तट पर सजने वाला प्रमुख छठ घाट अपनी भव्यता और विशालता के लिए विशेष ख्याति रखता है। इस बार लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को ध्यान में रखते हुए जहां एक ओर नगर पंचायत प्रशासन ने युद्धस्तर पर व्यापक तैयारियां की हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पर्व को पूरी तरह सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से घाट का स्थलीय मुआयना किया। रेणुका नदी तट पर छठ महापर्व के आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर पंचायत ओबरा की टीम पिछले एक महीने से लगातार पसीना बहा रही है। संध्या अर्घ्य से लेकर पूरी रात और अगले दिन प्रात:कालीन अर्घ्य तक श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मार्ग और घाट परिसर में प्रकाश की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इस बार रेणुका नदी घाट पर लगाए गए विशाल और आकर्षक टेंट-पंडाल आयोजन की गरिमा को बढ़ा रहे हैं। गुलाबी और पीले रंगों से सुसज्जित इन पंडालों में व्रती महिलाओं के रात्रि विश्राम के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि ओस और ठंड के मौसम में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही शुद्ध पेयजल की निर्बाध उपलब्धता, निरंतर साफ-सफाई, महिलाओं के लिए विशेष चेंजिंग रूम और शौचालय तथा विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति से निपटने के लिए जनरेटर की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। प्रशासनिक व्यवस्थाओं के इसी क्रम में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जनपद की प्रथम महिला अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सुश्री मेविस टाक और क्षेत्राधिकारी (सीओ) ओबरा प्रभात राय ने भारी पुलिस बल के साथ रेणुका नदी घाट का औचक एवं विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने घाट पर पहुंचकर पार्किंग व्यवस्था से लेकर यातायात प्रबंधन, सुरक्षा के तौर-तरीकों और दिनभर के ड्यूटी चार्ट की बारीकी से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान नदी के जलस्तर, पानी की गहराई और सुरक्षा मानकों पर विशेष फोकस किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गहरे पानी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां स्पष्ट और मजबूत बैरिकेडिंग लगाई जाए, ताकि कोई भी श्रद्धालु अनजाने में खतरे की सीमा तक न पहुंचे। इसके अलावा पर्व के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर पार्किंग स्थलों का निर्धारण और रूट डायवर्जन की रूपरेखा तैयार की गई है, जिससे यातायात बाधित न हो और कानून-व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित बनी रहे। इस महाअभियान को धरातल पर उतारने में स्थानीय प्रशासन, पुलिस बल और जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय रही है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी स्वयं मैदान में डटकर स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं और टेंट-पंडाल, साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था की रोजाना समीक्षा कर रहे हैं। स्थानीय सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों और विभिन्न सेवा समितियों द्वारा पूरी रात श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क खाद्य एवं पेय पदार्थों चाय, नाश्ते से लेकर वेज बिरयानी, आलू दम और हलवा प्रसाद के वितरण की व्यवस्था की जा रही है। 15 नवंबर को जब हजारों की संख्या में श्रद्धालु रेणुका नदी के तट पर खड़े होकर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे, तो वह दृश्य ओबरा की सांस्कृतिक समृद्

# श्रद्धालुओं में ऊर्जा का संचार, नदी-सरोवर होंगे गुलजार

## अर्घ्यदान के लिए बेदी तैयार, रोशन किये गये घाट, बाजारों में लगा मेला, आज घाटों पर उमड़ेगा आस्थावानों का रेला

आजमगढ़। सूर्योपासना के महापर्व पर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्यदान

**डाला छठ**

### फलों, अन्य पूजा सामग्री के साथ कपड़े की दुकानों पर भी दिखी भीड़

रविवार को दिया जाएगा, लेकिन शनिवार को ही आस्थावानों में लग रहा था कि सूर्य की ऊर्जा का संचार हो गया हो। जिनके घरों में छठ पूजा नहीं होती वह लोग भी पड़ोसी के घर जाकर अपने हिस्से की जिम्मेदारी पूछ रहे थे। नदी, तालाब, पोखरे पर प्रकृति की सबसे बड़ी पूजा डाला छठ को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। पूजा सामानों की खरीदारी के लिए



शनिवार को बाजारों में मेला लगा रहा। फल के अलावा पूजा में प्रयोग होने वाले मिट्टी के बर्तन, सूप, दउरा और अन्य सामानों की दुकानों पर भीड़ रही, कपड़े की दुकानों पर लाल, पीली, हरी साड़ियों की जमकर खरीदारी की गई। मिन्नत के अनुसार नदी-सरोवर में गन्ने का मंडप बनाने की परंपरा के कारण लाल गन्ने से बाजार पटा रहा। उधर, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में नदी, सरोवर और तालाबों के घाटों पर साफ-सफाई के साथ अपनी-अपनी बेदी सुरक्षित करने में श्रद्धालुओं के स्वजन लगे रहे, तो कहीं अपनी बेदी पर शाम को दीप जलाकर छठ मइया का आह्वान किया गया। दूसरी ओर घरों में पूजा की तैयारी में जुटीं महिलाएं छठ मइया को समर्पित लोकगीत गुनगुना रहीं थीं।

### मुख्य चौक पर राह चलना मुश्किल

आजमगढ़। पर्व की तैयारियों के शनिवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की बाजारों में भारी भीड़ उमड़ी। शहर के मुख्य चौक क्षेत्र में दोपहर बाद भीड़ इतनी बढ़ गई कि दोपहिया वाहनों से भी आवागमन मुश्किल हो गया था। सड़क किनारे ठेले वालों के कब्जे के कारण बाजारों में जाम की स्थिति बनी रही।

### बरदह गांव के गंगा पोखरे की नहीं हुई सफाई

भीरा, आजमगढ़। बरदह गांव स्थित प्रसिद्ध गंगा पोखरे पर इस बार साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने खुद ही आगे आकर गंगा पोखरे पर बेदी बनाने और साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभाली। ग्रामीणों और उनके परिवार के सदस्यों ने अपने स्तर से जितना संभव हो सका, उतनी सफाई की। पोखरे के आसपास काफी गंदगी, जगह-जगह कांटेदार झाड़ियां, सरपत और पेड़-पौधे उग आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत करने पर केवल झाड़ू लगवाकर औपचारिकता पूरी कर दी गई, जबकि पोखरे की वास्तविक स्थिति को देखते हुए झाड़ियों की कटाई, सरपत की सफाई और पूरे घाट की समुचित व्यवस्था कराना आवश्यक था।



### रोज के दिनों में न दिखने वाले फलों की भी मांग

अतरौलिया, आजमगढ़। लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व डाला छठ को लेकर अतरौलिया बाजार में रौनक चरम पर रही। नगर के केसरी चौक पर फलों और पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। बाजार में पारंपरिक फलों के साथ देशी-विदेशी किस्मों के आकर्षक फल भी ग्राहकों को लुभा रहे थे। रोज के दिनों में न दिखने वाले फलों से भी बाजार पटा रहा। बाजार में रानी अनानास, थाईलैंड की लीची और लाल अंगूर विशेष आकर्षण बने हुए थे। केसरी चौक पर करीब 40 वर्षों से पुश्तैनी फल की दुकान लगा रहे सदर बाजार निवासी रामकुमार सोनकर ने बताया कि सामान्य अनानास की तुलना में अधिक मीठा होने के कारण रानी अनानास की मांग बढ़ी है। वहीं, थाईलैंड की लीची 20 रुपये पाव और ड्रैगन फ्रूट 80 रुपये प्रति पीस बिक रहा है। आम की कीमत 100 रुपये प्रति पीस है। इसके अलावा कच्चा बादाम, सेब, नारियल और केले के घौद की भी खूब मांग है। अतरौलिया निवासी सुजीत सोनकर ने बताया कि इस बार लाल अंगूर सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र है, जिसकी कीमत 250 रुपये पाव है। बाजार में आम की भी तीन किस्में उपलब्ध हैं।

### माहुल के तीन पोखरों पर दो सौ लोग मनायेंगे महापर्व

माहुल, आजमगढ़। लोक आस्था के महापर्व डाला छठ को लेकर माहुल नगर पंचायत में तैयारियां पूरी हो गई हैं। पोखरों पर साफ-सफाई से लेकर विद्युत व्यवस्था और श्रद्धालुओं के बैठने तक के इंतजाम किए गए हैं। शनिवार शाम तक विभिन्न घाटों पर करीब 200 बेदियां बनकर तैयार हो चुकी थीं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा ने बताया कि वार्ड नंबर तीन गांधी नगर स्थित सिद्धपीठ काली चौरा, वार्ड नंबर पांच सरदार वल्लभभाई पटेल नगर के केवटाना तथा वार्ड नंबर 11 में पॉलिटेक्निक स्कूल के समीप स्थित पोखरे पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। इन सभी स्थानों पर नगर पंचायत की ओर से साफ-सफाई, विद्युत प्रकाश, चूने का छिड़काव, कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम और श्रद्धालुओं के बैठने के लिए पंडाल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही माइक और साउंड सिस्टम तथा पोखरों में स्वच्छ जल भराव का भी इंतजाम किया गया है। घाटों पर व्रती महिलाओं और उनके परिजनों की चहल-पहल बढ़ गई है।

### घाटों पर खोया-पाया केंद्र, पुलिस सहायता बूथ स्थापित

आजमगढ़। छठ पूजा पर उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस की ओर से समस्त छठ घाटों पर खोया-पाया केंद्र एवं पुलिस सहायता बूथ स्थापित किया गया है। छठ पूजा के दौरान किसी व्यक्ति के बिछड़ने अथवा किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर श्रद्धालुओं को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त साउंड सिस्टम के माध्यम से सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों एवं जागरूकता संदेशों का लगातार प्रसारण कराया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में छठ पूजा संपन्न कर सकें।

## लालगंज में बाल दिवस पर छठ पूजा की प्रस्तुति में परंपरा की झलक

लालगंज, आजमगढ़। नगर के प्रमुख स्कूलों में बाल दिवस पर छठ पूजा की प्रस्तुति में परंपरा की झलक

**सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल में याद किये गये नेहरू चाचा**




देखने को मिली। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में उत्सव का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुशांत चंद्रा जायसवाल, प्रधानाध्यापिका सपना शर्मा, समन्वयक नीलम राय एवं प्रतिमा घाले ने दीप प्रज्वलन और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके किया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान पूरे प्रांगण में छठ पूजा की सुंदर और जीवंत थीम को दर्शाया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। सुशांत चंद्रा जायसवाल ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, किरण सिंह, सानिया शेख, ज्ञान प्रकाश चौहान, सीमा सिंह, प्रवीण शुक्ला आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने प्रार्थना, नृत्य, गायन एवं नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों को स्नेहाशीष दिया। शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। इसके साथ ही छठ पर्व के शुभारंभ के अवसर पर बच्चों द्वारा छठ पूजा एवं इस पर्व के नहत्व की सुंदर प्रस्तुति भी दी गई। छोटे बच्चों के लिए साझा दौड़,जलेबी खाने की प्रतियागीता एवं बोरी दौड़ जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं बड़े बच्चों ने कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विजेता टीमों एवं प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन में निदेशक सुशांत चंद्रा, प्रबंधक पिंटू जायसवाल, प्राचार्य डॉ. आशुतोष तिवारी, कोऑर्डिनेटर अखिलेश पाठक, खेल शिक्षक सुनील यादव का विशेष योगदान रहा।

## अग्निवीर भर्ती के नाम पर ठगी करने वाला गैंग लीडर गिरफ्तार

अतरौलिया, आजमगढ़। थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार दूबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को गैंगस्टर एक्ट में वांछित गैंग लीडर को गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महरुपुर अंडरपास के समीप घेराबंदी कर आरोपी तेजापुर निवासी मनोज यादव को दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, मनोज यादव एक संगठित गिरोह का सरगना है। उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर अग्निवीर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर क्षेत्र के दो युवकों से ढाई-ढाई लाख रुपये ऑनलाइन ठग लिए थे। आरोपियों ने पीड़ितों को फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया था और रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। आरोपी के खिलाफ आजमगढ़ व अंबेडकरनगर जिले के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के कुल सात मुकदमे दर्ज हैं।

## डाक विभाग में चार को लगेगी पेंशन अदालत

आजमगढ़। भारतीय डाक विभाग द्वारा पेंशनरों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 4 दिसंबर को प्रधान डाकघर परिसर में पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रवर अधीक्षक डाकघर ने बताया कि आजमगढ़ एवं मऊ जनपद के डाकघरों से जुड़े पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर अपनी पेंशन संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए पेंशन अदालत में आवेदन कर सकते हैं।

## सीएचसी में ३० वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की शुगर जांच

अतरौलिया, आजमगढ़। विश्व मधुमेह दिवस पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को डायबिटीज के प्रति सचेत किया गया। अधीक्षक डा. शिवाजी सिंह के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की शुगर जांच पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही लोगों को मधुमेह के लक्षण, उससे होने वाले गंभीर नुकसान और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

अधीक्षक ने बताया कि मधुमेह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें शुरुआती दौर में अक्सर स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते। इसी वजह से इसे छिपी हुई बीमारी भी कहा जाता है। कई बार लोगों को बीमारी का पता तब चलता है, जब इसका असर शरीर के महत्वपूर्ण अंगों पर पड़ने लगता है। उन्होंने कहा कि बार-बार पेशाब आना, अधिक प्यास



लगना, सामान्य से ज्यादा भूख लगना और बिना किसी कारण तेजी से वजन कम होना मधुमेह के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल शुगर की जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सीएचसी में मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच की जा रही है। इसके लिए अस्पताल में विशेष चिकित्सकों की तैनाती की गई है और प्रतिदिन एनसीडी ओपीडी संचालित होती है। अभियान के तहत 30 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से शुगर और रक्तचाप की जांच कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डा. सिंह ने बताया कि लंबे समय तक अनियंत्रित रहने वाला मधुमेह किडनी और हृदय सहित शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से वृद्ध की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के समेदा वर्कशॉप के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मोपेड सवार सुर्ती

**सिधारी क्षेत्र के समेदा वर्कशॉप के पास हुआ हादसा, परिवार में कोहराम**

विक्रेता की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जहानागंज थाना क्षेत्र के बसगित गांव निवासी 65 वर्षीय रामकेवल यादव सुर्ती बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। दोपहर में वह बाजार से मोपेड से घर लौट रहे थे। पोस्टमार्टम हाउस आए लोगों के अनुसार समेदा वर्कशॉप के पास पहुंचने पर उन्होंने मोपेड सड़क किनारे खड़ी कर दी और सड़क पार करने से पहले वाहनों के गुजरने का इंतजार करने लगे। इसी दौरान जहानागंज थाना क्षेत्र के बरही गांव निवासी 35 वर्षीय सिंटू बाइक लेकर पहुंचा और बाइक रामकेवल से टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर इटौरा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां उपचार के दौरान रामकेवल यादव की मौत हो गई, जबकि सिंटू की गंभीर हालत देखते हुए डाक्टर ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। रामकेवल की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक के दो बेटे और दो बेटियां हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल 28 वर्षीय राजकुमार की पीजीआई चक्रपानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए।

## मड़ुआ की रोटी खाने से एक ही परिवार के आठ बीमार, दो की हालत गंभीर

मार्टीनगंज, आजमगढ़। तहसील क्षेत्र के गोठाव गांव में शुक्रवार की रात मड़ुआ के आटे की रोटी खाने से एक ही परिवार के आठ लोगों की तबीयत बिगड़ गई। शनिवार तड़के करीब तीन बजे परिवार के सदस्यों को उल्टी होने लगी और उनके पूरे शरीर में कंपन शुरू हो गया। आनन-फानन में पड़ोसियों और ग्रामीणों की मदद से सभी को सिसवारा स्थित आरके फार्मा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद छह लोगों की हालत में सुधार होने पर उन्हें घर भेज दिया गया, जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई थी। जानकारी के अनुसार गोठाव गांव निवासी रामचरण मौर्य सरकारी बीज गोदाम गंभीरपुर से खेत में बोआई के लिए मड़ुआ का बीज लेकर आए थे। बोआई के बाद कुछ बीज बच गया था। परिवार के लोगों ने उसी बचे हुए बीज को पिसवाकर आटा बनवा लिया और शुक्रवार की रात करीब नौ से दस बजे के बीच उसकी रोटी बनाकर खाई। रात में सभी सामान्य थे, लेकिन शनिवार तड़के करीब तीन बजे अचानक परिवार के सदस्यों की तबीयत बिगड़ने लगी। रोटी खाने वालों में 65 वर्षीय रामचरण मौर्य, उनकी पत्नी 60 वर्षीय रंजना मौर्य, पुत्र 45 वर्षीय हरेंद्र मौर्य व उनकी पत्नी, 13 वर्षीय पुत्र दिव्यांश, 18 वर्षीय पुत्री जया, 55 वर्षीय सुमित्रा व 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला शामिल हैं। रामचरण मौर्य और सुमित्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल है।

### वोटरों का नाम सूची में शामिल करायें कार्यकर्ता

आजमगढ़। भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में आयोजित जिला कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य तथा जिला प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह और गौरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय मौजूद रहे। इस दौरान अभियान की रूपरेखा, आगामी विधानसभा चुनाव, आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत युवा एवं छूटे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए सभी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों को सक्रियता से जुटने का आह्वान किया गया। कार्यशाला में विधानसभा प्रभारीगण, विधानसभा संयोजकगण, जिला मतदाता सूची प्रमुख, आईटी संयोजक एवं विस्तारकगण उपस्थित रहे।

## जनगणना देश के विकास की भावी योजनाओं का आधार- एडीएम



आजमगढ़। जनगणना-2027 के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने एवं अधिकाधिक लोगों की स्वगणना में सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को हरिऔध कला केंद्र में एनसीसी कैडेट्स के लिए स्वगणना संबंधी प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एडीएम वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी राजीव कुमार शुक्ला ने एनसीसी कैडेटों को जनगणना के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश के विकास की भावी योजनाओं का आधार है। उन्होंने कैडेटों से आह्वान किया कि वे स्वयं स्वगणना की प्रक्रिया को समझें तथा अपने परिवार, आसपास के लोगों और समाज के अन्य वर्गों को भी इसके लिए जागरूक करें। बताया गया कि स्वगणना की सुविधा 16 से 30 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी। इसके लिए पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य करेंगे। कैडेटों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया और जनगणना में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर ई. कुलभूषण सिंह, मास्टर ट्रेनर अरविंद कुमार यादव, सैमुल्लाह अंसारी एवं मनीष कुमार चौहान ने कैडेटों को स्वगणना की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्हें स्वगणना पोर्टल पर लागिन करने, मोबाइल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज करने तथा स्वगणना की प्रक्रिया पूर्ण करने के विभिन्न चरणों की जानकारी दी गई।

# याद किये गये चाचा नेहरू, बच्चों ने खेलकूद संग लगाये विविध स्टाल

## दुकानदार बने छात्र, अतिथियों संग सभी ने लिया बाल मेले का आनंद, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल एलवल, आरएस कान्वेंट स्कूल में दिखा उत्साह

आजमगढ़। बाल दिवस पर विभिन्न स्कूलों में चाचा नेहरू को याद करने के साथ मेले व खेलकूद का आयोजन किया गया। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, एलवल में शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रशांत चंद्रा, आवासीय प्रबंधक प्रद्युम्न जायसवाल एवं अनिरुद्ध जायसवाल, प्रधानाचार्य विनय पाण्डेय, उप-प्रधानाचार्य संजय कुमार पाण्डेय, को-ऑर्डिनेटर धीरेन्द्र भारद्वाज, आराधना राय एवं मोना सिंह ने चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। विभिन्न प्रकार के खेलों एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने भी बच्चों के लिए विशेष प्रस्तुतियां देकर इस दिन को यादगार बनाया। अंत में बच्चों को मिठाइयां वितरित की गईं। इसी क्रम में नगर पालिका स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में खेलकूद एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धनंजय पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका सोनी की अध्यक्षता में बाल दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मनीष रत्न अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बच्चों में फल एवं स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों और गेम्स के स्टॉल लगाए। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी कौशल का प्रदर्शन किया।

**अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार**-नगर क्षेत्र के आरएस कॉन्वेंट स्कूल परिसर में बाल मेले में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन किया। बच्चों ने न केवल खुद व्यंजन तैयार किए, बल्कि दुकानदार और ग्राहक की भूमिका निभाते हुए बिक्री का अनुभव भी प्राप्त किया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पहुंचे अभिभावकों और शिक्षकों ने जमकर खरीदारी की। इससे विद्यालय परिसर पूरे दिन मेले की रौनक से गुलजार रहा। विद्यालय प्रबंधक राणा लाखन सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के आकर्षक स्टॉल सजाए। मेले में पहुंचे अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद चखा और खरीदारी कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर प्रबंधक राणा लखन सिंह ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से विशेष स्नेह करते थे।

उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किताबी शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान भी जरूरी है। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और स्वावलंबन की भावना विकसित होती है। बाजार से कच्चा माल खरीदने से लेकर व्यंजन तैयार करने और उनकी बिक्री करने तक की प्रक्रिया बच्चों को जीवन के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराती है। उन्होंने बच्चों को महापुरुषों की जीवनियों का अध्ययन करने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य वीके त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य एसआर मौर्य, अभिषेक कुमार सिंह, पवन निषाद, राहुल मिश्रा, भूपेंद्र शुक्ला, अभिषेक पांडेय, जनार्दन, प्रिया, बृजेश तिवारी, संतोष, विकास, नेहा सिंह, अंशिका सिंह, दीपक मिश्रा, सौरभ सैनी, आलोक श्रीवास्तव, अमन दुबे और आदित्य तिवारी का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य रितु सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया

पत्रांक–3872 /4ए — दिनांक– 05.11.2026

**ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1– इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई–टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा निविदा दिनाँक 19.11.2026 से दिनाँक 24.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनाँक 24.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र० स० | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वीकृति के प्रत्याश में विशेष मरम्मत का कार्य | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | हरदिया पुल से ट्यूबवेल होते हुए महथापार तक मार्ग। | 33.00 | 3.30 | 945.00 | 2 Month | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0 , बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए बी सी डी |
| 2 | बलिया | बघुडी माल्दह बिहरा मार्ग। | 31.00 | 3.10 | 945.00 | 2 Month | | | | |
| 3 | बलिया | सिकन्दरपुर कठौड़ा से अम्बे0 ग्राम डूहा बिहरा। | 33.00 | 3.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4 | बलिया | पी0डब्लू0डी0 मार्ग से कटहरा होते हुए उचरांव। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | बलिया | रतसड एकईल मार्ग के किमी0 13 से टंडवा से सिहोरिया मुजहीं तक मार्ग। | 33.58 | 3.40 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | बलिया | पी0डब्लू0डी0 मार्ग से तिलौली उचरांव होते हुए बघुडी सम्पर्क मार्ग। | 23.00 | 2.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 7 | बलिया | भरथाय नहर से खटंगा सम्पर्क मार्ग। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०,
बलिया

उ.प्र.–260885
दिनांक–13.11.2006

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो०नि०वि०,जौनपुर

पत्रांक– /अ0अ0/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/वि0नि0/2026–27 — दिनांक– .11.2026

**ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आइटम दर के आधार पर दिनांक 20/11/2026 से दिनांक 28/11/2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड 28/11/2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार के प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यो द्वारा ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड मे क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारो की फाइनेन्सियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एव फाईनेन्सियल बिड उसी क्रम एंव समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र० सं०/ लॉट नं० | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू० में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू० में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत कार्य(स्वीकृति की प्रत्याशा में)। | | | | | | |
| 1 | बिरेती से समोधपुर मार्ग(अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।(05 वर्षीय अनुरक्षण सहित)। | 1035.60 | 20.71 | 10 माह | रू0 5590.00 | ए |
| 2 | जनपद जौनपुर में उसरा बाजार ऊदपुर घाटमपुर उडवा(अ0जि0मा0) मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।(05 वर्षीय अनुरक्षण सहित)। | 803.76 | 16.08 | 08 माह | रू0 5590.00 | ए |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 20.11.2026 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 28.11.2026 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 28.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- शासनादेश सं0–1/2018–3070/78/2–2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- शा0सं0–86/2026/649/2026/23–7099/106/2025 दिनांक 23 मई 2026 का अनुपालन ठेकेदारों द्वारा

# छठ महापर्व : आज सूर्य को प्रथम अर्घ्य देंगी व्रती महिलाएं

## २० हजार से अधिक दुकानें सजीं, ३२०० पुलिस कर्मियों की होगी तैनाती



बलिया। छठ महापर्व को लेकर शुक्रवार को महिलाओं ने नहाय-खाय के साथ व्रत का शुभारंभ किया। शनिवार को व्रती दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को खरना करेंगी। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। पर्व को लेकर शहर से लेकर गांव तक तैयारियां तेज हो गई हैं। सरोवरों और नदी घाटों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। पूरे जनपद में 20 हजार से अधिक दुकानें सजी हैं। इनमें सब्जी विक्रेताओं सहित अन्य व्यवसायियों की दुकानें शामिल हैं। हर तरफ छठ के पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। नगर पालिका की ओर से टाउनहाल, रामलीला मैदान, शनिचरी मंदिर और महावीर घाट की साफ-सफाई कर सजावट की गई है। इसके अलावा लाल घाट, बहादुरपुर, निधरिया, अगरसंडा और मिड्ढा के घाटों को भी सजाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भरौली, उजियार, मझौवा, पचरूखिया, सिताबदियारा के गंगा व सरयू घाट और भागड़ नाला घाट पर समितियों व ग्राम प्रधानों की ओर से इंतजाम किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारियों को छठ घाटों पर गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नदी और तालाबों पर व्रतियों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ पुलिस को लगातार गश्त करने को कहा गया है। छठ पर्व पर सुरक्षा के लिए जिले के 1172 घाटों पर 3200 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पूरे जनपद को छह जोन और 22 सेक्टरों में बांटा गया है। घाटों पर तीन शिफ्टों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम और सीओ को सौंपी गई है। सुबह से देर रात तक घाटों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। **बांसडीह।** लोक आस्था के महापर्व छठ बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के 56 घाटों पर होगा। छठ पूजा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह 'बब्लू' ने बताया कि कस्बे में कुल 16 स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन होगा। सभी पोखरा व घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और पानी की समुचित व्यवस्था कराई जा रही है। पूजा के लिए बेदी बनाने के उद्देश्य से पर्याप्त मात्रा में मिट्टी गिरवाई जा रही है। घाटों को आकर्षक ढंग से सजाने का कार्य भी कराया जा रहा है। **बैरिया।** लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ की तैयारियां अब घरों से लेकर बाजारों तक दिखाई देने लगी हैं। रानीगंज,बैरिया सहित क्षेत्र के विभिन्न छोटे-बड़े बाजारों में छठ पूजा की सामग्री की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। बाजारों में पूजन सामग्री,बांस से बने सूप, दउरा, डाला, नारियल,गन्ना,मौसमी फल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी जोरों पर है। पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है और दुकानदार भी ग्राहकों की भीड़ से उत्साहित हैं। वहीं घरों में छठ व्रती महिलाएं पूरी श्रद्धा,निष्ठा और पवित्रता के साथ पर्व की तैयारियों में जुट गई हैं। **दुबहड़।** महापर्व छठ के अवसर पर ग्राम पंचायत उग्रसेनपुर (ओझा कछुआ) निवासी समाजसेवी गंगासागर मिश्रा ने शनिवार को अपने आवास पर सैकड़ों जरूरतमंद एवं व्रती परिवारों के बीच छठ पूजा की सामग्री वितरित की। धरीक्षन मिश्रा, पशुपति मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, किशोर पांडेय, बृजेश मिश्रा, शिवकुमार राम, भरत राजभर, राजेंद्र धोबी, देयू यादव आदि उपस्थित रहे।

## छठ पर्व की तैयारियों की डीएम-एसपी ने परखी व्यवस्था

बलिया। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने विकासखंड सोहाव के अंतर्गत बड़काखेत घाट एवं माल्देपुर घाट का औचक



निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने दोनों घाटों का भ्रमण कर छठ पूजा की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाटों पर छठ पूजा करने आने वाली महिलाओं एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ ही साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तत्परता से निर्वहन करें और घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर लें। वहीं, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जनपद के विभिन्न छठ घाटों का लगातार भ्रमण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। प्रशासन की ओर से पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाओं पर विशेष नजर रखी जा रही है।

# नदी में रील बनाने के दौरान दो युवक डूबे

## सूचना मिलते ही जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा मौके पर पहुंचे



फेफना (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के माल्देपुर गंगा घाट पर शनिवार की शाम रील बनाने के चक्कर में दो युवक गंगा में डूब गए। घटना की जानकारी होते ही घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर युवकों की तलाश में जुट गए। जानकारी के अनुसार, मारुति नंदन पुत्र नारायण नंदन गुप्ता (19) निवासी नगर कोतवाली, चित्तू पांडेय चौराहा तथा रौनक श्रीवास्तव पुत्र आनंद श्रीवास्तव (20) निवासी जगदीशपुर पानी टंकी बताए जा रहे हैं। दोनों युवक गंगा घाट पर गंगाजल भरकर डिब्बे को किनारे रखने के बाद रील बनाने लगे। इसी दौरान गहरे पानी में जाने के कारण दोनों डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा, उपजिलाधिकारी बलिया तथा क्षेत्राधिकारी अक्षय कुमार तथा फेफना थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय सहित पुलिस और अन्य अधिकारी पहुंच गए। युवकों की तलाश को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही थी। हादसे की जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि दोनों युवकों की तलाश की जा रही है।

## हथियार दिखाकर युवक को कार में बैठाया, पीटा

भीमपुरा (बलिया)। नगरा थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और जबरन कार में बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित अभिषेक राजभर ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर रोशन राजभर व उसके अन्य साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 13 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे अभिषेक राजभर अपने मित्र आदर्श यादव के साथ घर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में देवदरीया पुल के पास रोशन राजभर अपने कुछ अन्य साथियों के साथ राइडर मोटरसाइकिल और कार से पहुंचा। आरोपितों ने उनकी गाड़ी रोककर असलहा दिखाते हुए डराया-धमकाया।

## जमीन पर कब्जे के विरोध में मारपीट, छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

बैरिया (बलिया)। थाना क्षेत्र के चांददियर गांव में जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर मारपीट करने और मकान की चहारदीवारी तोड़ने के मामले में न्यायालय के आदेश पर बैरिया पुलिस ने शुक्रवार को छह लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। बकुल्हां निवासी अरविंद कुमार यादव ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि चांददियर मौजा स्थित गाटा संख्या 1709 के मकान और सहन को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। इस संबंध में सिविल न्यायालय में भी मुकदमा विचाराधीन है। आरोप है कि बीते 29 अगस्त की शाम उपेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, पंचदेव यादव, पुन्नगन उर्फ राजाराम यादव, जगदीश उर्फ सत्यदेव यादव, अरविंद यादव, संजीत यादव और धर्मेंद्र उर्फ भिखारी यादव सहित अन्य लोग विवादित जमीन पर जबरन कब्जा करने की नीयत से पहुंचे।विरोध करने पर आरोपितों ने अरविंद कुमार यादव के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर राजकिशोर यादव,संतोष यादव और हरिविशुन यादव सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की गई।

# देवकली में २.४० करोड़ की लागत से बने पीएचसी भवन का लोकार्पण

## ३० हजार आबादी को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा



बलिया। हनुमानगंज ब्लॉक के देवकली गांव (हरपुर महावल खुर्द) में शनिवार को स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक बड़ी सौगात मिली। यहां लगभग 2.40 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के भवन का लोकार्पण शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार ने किया। इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र की करीब 30 हजार आबादी को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। पीएचसी के निर्माण में प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की महत्वपूर्ण पहल और प्रयासों की अहम भूमिका रही है। लगभग 240.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस चिकित्सालय भवन का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ की ओर से करीब दो वर्षों में पूरा कराया गया है। डेढ़ बीघा क्षेत्रफल में फैले इस परिसर में मुख्य चिकित्सा भवन के साथ चिकित्साधिकारी और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए आवासीय भवन भी बनाए गए हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करते हुए 94 प्रकार की दवाओं की उपलब्धता, 14 प्रकार की जांच और सामान्य ओपीडी की सुविधा सुनिश्चित की गई है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा कि नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से आसपास के गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि देवकली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सौगात है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आलोक कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अभय नारायण राय, यूपीआरएनएसएस के अधिशासी अभियंता सुनील सिंह चंदेल, वीरेंद्र कुमार उर्फ टूनजी पाठक, महावीर पाठक, धर्मेंद्र सिंह, अमरनाथ राय, श्वेता राय, रत्नाकर राय आदि मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अरविंद चौधरी, डॉ. अभिषेक मिश्रा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेंद्र, राजशेखर तथा देवकली की ग्राम प्रधान अंजली राय आदि मौजूद रहीं।

## छठ पर घर लौटने की जद्दोजहद, ट्रेनों में तिल रखने की भी जगह नहीं

बैरिया (बलिया)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा पर अपने परिवार के बीच पहुंचकर व्रत और पूजा में शामिल होने की चाह लेकर परदेश से घर लौट रहे लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। रेलवे की ओर से चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनें यात्रियों की भारी भीड़ के सामने नाकाफी साबित हो रही हैं। वहीं नियमित ट्रेनों में भीड़ का आलम यह है कि जनरल कोच तो दूर,स्लीपर और आरक्षित कोचों में भी यात्रियों को बैठने तक की जगह नहीं मिल रही है। ऐसे में लंबी दूरी का सफर लोगों के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं रह गया है। ट्रेनों में क्षमता से कई गुना अधिक यात्रियों के सवार होने के कारण लोगों को शौचालय, गेट और कोच के गलियारों में खड़े होकर यात्रा करनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को उठानी पड़ रही है। त्योहार पर घर पहुंचने की मजबूरी में लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को विवश हैं। चेन्नई से छपरा जाने वाली गंगा-कावेरी एक्सप्रेस से शनिवार को अपने गांव रानीगंज पहुंचे रामप्रसाद ने बताया कि उन्होंने 48 घंटे की यात्रा ट्रेन के शौचालय में बैठकर पूरी की। ट्रेन में इतनी भीड़ थी कि जनरल कोच की बात तो दूर, स्लीपर कोच में भी पैर रखने तक की जगह नहीं थी। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह घर पहुंच सके। उन्होंने बताया कि छठ पर्व पर अपनों के बीच पहुंचने की चाह में इतनी कठिन यात्रा करनी पड़ी। इसी तरह सूरत से थावे जाने वाली ताप्ती गंगा एक्सप्रेस से शनिवार को अपने गांव बैरिया पहुंचे अमरेश यादव ने बताया कि उन्होंने 36 घंटे की यात्रा ट्रेन के गेट पर खड़े होकर पूरी की।सफर के दौरान हर पल जान जोखिम में होने का एहसास हो रहा था।जनरल कोच में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। उन्होंने कहा कि छठी मईया की कृपा से सुरक्षित अपने गांव पहुंच गए। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से छठ पर्व के दौरान अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन,कोचों की संख्या बढ़ाने तथा आरपीएफ और जीआरपी की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है।

## संगीत में प्रवेश की अंतिम तिथि १८ नवंबर

बलिया। श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया में स्थित' प्रयाग संगीत समिति' प्रयागराज से संबद्ध 'संगीत अध्ययन केंद्र' के गायन, वादन एवं नृत्य विषय में प्रवेश अंतिम तिथि बढ़कर 18 नवंबर हो गई है। ज्ञातव्य हो कि उक्त विषय में 5 वर्ष से ऊपर किसी भी आयु वर्ग का इच्छुक व्यक्ति किसी अन्य संस्थान में अध्ययनरत एवं कार्यरत रहते हुए भी प्रवेश ले सकता है। इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय के संगीत विभाग में दोपहर 12:00 बजे से 2:30 के मध्य संपर्क कर प्रवेश ले सकता


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया

पत्रांक–3872 /4ए दिनांक– 05.11.2026

**ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1– इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई–टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा निविदा दिनाँक 19.11.2026 से दिनाँक 24.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनाँक 24.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वीकृति के प्रत्याश में विशेष मरम्मत का कार्य | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | हरदिया पुल से ट्यूबवेल होते हुए महथाघार तक मार्ग। | 33.00 | 3.30 | 945.00 | 2 Month | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए बी सी डी |
| 2 | बलिया | बघुडी माल्दह बिहरा मार्ग। | 31.00 | 3.10 | 945.00 | 2 Month | | | | |
| 3 | बलिया | सिकन्दरपुर कठौड़ा से अम्बे0 ग्राम डूहा बिहरा। | 33.00 | 3.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4 | बलिया | पी0डब्लू0डी0 मार्ग से कटहरा होते हुए उचरांव। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | बलिया | रतसड एकईल मार्ग के किमी0 13 से टंडवा से सिहोरिया मुजहीं तक मार्ग। | 33.58 | 3.40 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | बलिया | पी0डब्लू0डी0 मार्ग से तिलौली उचरांव होते हुए बघुडी सम्पर्क मार्ग। | 23.00 | 2.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 7 | बलिया | भरथाय नहर से खटंगा सम्पर्क मार्ग। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया

उ.प्र.–260885
दिनांक–13.11.2006

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो०नि०वि०,जौनपुर

पत्रांक– /अ0अ0/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/वि0नि0/2026–27 दिनांक– .11.2026

**ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आइटम दर के आधार पर दिनांक 20/11/2026 से दिनांक 28/11/2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड 28/11/2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार के प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यो द्वारा ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड मे क्वालीफाइड पाये गये ठेकेदारो की फाइनेन्सियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एव फाईनेन्सियल बिड उसी क्रम एंव समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 स0/ लॉट स0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत कार्य(स्वीकृति की प्रत्याशा में)। | | | | | | |
| 1 | बिरेती से समाधपुर मार्ग(अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।(05 वर्षीय अनुरक्षण सहित)। | 1035.60 | 20.71 | 10 माह | रू0 5590.00 | ए |
| 2 | जनपद जौनपुर में उसरा बाजार ऊदपुर घाटमपुर डउवा(अ0जि0मा0) मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।(05 वर्षीय अनुरक्षण सहित)। | 803.76 | 16.08 | 08 माह | रू0 5590.00 | ए |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 20.11.2026 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 28.11.2026 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 28.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- शासनादेश सं0–1/2018–3070/78/2–2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- शा0सं0–86/2026/649/2026/23–7099/106/2025 दिनांक 23 मई 2026 का अनुपालन ठेकेदारों द्वारा करना होगा।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
जौनपुर

(एस0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0
जौनपुर

उ.प्र.–260968, दिनांक–13.11.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


# सेवानिवृत्त लेक्चरर श्रीचंद अग्रवाल का निधन, क्षेत्र में शोक



बलिया। श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त लेक्चरर श्रीचंद अग्रवाल (90) का 13 नवंबर की देर शाम निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षा जगत, सामाजिक क्षेत्र और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन से परिवार सहित परिचितों और चाहने वालों में गहरा दुख व्याप्त है। श्रीचंद अग्रवाल अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके परिवार में पुत्र, पुत्रियां, नाती, पोते और प्रपौत्र-प्रपौत्रियां हैं। उनके बड़े पुत्र ईश्वरनश्री पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जबकि छोटे पुत्र परमेश्वरश्री अग्रवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बलिया नगर के नगर संघचालक हैं। वह व्यवसायी होने के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। श्रीचंद अग्रवाल की अंतिम यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उनके छोटे पुत्र परमेश्वर श्री अग्रवाल ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार शहर के महावीर घाट स्थित मुक्तिधाम पर संपन्न हुआ।

## ट्यूमर पीड़ित की मदद को आगे आए सूर्यभान सिंह

बैरिया (बलिया)। क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी ट्यूमर से पीड़ित मुन्ना कुमार गोंड की मदद के लिए समाजसेवी एवं भाजपा नेता सूर्यभान सिंह आगे आए हैं। शुक्रवार की शाम उन्होंने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही भरोसा दिलाया कि मुन्ना का समुचित इलाज अपने खर्च पर कराएंगे। उल्लेखनीय है कि ट्यूमर से पीड़ित मुन्ना गोंड के इलाज के दौरान चिकित्सकों को उनका बायां हाथ काटकर अलग करना पड़ा है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिजन उनका समुचित इलाज कराने में असमर्थ थे। ऐसे कठिन समय में सूर्यभान सिंह ने मदद का हाथ बढ़ाकर पीड़ित परिवार को राहत दी है। परिजनों के अनुसार, सूर्यभान सिंह की आर्थिक मदद से मुन्ना का इलाज दोबारा शुरू हो सका है।

# यूट्यूबर की अभद्र टिप्पणी से नाराज ज्योति सिंह पहुंचीं एसपी कार्यालय

बलिया। भोजपुरी अभिनेता एवं बिहार विधान परिषद सदस्य पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर बिहार के एक यूट्यूबर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि यूट्यूबर ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। ज्योति सिंह ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। दरअसल, पवन सिंह और ज्योति सिंह के बीच भरण-पोषण को लेकर बलिया परिवार न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। बृहस्पतिवार को इस मामले में सुनवाई के दौरान ज्योति सिंह का बयान दर्ज किया गया था। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई, जिसे देखने के बाद शुक्रवार को वह एसपी कार्यालय पहुंचीं और अपनी शिकायत दर्ज कराई। ज्योति सिंह ने आरोप लगाया कि पवन सिंह की ओर से लगातार उनका उत्पीड़न कराया जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी को भी इसी से जोड़ते हुए इसके पीछे पवन सिंह का हाथ होने की आशंका जताई। हालांकि, इस संबंध में उन्होंने कोई ठोस साक्ष्य सार्वजनिक नहीं किया। मीडिया के सवालों पर उन्होंने कहा कि फिलहाल वह इस मामले में कुछ नहीं कहना चाहतीं। उन्होंने मानसिक रूप से परेशान किए जाने का आरोप भी लगाया। एएसपी दक्षिणी संजय वर्मा ने बताया कि बिहार निवासी एक यूट्यूबर के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी किए जाने की शिकायत मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव, विजेता हुए पुरस्कृत



बलिया। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव में रतसड़ क्लस्टर के विजेताओं को शनिवार को पुरस्कृत किया गया। रतसड़ इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि चीनी मिल के डायरेक्टर व पूर्व चेयरमैन कमलेश सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। खेल महोत्सव के आयोजक पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने मुख्य अतिथि समेत सभी आगंतुकों का स्वागत किया। साथ ही रतसड़ क्लस्टर के विजेताओं को नरही में 26 से 30 नवंबर तक आयोजित ग्रैंड फाइनल के लिए आमंत्रित किया। कबड्डी सब जूनियर बालक के फाइनल में उच्च प्राथमिक विद्यालय निहालपुर ने आईपीएस कॉन्वेंट स्कूल को 22-13 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। जूनियर बालिका कबड्डी में रतसड़ इंटर कॉलेज ने शिवजी इंटर कॉलेज को 28-21 से एवं जूनियर बालक कबड्डी में टीम शिवम एकादश ने बंगला बदनपुरा को बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में 15-13 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। जूनियर बालक क्रिकेट में सरस्वती भवन, रतसड़ ने अमडरिया क्रिकेट क्लब को खिताबी मुकाबले में 11 रन से पराजित किया, वहीं सीनियर बालक क्रिकेट में पंचखोरा क्रिकेट क्लब को चार विकेट से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। बालिका रस्सा कस्सी के फाइनल में शिवजी इंटर कॉलेज ने रतसड़ इंटर कॉलेज को पराजित कर खिताब कर कब्जा जमाया। वहीं जूनियर बालक रस्सा कस्सी में शिवम एकादश ने शिवजी सिंह इंटर कॉलेज को पराजित किया। जूनियर बालक फुटबॉल में नादौली ने तपनी को 4-1 से पराजित किया।

## थाना दिवस पर ११ राजस्व संबंधित आए मामले

फेफना (बलिया)। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 11 राजस्व सम्बंधित मामले के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसमे से एक राजस्व से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए मौके पर टीम गठित कर भेजी गई। थाना दिवस पर कम संख्या में लेखपाल और राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति नहीं होने के कारण मौके पर राजस्व के मामले निस्तारित नहीं हो सके। थाना प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पहले विपक्षी को नोटिस देने के उपरान्त ही प्रार्थना पत्र को निस्तारित करना है। इस क्रम में पूर्व के थाना दिवस के प्रार्थना पत्र की सूचना के उपरांत निस्तारण किया जाएगा।

## कांग्रेस कार्यालय में मनायी गयी नेहरू जयंती

बलिया। जिला कांग्रेस कमेटी बलिया के कार्यालय पर आधुनिक भारत के शिल्पकार, देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती जिला अध्यक्ष उमाशंकर पाठक के नेतृत्व में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्र भारत के विकास की मजबूत पटकथा लिखी और आधुनिक भारत की बुनियाद रखी। भाखड़ा-नांगल बांध जैसी बड़ी परियोजनाओं, अंतरिक्ष अनुसंधान की संस्थागत नींव, पंचव

# जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का एक सप्ताह में करें निस्तारण-सांसद

## सड़क निर्माण, मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, खराब ट्रांसफार्मर बदलने का निर्देश, औराई विधायक के १७ में से १३ मार्ग दुरुस्त

ज्ञानपुर। जनपद में सड़क निर्माण, मरम्मत और गड्ढामुक्त अभियान सहित विभिन्न विकास कार्यों में तेजी लाने तथा जनप्रतिनिधियों की ओर से उठाई गई समस्याओं का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद डॉ. विनोद बिंद की अध्यक्षता में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर निपटाने की हिदायत दी गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे और भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने क्षेत्रीय विकास, सड़क मरम्मत, विद्युत आपूर्ति सहित विभिन्न समस्याओं को



उठाया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का परीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर प्रभावी कार्रवाई करें और इसकी जानकारी संबंधित जनप्रतिनिधियों को भी दें। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पूर्वांचल विकास निधि, जिला पंचायत, राज्य वित्त आयोग, लघु सिंचाई, नहर प्रखंड और नमामि गंगे से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन की प्रगति बताते हुए अधिकारियों ने बताया कि जनपद में 399 पेयजल योजनाओं के तहत 5439 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष 5395 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई 1432 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत भी पूरी करा ली गई है। वहीं, विधायक औराई की ओर से उपलब्ध कराए गए 17 मार्गों में से 13 की मरम्मत पूरी हो चुकी है, जबकि चार पर काम जारी है। जिलाधिकारी ने शेष कार्य शीघ्र पूरा कराने और मरम्मत वाले मार्गों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने को कहा। विद्युत विभाग को खराब ट्रांसफार्मर तत्काल बदलने, निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि व विद्युतीकरण कार्यों की सूची एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग को खाद-बीज वितरण पर निगरानी रखने और किसानों को किसी तरह की असुविधा नहीं होने देने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने जनपद में खाद-बीज पर्याप्त होने और डीएपी की कमी नहीं होने की जानकारी दी। बैठक में मंडी समिति के अधिकारी की अनुपस्थिति और सड़क निर्माण व मरम्मत कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## छठ पूजा की तैयारियों का मंडलायुक्त, डीआईजी ने लिया जायजा

ज्ञानपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त राजेश प्रकाश और मीरजापुर परिक्षेत्र की डीआईजी पूनम ने जनपद के विभिन्न छठ घाटों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दिशा-निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी घाटों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। संवेदनशील एवं अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही घाटों



दौरान अधिकारियों ने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उपलब्ध नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त और डीआईजी ने घाटों पर गहरे पानी से बचाव के लिए की गई बैरिकेडिंग, अर्घ्य के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई तथा श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए यातायात और पार्किंग व्यवस्था की स्थिति देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक पर साफ-सफाई, प्रकाश और अन्य नागरिक सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाएं और पूजा संपन्न होने तक सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी बनाए रखें।

## कांग्रेसजनों ने धूमधाम से मनायी पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती

ज्ञानपुर। देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को कांग्रेसजनों ने पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन के चकलोका स्थित आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस दौरान बच्चों में टॉफी और मिठाइयां वितरित कर चाचा नेहरू को याद किया गया। र्यक्रम में सत्येंद्र प्रकाश तिवारी, राजेश्वर दूबे, मृत्युंजय पांडेय, कंचन दूबे, दीपक पांडेय, नितिन सिंह, पंकज दूबे, अमन पांडेय, नीरज यादव, आर्यन यादव, योगेश, सिद्धांत, वेदांत, शौर्य, पिहू, सार्थक, गणेश, रिशु और शबी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाल दिवस पर बच्चों को बांटी शिक्षा सामग्री

गोपीगंज। बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को ग्राम अमवां माफी स्थित राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान 100 से अधिक बच्चों को पठन-पाठन सामग्री वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया।

## चौरी का ऐतिहासिक भरत मिलाप २० को

चौरी। प्रगति परिषद व रामलीला परिषद चौरी द्वारा आयोजित चौरी बाजार का ऐतिहासिक भरत मिलाप आगामी 20 नवंबर दिन शुक्रवार को होगा। जिसमें भारी संख्या में अंतर जनपदीय आकर्षक लाग व विमान निकाला जाएगा।उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रगति परिषद एवं रामलीला परिषद के अध्यक्ष ताड़कनाथ जायसवाल व राजेंद्र मिश्र ने बताया कि 15 नवंबर दिन रविवार से पांच दिवसीय श्रीरामलीला का आयोजन शुरू हो जाएगा।

## राम वनगमन और केवट संवाद का हुआ भावपूर्ण मंचन

सुरियावां। क्षेत्र के पूरेबदल, सांडा स्थित रामलीला मंच पर शुक्रवार, 13 नवंबर को रामलीला के तीसरे दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. दयाशंकर दुबे, गुलाबचंद सरोज, जगन्नाथ यादव, विजय बहादुर सरोज, शिव प्रसाद, अध्यक्ष संदीप कुमार बालाजी, हरिनाथ यादव, रमेश चंद्र यादव, भोलानाथ सरोज, अमन मिश्र सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पंकज बने एफसीआई सलाहकार समिति के सदस्य

ज्ञानपुर। जनपद के ग्राम जगतपुर, बिसौली कृपालपुर निवासी पंकज बिन्द को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है।उनके मनोनयन पर वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेंद्र दुबे, अनिल त्रिपाठी, संजय बिन्द, अखंड सिंह, सुशील मिश्रा, सुनील बिन्द, दशरथ प्रधान, शिवम तिवारी सहित अन्य लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## जननीति भारत पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

गोपीगंज। जननीति भारत पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल का शनिवार को गोपीगंज में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रीकांत जायसवाल, सुप्रीत जायसवाल, अमित जायसवाल, रितेश जायसवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भागवत कथा में सुनाया गौकर्ण-धुंधकारी और परीक्षित प्रसंग

महाराजगंज। चकापुर महाराजगंज में संगम लाल चतुर्वेदी के यहां आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को गौकर्ण-धुंधकारी और राजा परीक्षित के प्रसंगों का वर्णन किया गया। आयोजन में सुशील, राहुल, सुनील और राजेंद्र चतुर्वेदी सहित समस्त चतुर्वेदी परिवार मौजूद रहा।

## भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आतिशबाजी पर रहेगी रोक

### छठ पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट

ज्ञानपुर। छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें छठ घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश, विद्युत आपूर्ति, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य, अग्निशमन, नगर निकाय, पंचायत, विद्युत, जिला पंचायत और पुलिस विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का समय से निर्वहन सुनिश्चित करें। सभी घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश, पेयजल और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। उन्होंने घाटों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग कराने, भीड़ नियंत्रण के लिए सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और जलाशयों के गहरे स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारी एवं कर्मचारी अपने निर्धारित स्थलों पर मुस्तैद रहेंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित टीमें सक्रिय रहेंगी। जिलाधिकारी ने बताया कि 15 नवंबर की शाम व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को और 16 नवंबर की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी।

## खरना व्रत के साथ ही ३६ घण्टे का कठिन व्रत शुरू

कांवल। सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजन शुक्रवार से नहाय खाय से शुरू हो चुका है। शनिवार को खरना था और इसके लिए विशेष प्रकार के प्रसाद बनाए गये थे। रविवार को दिन भर निर्जला व्रत रखने के बाद छठ व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन का विधिवत शुरूआत की करेंगी। नगर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ पूजन की तैयारियां जोरों से चल रही हैं और बाजार में भी जमकर खरीदारी की जा रही है। शनिवार को छठ व्रती दिन भर निर्जला उपवास रखकर सूर्यास्त के बाद भगवान भास्कर को रोटी-खीर का भोग लगायी फिर खरना का प्रसाद ग्रहण की। इसके बाद लगातार 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारम्भ कर दिया। दिन भर पूजा की विशेष तैयारी की गयी और शाम को पवित्र गंगा जल से घर को साफ कर मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाई गयी। इसके बाद भगवान भास्कर की पूजा कर रोटी-खीर और फल आदि से खरना की पूजा की गयी। नगर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ की तैयारी में लोग जुटे हैं। आज छठ व्रती लोगों द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और कल सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात छठ व्रत का समापन हो जायेगा। बताया जाता है कि चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को छठ पूजा, छठ माई पूजा, डाला छठ, सूर्य षष्ठी पूजा ,और छठ पर्व के नाम से भी जाना जाता है । मुख्य रूप से यह पर्व सूर्य देव की उपासना के लिए मनाया जाता है। अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए सूर्य भगवान से प्रार्थना की जाती है। छठ के इस दिन महिलाएं नारंगी सिंदूर सिर से नाक तक लगाती हैं इसका कारण इस रंग की शुभता है। छठ पूजा पर कई पौराणिक तथा धार्मिक कथाएं हैं। जो इस पर्व को समाहित किए हुए है।

## राजकीय हाईस्कूल लालानगर में धूमधाम से मना बाल दिवस

खमरिया। राजकीय हाईस्कूल लालानगर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रधान राम सजन सोनकर ने मां सरस्वती एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर राम सजन सोनकर ने छात्र-छात्राओं को बाल दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए पंडित नेहरू के जीवन, व्यक्तित्व और विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेहरू को बच्चों से विशेष लगाव था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास से ही राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सकता है। उन्होंने



## जनगणना, मतदाता सूची पुनरीक्षण के प्रति जागरुकता को निकली साइकिल रैली

गोपीगंज। जनगणना, मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को गोपीगंज में विशाल साइकिल रैली निकाली गई।



भदोही साइकिलिंग क्लब, जिला युवा कल्याण विभाग, प्रांतीय रक्षक दल, जिला युवा अधिकारी के वालंटियर और नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रैली को मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल और नगर पालिकाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनगणना में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। 'जनगणना: हमारी जिम्मेदारी' की थीम के तहत लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिभागियों ने शत-प्रतिशत मतदान, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और स्व-गणना के समर्थन में नारे लगाए। रैली में प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. एसएस यादव, प्रमोद मौर्य, सरफ्राज अहमद सहित बड़ी संख्या में युवाओं और महिला मंगल दल के सदस्यों ने भाग लिया।

## २० को लगेगा रोजगार मेला

ज्ञानपुर। बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 नवंबर को काशी नरेश विश्वविद्यालय, ज्ञानपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि मेले में 50 से अधिक निजी कंपनियां 2000 से अधिक रिक्तियों के साथ प्रतिभाग करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन और आवेदन करना अनिवार्य है। अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ मेले में शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 155330 पर संपर्क किया जा सकता है।

## शांतिभंग की आशंका में १३ गिरफ्तार

ज्ञानपुर। जनपद पुलिस ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चलाकर शांति भंग की आशंका में 13 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, दुर्गागंज थाना क्षेत्र के ग्राम भागीरथीपुर से एक व्यक्ति को उपनिरीक्षक ओमप्रकाश यादव ने गिरफ्तार किया। वहीं भदोही थाना क्षेत्र के धौरहरा से उपनिरीक्षक रामलक्षन यादव ने एक तथा मोढ़ से उपनिरीक्षक दिनेश कुमार ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में सुरियावां थाना क्षेत्र के पट्टीबेजाव से उपनिरीक्षक सुरेंद्र दुबे ने एक, अभोली से उपनिरीक्षक धीरज यादव ने चार तथा भीखमापुर से दो लोगों को गिरफ्तार किया। उधर, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने 500 दोपहिया और 87 चारपहिया वाहनों समेत कुल 587 वाहनों का चालान किया। इस दौरान 6 लाख 96 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क लगाया गया।

## प्राथमिक विद्यालय बिछिया में लगा बाल मेला

ऊंज। विकासखंड डीघ के प्राथमिक विद्यालय बिछिया में शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी मनोज सिंह ने किया। इसमें बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेले में चित्रांकन, पेपर फोल्डिंग, कहानी और कविता आधारित गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। चित्रांकन के दौरान बच्चों ने रंगों और रेखाओं के माध्यम से अपनी कल्पनाओं एवं अनुभवों को कागज पर उकेरा। स अवसर पर ब्लॉक अकादमिक समन्वयक महेश कुमार, एआरपी प्रकाश तिवारी, योगेंद्र चौरसिया, मुस्ताक अहमद, शेर सिंह, अनिल कुमार, योगेश तिवारी, अशोक कुमार, विनोद कुमार, कृष्ण चंद यादव, राजबहादुर, प्रदीप वर्मा, कंचनलता, मंजू यादव, श्रेया मौर्या, प्रियंका, सूर्यकांत, धर्मेंद्र, अनूप त्रिपाठी, राजीव पाल, प्रवेश कुमार, अजय मिश्र और सिद्धार्थ सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय कौलापुर में भी बाल मेले का आयोजन किया गया।



## प्रतियोगिताओं के साथ मना बाल दिवस

ज्ञानपुर। अभोली ब्लॉक के गड़ौरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर प्रवीण सिंह, विजय सिंह, डॉ. विमलेश पांडेय, सुरेश चंद्र, धर्मेंद्र सिंह, राकेश सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संत विवेकानंद विद्यालय में धूमधाम से मना बाल दिवस

गोपीगंज। गेराई स्थित संत विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को बाल दिवस के महत्व से अवगत कराया गया।

## प्राथमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनी पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती



कस्तूरीपुर। प्राथमिक विद्यालय बनकट में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बाल दिवस बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक डॉ ओम प्रकाश मिश्र द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन परिचय, उनके व्यक्तित्व एवं देश के विकास में उनके योगदान के बारे में बच्चों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिसमे रविकांत दुबे संतोष कुमार प्रियंका दुबे रूपी जायसवाल आदि रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ मनाया बाल दिवस

ऊंज। क्षेत्र के बाबूराम प्रताप यादव मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक अमित कुमार यादव, प्रधानाध्यापक शिवराज, डायरेक्टर दिनेश कुमार यादव सहित शारदा प्रसाद यादव, गौरी शंकर यादव, अवनीश कुमार यादव, सरताज अली, कुसुम देवी, नीतू मौर्य, अर्चना यादव, अनू गुप्ता और रुकमा पाल मौजूद रहीं।

## पिता की तलाश में थाने पहुंचा बेटा

चौरी। थाना क्षेत्र के ग्राम अमवाकला भवानीपुर निवासी 15 वर्षीय सतीश कुमार गुप्ता अपने पिता के लापता होने की सूचना लेकर चौरी थाने पहुंचा। उसने पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर पिता को ढूंढने की गुहार लगाई है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, सतीश के पिता सुनील कुमार गुप्ता 40 वर्ष पुत्र स्व.रामकिशुन गुप्ता, निवासी ग्राम अमवाकला (भवानीपुर), थाना चौरी, बीते 5 नवंबर को समय करीब रात 12.00 बजे घर से कहीं चले गए। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला। बेटे ने बताया कि पिता के लापता होने से परिवार में काफी चिंता है। घर वाले जगह-जगह तलाश कर चुके हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थक-हारकर उसने थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से पिता को खोजने की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर उसके पिता की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रतीक एलेवन ने एमसीए जौनपुर को सात विकेट से हराया

सुरियावां। क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में आयोजित राजाराम सिंह अंडर-16 टी-20 क्रिकेट महाकुंभ के पांचवें दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में प्रतीक एलेवन सेवाश्रम इंटर कॉलेज सुरियावां ने एमसीए जौनपुर को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद कायम रखी। वहीं, दूसरे मुकाबले में एमसीए जौनपुर ने फ्यूचर क्लास एकेडमी बेलवा को नौ विकेट से शिकस्त दी।

## कमीशन नहीं देने पर फल विक्रेता का भुगतान रोका

### प्रधानाचार्य पर बकाया भुगतान रोकने का आरोप

कटरा। डीघ विकासखंड के छेछुआ स्थित परिषदीय विद्यालय में मिड-डे मील (एमडीएम) के तहत बच्चों को फ्ल वितरण के भुगतान को लेकर विवाद सामने आया है। फ्ल विक्रेता ने विद्यालय के प्रधानाचार्य पर कमीशन की मांग पूरी नहीं करने पर बकाया भुगतान रोकने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को पीडित ग्रामीणों के साथ विद्यालय पहुंचा और हंगामा किया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। फ्ल विक्रेता शिवम यादव पुत्र झरहग यादव का आरोप है कि उन्होंने विद्यालय में बच्चों को वितरण के लिए नियमित रूप से फ्लों की आपूर्ति की थी, लेकिन भुगतान के एवज में कमीशन की मांग पूरी नहीं करने पर उनकी बकाया धनराशि रोक दी गई। शिवम के अनुसार, पूर्व में उनकी माता सरोजा देवी के नाम से 9,600 रुपये से अधिक का चेक जारी किया गया था। हालांकि, बाद में ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर नहीं होने की बात कहकर चेक वापस ले लिया गया और निरस्त कर दिया गया। इसके बाद गांव के ही एक व्यक्ति के आवास पर बुलाकर उन्हें पांच हजार रुपये नकद देने का प्रयास किया गया, लेकिन पूरी बकाया धनराशि नहीं मिलने के कारण उन्होंने रकम लेने से इनकार कर दिया। शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ विद्यालय पहुंचकर उन्होंने अपना बकाया भुगतान दिलाने की मांग की। इस दौरान डायल 112 पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में प्रधानाचार्य ने फ्ल विक्रेता की



ओर से लगाए गए आरोपों को झूठा बताया। फ्लिहाल दोनों पक्षों के बीच भुगतान को लेकर विवाद बना हुआ है।

## सांड़ के हमले से दो छात्र घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर लालानगर टोल प्लाजा के पास शनिवार को सांड के हमले से बाइक सवार दो छात्र घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ज्ञानपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी आयुष उपाध्याय (19) पुत्र संजय उपाध्याय और किशन उपाध्याय (18) पुत्र संजय उपाध्याय बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक सांड ने बाइक पर हमला कर दिया, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया

पत्रांक–3872 /4ए — दिनांक– 05.11.2026

**ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1– इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई–टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा निविदा दिनाँक 19.11.2026 से दिनाँक 24.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनाँक 24.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वीकृति के प्रत्याश में विशेष मरम्मत का कार्य | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | हरदिया पुल से ट्यूबवेल होते हुए महथापार तक मार्ग। | 33.00 | 3.30 | 945.00 | 2 Month | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए,बी,सी,डी |
| 2 | बलिया | बघुडी माल्दह बिहरा मार्ग। | 31.00 | 3.10 | 945.00 | 2 Month | | | | |
| 3 | बलिया | सिकन्दरपुर कठौड़ा से अम्बे0 ग्राम दूहा बिहरा। | 33.00 | 3.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4 | बलिया | पी0डब्लू0डी0 मार्ग से कटहरा होते हुए उचरांव। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | बलिया | रतसड एकईल मार्ग के किमी0 13 से टंडवा से सिहोरिया मुजहीं तक मार्ग। | 33.58 | 3.40 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | बलिया | पी0डब्लू0डी0 मार्ग से तिलौली उचरांव होते हुए बघुडी सम्पर्क मार्ग। | 23.00 | 2.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 7 | बलिया | भरथाय नहर से खटंगा सम्पर्क मार्ग। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया

उ.प्र.–260885
दिनांक–13.11.2006

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो०नि०वि०,जौनपुर

पत्रांक– /अ0अ0/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/वि0नि0/2026–27 — दिनांक– .11.2026

**ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आइटम दर के आधार पर दिनांक 20/11/2026 से दिनांक 28/11/2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड 28/11/2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार के प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यो द्वारा ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड मे क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारो की फाइनेन्सियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एव फाईनेन्सियल बिड उसी क्रम एंव समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 स0/ लॉट स0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | ठेकेदार के फर्मीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत कार्य(स्वीकृति की प्रत्याशा में)। | | | | | | |
| 1 | बिरैली से समोधपुर मार्ग(अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।(05 वर्षीय अनुरक्षण सहित)। | 1035.60 | 20.71 | 10 माह | रू0 5590.00 | ए |
| 2 | जनपद जौनपुर में उसरा बाजार ऊदपुर घाटमपुर डडवा(अ0जि0मा0) मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।(05 वर्षीय अनुरक्षण सहित)। | 803.76 | 16.08 | 08 माह | रू0 5590.00 | ए |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के सा

## तकनीकी संकटका दंश

दुनिया जितनी तेजीसे डिजिटल होती जा रही है, उतनी ही तेजीसे उसकी निर्भरता कुछ बड़ी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंपर बढ़ती जा रही है। शुक्रवारको माइक्रोसाफ्टकी सेवाओंमें आयी तकनीकी गड़बड़ीने एक बार फिर इस निर्भरताके खतरोंको उजागर कर दिया है। सर्वरमें खराबीके कारण ७४ देशोंमें माइक्रोसाफ्टकी सेवाएं प्रभावित हुईं। इसका असर सरकारी विभागों, बैंकों, अदालतों, विमानन सेवाओं और उद्योगोंके कामकाजपर पड़ा। माइक्रोसाफ्ट ३६५, आउटलुक टीम्स और कोपायलट जैसी सेवाओंके ठप होनेसे करोड़ों लोगोंको परेशानी उठानी पड़ी। यह घटना डिजिटल व्यवस्थाकी विश्वसनीयतापर गम्भीर सवाल खड़ा करता है। इस घटनाका सबसे चिन्ताजनक पहलू यह है कि एक कम्पनीके सर्वरमें आयी तकनीकी खराबीने दुनियाके अनेक देशोंकी सामान्य गतिविधियोंको प्रभावित कर दिया। भारत सहित अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलियामें भी इसका असर दिखायी दिया। विमानन सेवाओंमें देरी हुई और संस्थानोंका नियमित कामकाज बाधित हो गया। इससे स्पष्ट है कि डिजिटल तकनीकने सुविधाएं तो बढ़ायी हैं, लेकिन इसके साथ ही निर्भरताका जोखिम भी पैदा किया है। जिस व्यवस्थाको समय और श्रम बचानेका माध्यम माना गया, वही व्यवस्था बाधित होनेपर कामकाज ठप करनेका कारण बन सकती है। कम्पनीने इस समस्याके पीछे साइबर हमलेके बजाय तकनीकी गड़बड़ीको कारण बताया है, लेकिन इससे समस्याकी गम्भीरता कम नहीं होती है। जब करोड़ों उपयोगकर्ता और हजारों संस्थान किसी एक सेवा प्रदातापर निर्भर हों तो उसकी छोटी-सी चूक भी वैश्विक संकटका गम्भीर रूप ले सकती है। ऐसेमें केवल सेवाएं बहाल करना पर्याप्त नहीं है। गड़बड़ीके कारणोंकी समीक्षा और भविष्यमें इसकी पुनरावृत्ति रोकनेके उपाय भी जरूरी हैं। भारत जैसे तेजीसे बढ़ते देशके लिए यह घटना एक सबक है। सरकारी संस्थानों, बैंकों, न्यायालयों और विमानन कम्पनियोंको एक ही तकनीकी मंचपर निर्भर रहनेके बजाय वैकल्पिक व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। सुरक्षित आंकड़ा भण्डारण, स्थानीय बैकअप और आपातकालीन संचालनकी व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। डिजिटल विकासका अर्थ केवल नयी तकनीक अपनाना नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित और भरोसेमंद बनाना भी है। तकनीक मनुष्यकी सुविधाका माध्यम होनी चाहिए उसकी विवशताका नहीं। माइक्रोसाफ्टकी घटनासे सबक लेकर डिजिटल व्यवस्थाको और अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर बनानेकी दिशामें गम्भीर प्रयास करने होंगे।

## प्रतिबन्ध नहीं, प्रत्यर्पण

मलयेशियामें रह रहे भगोड़े इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइकके नेतृत्व वाले रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) पर प्रतिबन्ध पांच वर्षके लिए बढ़ा दिया गया है। वैमनस्यता और साम्प्रदायिक विचारधाराकी पोषक इस संघटनपर प्रतिबन्धकी सीमा १४ नवम्बरको समाप्त हो रही थी। आईआरएफपर प्रतिबन्धकी सीमा बढ़ाना केन्द्र सरकारकी आतंकवाद एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियोंके प्रति जीरो टालरेंसकी नीतिके प्रति दृढ़ताको दर्शाता है। स्वराष्ट्र मंत्रालयके अनुसार यह संघटन भारतविरोधी गतिविधियोंमें शामिल रहा है। इसपर साम्प्रदायिक घृणा फैलानेके साथ ही आतंकवादको बढ़ावा देनेका आरोप है। आईआरएफका मूल उद्देश्य अलगाववादी विचारधाराका प्रचार करना और हिंसात्मक घटनाओंके बलबूते देशका माहौल खराब करनेके साथ ही फरार और बिखरे आतंकियोंको फिरसे संघटित करना रहा है, जो भारतकी शान्ति, सद्भाव और सम्प्रभुताके लिए बड़ा खतरा बन चुका है। आईआरएफपर प्रतिबन्धकी समय-सीमा बढ़ाना स्वराष्ट्र मंत्रालयका कदम उचित और सामयिक है लेकिन एक यक्ष प्रश्न अब भी जेहनमें उठ रहा है कि क्या प्रतिबन्धकी समय-सीमा बढ़ा देनेसे 'जीरो टालरेंस' की प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीकी नीतिके सार्थक परिणाम सामने आ सकेंगे? आज स्थिति यह है कि आईआरएफसे जुड़े अनेक आतंकी संघटन देशके विभिन्न हिस्सोंमें सक्रिय हैं। जरूरत है इन टुकड़े-टुकड़े आतंकी संघटनोंपर अंकुश लगानेकी, जिन्हें विदेशोंसे फण्डिंग होती है। जाकिर नाइकके प्रत्यर्पणके लिए गम्भीरतासे प्रयास किया जाना चाहिए। हालांकि मलयेशियाकी सरकारसे उसके प्रत्यर्पणकी बात चल रही है लेकिन अबतक कोई प्रगति नहीं हुई, जो चिन्ताकी बात है। अभी कुछ ही महीने पहले मलयेशियाके राष्ट्रपति अनवर इब्राहिमने भारत यात्राके दौरान जाकिर नाइकके प्रत्यर्पणका भरोसा दिया था लेकिन साथ ही इसमें समय लगनेकी बात भी कही थी। भारतको उसके प्रत्यर्पणका प्रयास लगातार जारी रखना चाहिए और वैश्विक स्तरपर दबाव बनानेकी कोशिश भी की जानी चाहिए।

## लोक संवाद

### जीवनशैलीमें सुधारकी जरूरत

महोदय,- आज हमारी गलतियोंके कारण बहुत-सी जानलेवा बीमारियोंका दायरा बढ़ता जा रहा है। इन्हींमेंसे एक बीमारी है डायबिटीज जिसे मधुमेह भी कहा जाता है। दुनियाभरमें बढ़ते मधुमेहके आंकड़ोंपर चिन्ता करते हुए इंटरनेशनल डायबिटीज फाउंडेशनने डायबिटीज रोकथाम दिवस मनानेका फैसला वर्ष १९९१ में किया था। डायबिटीजका कहर खान-पान और जीवनशैलीकी तरफ ध्यान देकर रोका जा सकता है। इस बीमारीके शिकार युवा भी हो रहे हैं। यह बीमारी हमारे देशमें भी तेजीसे बढ़ती जा रही है। इस बीमारीका मुख्य कारण गलत खानपान और जीवनशैली भी है। इसलिए जीवनशैलीको दुरुस्त करनेकी सख्त जरूरत है। **-राजेश कुमार, वाया ईमेल।**

# बढ़ता बैंक ऋण चिन्ताजनक

**हालमें मौद्रिक नीति समीक्षाके दौरान आंतरिक चर्चामें आरबीआईके गवर्नर संजय मल्होत्राने कहा था, इसी तरह मुद्रा एवं ऋण संबंधी आंकड़ोंमें वृद्धिको देखते हुए मांग पक्षसे जुड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। सार्वजनिक चर्चाओंसे कुछ समयतक दूर रहनेके बाद नकदीकी मात्रा फिर अहमियत बटोरने लगी है।**

❐ टी. प्रसन्ना

आरबीआई स्वयं ब्याज दरें तय करता है और मुद्रास्फीतिका लक्ष्य निर्धारित करता है तो क्या हमें इसपर ध्यान देना चाहिए। भारतमें इसका जवाब हां है। आंकड़े इसकी वजह बताते हैं। व्यापक मुद्रा (ब्रॉड मनी जिसे एम३ भी कहा जाता है) में मुख्य रूपसे नकदी और बैंक जमा शामिल होते हैं। वर्ष २०२४-२५ में इसकी वृद्धि दर लगभग ९.३ फीसदी थी जो २०२५-२६ में बढ़कर १५.३ फीसदी हो गयी। इसी दौरान नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में नौ फीसदीसे भी कमकी वृद्धि हुई। १५ अक्तूबरको सालाना मुद्रा वृद्धिकी दर १६ फीसदीपर थी। हमारे आंकड़ोंके मुताबिक मार्चमें व्यापक मुद्रा जीडीपीका लगभग ९१ फीसदी थी और सितंबरतक (अनुमानित जीडीपीके आधारपर) यह लगभग ९३ फीसदी हो गयी। १८ महीने पहले यह अनुपात लगभग ८६ फीसदी था। यह आयके मुकाबले मुद्राके काफी बड़े विस्तारको दर्शाता है। हालांकि नीति-निर्माणमें मुद्रा आपूर्तिमें वृद्धिको एक स्वतंत्र भूमिका देनेके खिलाफ एक गम्भीर तर्क भी मौजूद है। हालमें नोबेल पुरस्कार जीतने वाले अर्थशास्त्रियों से जुड़े नव कीनेसियन ढांचेके मुताबिक खर्चका स्तर वर्तमान और भविष्यकी वास्तविक ब्याज दरोंपर निर्भर करता है। वास्तविक दरका मतलब है नॉमिनल दरमें अनुमानित मुद्रास्फीति घटा देना। जब वास्तविक दर कम होती है तो लोग अधिक खर्च करनेके लिए प्रेरित होते हैं और भविष्यके लिए उपभोग टालनेकी वजह कम हो जाती है। जब कीमतें धीरे-धीरे समायोजित होती हैं तो बढ़ती मांग अंतत: मुद्रास्फीति ऊपर धकेल देती है। इस नजरियेसे देखें तो मौद्रिक नीति ब्याज दरों, लोगोंकी उम्मीदों और वित्त पोषणकी स्थितियोंके जरिये काम करती है। यदि इन माध्यमोंसे नीतिगत रुख स्पष्ट हो जाता है तो केन्द्रीय बैंकको अलगसे मुद्रा आपूर्ति लक्षित करनेकी जरूरत नहीं पड़ती। मुद्रा आपूर्तिमें विस्तार इसलिए भी हो सकता है कि बैंक अधिक कर्ज देते हैं और नयी जमा जुटाते हैं। इस तरह यह किसी स्वतंत्र कारणके बजाय आर्थिक फैसलोंका एक परिणाम बन जाता है। साथ ही वित्तीय नवाचारोंके मुद्राको परिभाषित करना मुश्किल हो गया है और केन्द्रीय बैंक भी व्यापक मुद्राको पूरी तरह सटीक रूपसे नियंत्रित नहीं कर सकता।

इसके अलावा बैंक भंडार बनानेसे अतिरिक्त ऋणकी गारंटी नहीं मिलती। बैंक तरल परिसंपत्तियोंको इसलिए रोक सकते हैं कि उन्हें नुकसानका डर होता है, पूंजीकी कमी होती है या उन्हें ऋण देने योग्य ग्राहक नहीं मिल पाते। कर्जधारक नये ऋण लेनेके बजाय पुनर्भुगतानको प्राथमिकता दे सकते हैं। वैश्विक वित्तीय संकटके बाद अमेरिकी अनुभव यह दर्शाता है कि भंडार निर्माणका सीधा असर मुद्रा, ऋण या मुद्रास्फीतिपर नहीं पड़ता।

उल्लेखनीय है कि यह नीति-निर्माताओंकी सही ब्याज दर निर्धारित करनेकी क्षमतापर अत्यधिक भरोसा दिखाता है। नॉमिनल दर प्रतिबंधात्मक प्रतीत हो सकती है जबकि अपेक्षित मुद्रास्फीतिको ध्यानमें रखनेपर वह विस्तारवादी हो सकती है। जनताकी मुद्रा धारण करनेकी इच्छासे परे मुद्रामें निरन्तर वृद्धि व्यय और परिसंपत्तियोंकी खरीदके माध्यमसे समायोजनको प्रोत्साहित करती है। लिहाजा मुद्रा ऐसी जानकारी प्रदान करती है जो ब्याज दरोंके विश्लेषणसे नहीं मिल पाती। यह संबंध न तो तात्कालिक है और न ही यांत्रिक रूपसे आनुपातिक। वांछित मुद्रा रखने और व्ययकी गति भी बदलती रहती है। भारतके पास इस चेतावनीको गम्भीरतासे लेनेके दो कारण हैं। पहला, जब ऋण आवंटन पहले ही तेजीसे बढ़ रहा हो तो यह संभावना कम आश्वस्त करने वाली है कि अतिरिक्त नकदीका ऋण आवंटनसे सीधा संबंध नहीं रहता है। पिछले दिनों बैंक ऋण २२७.४३ लाख करोड़ रुपयेतक पहुंच गया, जो पिछले वर्षकी तुलनामें १८.२ फीसदीकी वृद्धि है जबकि एक वर्ष पहले यह वृद्धि ११.६ फीसदी थी। इससे यह सिद्ध नहीं होता कि भंडार निर्माणके कारण ही प्रत्येक अतिरिक्त ऋण दिया गया। इससे यह सिद्ध होता है कि हम प्रचुर नकदी भंडारके साथ बैंक ऋण आवंटनमें स्थिरता नहीं देख रहे हैं। मुद्रा और ऋण दोनों साथ बढ़ रहे हैं।

दूसरा और अधिक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारतमें व्यय, बचत और मूल्य निर्धारण प्रभावित करने वाली मुद्रास्फीतिकी अपेक्षाओंका पर्याप्त विश्वसनीय माप उपलब्ध नहीं है। घरेलू सर्वेक्षणकी अपेक्षाएं लगातार बादके राष्ट्रीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीतिसे अधिक रहती हैं। कुछ विसंगति परिवारोंकी विभिन्न उपभोग श्रेणियों को दर्शाती है। सर्वेक्षणमें होने वाले बदलाव अब भी जानकारियोंसे भरे हो सकते हैं परन्तु वास्तविक दरकी गणनाके लिए इन संख्यात्मक अपेक्षाओंका उपयोग करना अब भी समस्याग्रस्त है। रिपोर्ट की गयी मुद्रास्फीतिका अनुमान लगानेमें मदद करते हैं परन्तु वे वेतन संबंधी वार्ता, किराये, स्कूल फीस और अनुबंध नवीनीकरण नियंत्रित करने वाली अपेक्षाओंको समझनेका विकल्प नहीं हो सकते। ये निर्णय निर्धारित करते हैं कि अनुमानित मुद्रास्फीति भविष्यकी कीमतोंमें कैसे शामिल होती है। हमें बेहतर सर्वेक्षणों और अनुबंधोंसे सबूतोंकी जरूरत है जो सभी पक्षोंको भविष्यके भुगतानोंके लिए प्रतिबद्ध करते हैं। तब तक मौद्रिक भंडार सचाई टटोलनाका एक अहम जरिया प्रदान करते हैं। यहांतक कि जो व्यक्ति यह मानता है कि मुद्राकी कोई स्वतंत्र कारणात्मक भूमिका नहीं है उसे भी यह पूछना चाहिए कि क्या इसकी वृद्धि मुद्रास्फीतिके पूर्वानुमानोंमें सुधार करती है। भविष्यवाणीके लिए यह साबित करना आवश्यक नहीं है कि भविष्यवक्ता स्वतंत्र रूपसे परिणामका कारण बनता है। यदि मुद्रा वृद्धि मुद्रास्फीतिका अनुमान लगानेमें मदद करती है तो कार्य-कारण संबंध विवादित होनेके कारण इसकी अनदेखा करना उपयोगी जानकारीको खारिज करना होगा।

यह नये कीनेसियन ढांचेके अनुकूल है। यदि अपेक्षित मुद्रास्फीतिका त्रुटिपूर्ण निर्धारण किया जाता है तो वास्तविक दरका हमारा अनुमान गलत होगा। तीव्र मौद्रिक और ऋण वृद्धिसे पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता होनी चाहिए। क्या नीति नॉमिनल रीपो दरसे अधिक प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। सभी मौद्रिक वृद्धि खतरनाक भी नहीं होती। एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाको अधिक धनकी आवश्यकता होती है और वित्तीय सुदृढ़ीकरण उच्च मुद्रा-जीडीपी अनुपातको उचित ठहरा सकता है। इससे आय वृद्धिसे कहीं अधिक विस्तार होने, जबकि वांछित मुद्राके व्यापक विस्तार नहीं होनेका प्रमाण मिलता है। भारतका ऐतिहासिक अनुभव बताता है कि जीडीपीका ८०.८४ फीसदी व्यापक मुद्राके लिए एक उपयोगी संदर्भ सीमा है, न कि वैज्ञानिक रूपसे स्थापित इष्टतम स्तर। धीरे-धीरे इस स्तरपर लौटनेके लिए मुद्रा वृद्धि नॉमिनल आय वृद्धिसे पीछे रखनी होगी बजाय कि अचानक मौद्रिक संकुचनके। रीपो दर प्रमुख जरिया बनी रहनी चाहिए और मुद्रास्फीति लक्ष्य। परन्तु मुद्रा वृद्धिको पूर्वानुमानों, अहम एवं सूक्ष्म बातों और संचारमें स्पष्ट स्थान मिलना चाहिए। जब अपेक्षाओंका सटीक आकलन न हो तो ब्याज दर ढांचेकी अधिक जांच-पड़तालकी आवश्यकता होती है।




**बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाको अधिक धनकी आवश्यकता होती है और वित्तीय सुदृढ़ीकरण उच्च मुद्रा-जीडीपी अनुपातको उचित ठहरा सकता है। इससे आय वृद्धिसे कहीं अधिक विस्तार होने, जबकि वांछित मुद्राके व्यापक विस्तार नहीं होनेका प्रमाण मिलता है। भारतका ऐतिहासिक अनुभव बताता है कि जीडीपीका ८०.८४ फीसदी व्यापक मुद्राके लिए एक उपयोगी संदर्भ सीमा है, न कि वैज्ञानिक रूपसे स्थापित इष्टतम स्तर। धीरे-धीरे इस स्तरपर लौटनेके लिए मुद्रा वृद्धि नॉमिनल आय वृद्धिसे पीछे रखनी होगी बजाय कि अचानक मौद्रिक संकुचनके।**

# वैश्विक परिदृश्यमें भारतीय संस्कृतिका महत्व

**भारतीय संस्कृतिका उद्भव इतिहासके जन्मसे भी पुराना है। सारी दुनियाके विद्वान और ज्ञान अभिलाषी भारतीय संस्कृति और धर्मसे प्रेरित रहे हैं। इस संस्कृतिके प्रतीक और प्रतिमान भारतके लिए स्वाभिमानका विषय हैं।**

❐ हृदयनारायण दीक्षित

बीते ५ नवंबरको इण्डोनेशियाकी राजधानी जकार्तामें आयोजित यूनेस्कोकी ग्यारहवीं बैठकसे उत्साहवर्धक सूचना आयी है। इस बैठकमें भारतके महाकाव्य महाभारत, कौटिल्यका अर्थशास्त्र, कल्हड़की राजतरंगिणीकी प्राचीन पाण्डुलिपियोंको मेमोरी ऑफ दि वर्ल्ड एशिया रजिस्टरमें सम्मिलित करनेकी घोषणा की गयी है। इसके पहले २०२४ में रामचरितमानस, पंचतंत्र और सहृदयालोक लोचनको इसी सूचीमें शामिल किया गया था। दुर्भाग्यसे राजनीतिक कारणोंसे देशका वातावरण कलहपूर्ण हो गया है। भारत और भारतके मनको आनंदित करने वाली ऐसी सूचनाओंपर कोई उत्सव नहीं है। इस महत्वपूर्ण सूचनाको राष्ट्रीय विमर्श और आनन्दका विषय नहीं बनाया गया। अच्छा होता कि जनमानसमें भारतका राष्ट्रीय वैशिष्ट्याभिमान बढ़ाने वाली इस घोषणाकी चर्चा की जाती। तीनों ग्रंथ असाधारण रूपसे प्रतिष्ठित हैं। कौटिल्यका अर्थशास्त्र लगभग ३४० ईसापूर्वकी रचना है। यह दुनियाका प्राचीनतम अर्थशास्त्र है। भारतीय दर्शन और परम्पराको भाववादी बताने वाले पश्चिमी विद्वान और उनके समर्थक अर्थशास्त्रका भौतिकवाद नहीं देखते। कौटिल्यने अर्थशास्त्रकी शुरुआतमें ही शुक्राचार्य और बृहस्पतिको नमस्कार किया है। शुक्राचार्यके मतका उल्लेख भी हुआ है। अर्थशास्त्रकी सामग्री यथार्थवादी दर्शनसे भरी पूरी है। अर्थशास्त्रकी तुलना मेकियावली द्वारा लिखित 'प्रिंस' से की जाती है। राजपुत्रोंसे देशकी रक्षाका विषय मजेदार है। कहा गया है कि राजाको पुत्रोंकी गतिविधिपर ध्यान रखना चाहिए। ये केकड़ेकी तरह देशका नुकसान करते हैं। अर्थशास्त्रमें राजकोष, सैन्य संघटन, सीमा विस्तार और चुंगी जैसे कराधानकी चर्चा है। बड़ी बात है कि कौटिल्यने अर्थशास्त्रमें राजव्यवस्थाके सभी अंगों और उद्देश्योंपर ईसाके ३५० वर्ष पहले ही सम्यक विचार कर लिया था।

महाभारतमें कुल लगभग १,१०,००० श्लोक हैं। एक लाखसे अधिक श्लोक होनेके कारण इसे शतसाहस्री संहिता भी कहा जाता है। इस ग्रंथका विकास तीन चरणोंमें हुआ था। महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित मूल ग्रंथ 'जय' में ८८०० श्लोक थे। महाभारतका संपादन लगातार होता रहा है। बादमें इसमें श्लोकोंकी संख्या २४००० हुई और यह 'भारत' कहलाया। अंतमें एक लाखसे अधिक श्लोक और १८ पर्व हो गये। यह 'महाभारत' के नामसे प्रसिद्ध हुआ। भारतीय दर्शनका प्रतिनिधि ग्रन्थ गीता महाभारतके भीष्म पर्वका ही हिस्सा है। महाभारतके इस हिस्सेको दुनियाके सैकड़ों विद्वानोंने बार बार पढ़ा है। गीता दर्शनके अलावा महाभारतमें राजनीति, अर्थशास्त्र, नीतिशास्त्र, इतिहास और धर्मशास्त्रपर तमाम सामग्री है। इसमें ऋग्वेदकी परम्परा है। उपनिषदोंका दर्शन है। पुराणोंका यथार्थ दार्शनिक भाववाद है। धर्मपर अनेक विचार हैं। ज्ञान और विवेकपूर्ण विमर्श है। यक्ष प्रश्नों वाला हिस्सा विवेकपूर्ण है। एक मजेदार प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है-का: पंथा:। युधिष्ठिरका उत्तर है कि 'ऋषि अनेक हैं। वेद वचन भिन्न-भिन्न हैं। तर्कसे बात नहीं बनती। धर्मका तत्व गुहामें है। इसलिए महापुरुषों द्वारा अपनाया गया मार्ग ही सही मार्ग है। युधिष्ठिर धर्मराज होकर भी धर्मपर निर्णायक वक्तव्य नहीं देते। द्रौपदी जुएंके खेलमें अपमानित हुई थी। उसने आरोप लगाया कि इन राजाओंका धर्म भ्रष्ट हो गया है। भीम कहते हैं कि जुआं खेलना राजधर्म है। महाभारत कालजयी रचना है। दुनियाके सभी विचार इस महाकाव्यमें हैं।' राजतरंगिणी कश्मीरी पंडित कल्हण द्वारा १२वीं शताब्दीमें संस्कृत भाषामें रचित एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक महाकाव्य है। इसका शाब्दिक अर्थ 'राजाओंकी नदी' होता है। यह ग्रंथ कुल आठ अध्यायों (तरंगों) में विभाजित है। प्रत्येक तरंग ज्ञानपूर्ण है। इसमें महाभारत कालसे लेकर कल्हणके समयतकके कश्मीरके राजाओंका क्रमबद्ध इतिहास दर्ज है। कल्हणने शिलालेखों और पुराने सिक्कोंके अध्ययनके आधारपर यह ग्रंथ लिखा था। यह पुस्तक केवल युद्धोंतक सीमित नहीं है, बल्कि तत्कालीन समाज, धर्म, संस्कृति और आम जनताकी दशापर भी प्रकाश डालती है। बिना किसी पक्षपातके राजाओंके गुणों और दोषोंका वर्णन करनेके कारण इसे भारतीय इतिहासका पहला प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है।

ग्रंथका दार्शनिक पक्ष भी इसके ऐतिहासिक विवरण जितना ही गहरा और प्रभावशाली है और तथ्य और ज्ञानसे भरीपूरी है। कल्हणने सत्ताके लिए होने वाले रक्तरंजित संघर्षोंके माध्यमसे जीवनकी नश्वरताको दर्शाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सांसारिक वैभव, राजपाट और अहंकार सब कुछ क्षणभंगुर हैं। इस महाकाव्यका मुख्य रस 'शांत रस' है। ये पाठकोंको वैराग्य और आत्मचिंतनकी ओर ले जाता है। कल्हणके अनुसार मनुष्यके कर्म ही उसके उत्थान और पतनका असली कारण बनते हैं। राजाओंके पतनकी कहानियां सुनाकर वे यह संदेश देते हैं कि धर्म और नैतिकता ही शाश्वत सत्य हैं। यह पुस्तक इतिहासके दर्पणमें जीवनके अंतिम सत्य और शांतिकी खोज करती है। अपने इसी गहरे दार्शनिक संदेशको पहुंचानेके लिए कल्हणने एक प्रभावशाली साहित्यिक शैलीका सहारा लिया है। साहित्यिक दृष्टिसे भी राजतरंगिणी संस्कृत काव्य परम्पराकी एक अनुपम कृति है। कल्हणकी लेखन शैली अत्यंत सरल, प्रवाहपूर्ण और हृदयस्पर्शी है। उन्होंने कठिन ऐतिहासिक तथ्यों और जीवनके गूढ़ सत्योंको रोचक बना दिया है। उनकी भाषामें अनावश्यक आडंबर नहीं है। विचारोंकी स्पष्टता और गहराई है। प्रकृति वर्णन, मानवीय संवेदनाओंका चित्रण है। सूक्तियोंका प्रयोग है। ग्रंथ सुंदर है। यह रचना इतिहासके रूखेपनसे मुक्त है। ग्रंथकी शैली उसे एक जीवंत और पठनीय महाकाव्यका रूप देती है। इसी प्रकार ऋग्वेद, रामचरितमानस, पंचतंत्र आदि ग्रंथ भी यूनेस्को द्वारा सम्मानित किये गये हैं। भारत स्वयंमें एक महाकाव्य है। भारतके लिए यह गौरवका विषय है। भारतको विश्वगुरु बिलावजह नहीं कहा जाता। ऐसे अनेक महाग्रंथ भारतमें हैं। उन्हें पढ़ना चाहिए। जांचना और जानना चाहिए कि भारतकी अभिव्यक्तिका विराट समूचे अस्तित्वको कैसे समाहित करता रहा है। इसका अंतरंग लोकमंगल से भरा पूरा है।




## सूर्योपासनाका पर्व

❐ रघोत्तम शुक्ल

सूर्योपासनाकी कठिन चारदिनी उपासनाका महापर्व छठ है। सूर्यदेव पृथ्वीपर जीवनके आधार हैं। ज्योतिष ग्रंथोंके अनुसार शरीरांगोंमें उनका अधिकार मुखपर है। हर जातककी कुण्डलीमें वे लग्न, भाग्य और कर्म जैसे सबसे महत्वपूर्ण भावोंके कारक होते हैं। वे जगतके कर्ता, परम तेजोमय, सभी पापोंका नाश करने वाले ज्ञान-विज्ञान और मोक्ष भी प्रदान करने वाले मान्य हैं। वे हनुमान जीके गुरु हैं। उनसे ही शिक्षा पाकर हनुमान जी ज्ञानिनामग्रगण्यम् बने। वे पराक्रमके ऐसे भण्डार हैं कि सर्वश्रेष्ठ शस्त्रधारी श्रीरामको भी रावण वध करनेके लिए उनकी आराधना करनी पड़ी। श्रीरामने युद्ध भूमिमें ही आचमन लेकर तीन बार उस स्तोत्रका पाठ किया और फिर अति शक्ति सम्पन्न होकर रावणसे युद्ध करनेको उद्यत हुए। ऐसे सूर्य भगवानकी उपासनाका जब षष्टी तिथिसे योग हो जाय तो उसका फल विशेष है। छहका अंक अपना महत्व रखता है। ज्ञानके भण्डार आदि ग्रंथ वेदोंके छह ही अंग हैं, शिक्षा, कल्प, निरुक्त, छंद, व्याकरण, ज्योतिष। प्रकृतिके रस भी छह ही हैं। भगवान शंकरके पुत्र देवताओंके सेनापति कार्तिकेय छह मुखों वाले हैं, जिनके सेनापतित्वमें देवता तारकासुरको मार सके। योग मार्गमें छठा चक्र आज्ञा चक्र होता है, जो दोनों भृकुटियोंके बीचका स्थान है। छठ मैया सूर्यदेवकी बहन मानी गयी हैं। लोक गीतोंमें कहा गया है, 'सूरज देव कै बहिनियां मैया, किरिन संग अंगना आय'। मान्यता है कि सूर्यदेवने अपनी इन बहनके घर आकर भोजन किया था। इस तिथिपर उनकी उपासना, व्रत, अनुष्ठानके विशेष फल हैं। मार्कण्डेय एवं ब्रह्मवैवर्त पुराणोंके अनुसार सृष्टि सृजन करते समय मूल प्रकृतिने अपनेको छह भागोंमें विभक्त किया। छठा भाग संतान प्रदाता एवं संतान रक्षक हुआ। यही छठ मैया हैं, जो ब्रह्मा जीकी मानस पुत्री हैं। कार्तिक शुक्ल छठका यह अनुष्ठान चार दिनी होता है, जो इस प्रकार मनाया जायगा। नहाय खाय-खरना-मुख्य छठ पूजा है। इस दिन व्रती दिनभर बिना अन्न जल उपवास रहेगा। घरमें ठेकुवा, चावलके लड्डू बनेंगे। सूपमें फल, ठेकुवा और पूजन सामग्री सजाकर सायंकाल व्रती जलाशयमें खड़े होकर पूजन और अस्ताचलगामी सूर्य देवको अर्घ्य देंगी। पारण- आगले दिन प्रात: सपरिवार व्रती पुन:जलाशयपर इकट्ठा होती हैं। व्रती जलमें खड़े होकर उदीयमान सूर्यको जलदान करके संतानप्राप्ति, रक्षाकी प्रार्थनाऔर व्रतकी पूर्णता करके पारण होता है। यह व्रतकी पूर्णता अथवा समापन होता है। सांतानिक व्रत होते हुए भी छठ माई अन्य सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। पुराणोंके अनुसार आदिकालमें राजा प्रियव्रतने यह व्रत किया था। उनकी पत्नी मालिनी थीं। महर्षि कश्यपने उनसे पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया, जिससे संतान तो उत्पन्न हुआ, किन्तु मृत। इससे वे शोकमें डूब गये। तब वहां एक अद्भुत देवी प्रकट हुईं। राजाके पूछनेपर उन्होंने अपना परिचय छठ देवीके रूपमें बताया तथा स्वयंको ब्रह्मा जीकी मानस पुत्री कहते हुए प्रकृतिका छठा अंश प्रतिपादित किया।

# कश्मीरमें सुरक्षाबलोंके लिए नयी चुनौती

❐ रोहित माहेश्वरी

जम्मू-कश्मीरमें हालमें घटी दो अलग-अलग और सनसनीखेज घटनाओंने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाको लेकर गम्भीर चिन्ताएं खड़ी कर दी हैं। पहली घटना दक्षिण कश्मीरके कुलगाम जिलेसे है, जहां ११ नवंबरको केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्सकी एक पेट्रोलिंग पार्टीको निशाना बनाकर हमला किया गया। इस हमलेमें सीआरपीएफके तीन जवान घायल हो गये थे। दूसरी घटना किश्तवाड़ जिलेके दूरदराज और घने जंगलों वाले दच्छन-मरवाह इलाकेसे सामने आयी, जहां स्थानीय पुलिसके स्पेशल आपरेशंस ग्रुपमें तैनात दो स्पेशल पुलिस अधिकारियोंकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। करीब चौबीस घंटेके भीतर हुई ये घटनाएं बताती हैं कि जम्मू-कश्मीरमें सुरक्षा हालात अब भी संवेदनशील बने हुए हैं। ५ अगस्त २०१९ को केन्द्र सरकार द्वारा अनुच्छेद ३७० को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीरको दो केन्द्रशासित प्रदेशोंमें विभाजित करनेका फैसला भारतीय इतिहासके सबसे बड़े भू-राजनीतिक मोड़ोंमें गिना जाता है। इस कदमके बादसे घाटी और पूरे प्रदेशमें सुरक्षाके मोर्चेपर बड़े बदलाव आये हैं, लेकिन हालिया घटनाओंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवादका खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि उसके स्वरूपमें बदलाव आया है।

सरकारी आंकड़ोंके मुताबिक ५ अगस्त २०१९ से लेकर मध्य २०२६ के बीच आतंकवादी घटनाओं और सड़कपर होने वाले प्रदर्शनों (जैसे पत्थरबाजी) में लगभग ९० प्रतिशततककी भारी कमी आयी है। पिछले वर्षोंकी तुलनामें आतंकी वारदातोंमें करीब ७५ प्रतिशतसे अधिककी गिरावट दर्ज की गयी है। इस अवधिके दौरान सुरक्षा बलोंने बड़ी संख्यामें आतंकवादियोंको ढेर किया है। हालिया घटनाएं एक बार फिर याद दिलाती हैं कि सामान्य स्थिति और स्थायी शांतिके दावोंसे इतर इलाकेमें आतंकवादके रक्तबीज मौजूद हैं। दुखद ही है कि लापता होनेके एक दिन बाद दो स्पेशल पुलिस अधिकारियोंके गोलियोंसे छलनी शव बरामद हुए हैं। वहीं दूसरी ओर सीआरपीएफकी चेकपोस्टपर हुए हमलेमें तीन जवान घायल हुए हैं। निस्संदेह यह हमारी खुफिया एजेंसियों और सुरक्षाबलोंके लिए नयी चुनौती है। इन दोनों घटनाओंको अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता, क्योंकि इनके पीछे कई गहरे रणनीतिक संकेत छिपे हैं। लम्बे समयतक शांत रहे चिनाब घाटी (किश्तवाड़, डोडा) के घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियोंका इस्तेमाल आतंकी सुरक्षित पनाहगाहके रूपमें करनेकी फिराकमें हैं। एसपीओ और ग्राम रक्षा गार्ड स्थानीय भौगोलिक स्थिति और लोगोंसे भली-भांति परिचित होते हैं। इन्हें निशाना बनाकर आतंकी स्थानीय लोगोंमें खौफ पैदा करना चाहते हैं, ताकि सुरक्षाबलोंको जमीनी स्तरपर मिलने वाली खुफिया जानकारी बाधित हो सके। इन हमलोंकी चौतरफा निन्दा हुई है। ग्रेटर कश्मीरकी खबरके अनुसार, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टीके अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद सहित कई नेताओंने इन कायराना हरकतोंकी कड़ी आलोचना करते हुए आतंकवादके समर्थक नेटवर्कको पूरी तरह ध्वस्त करनेकी मांग की है।

उल्लेखनीय है कि इससे ठीक एक साल पहले राजधानीमें लाल किलेके पास एक कार धमाकेमें ग्यारह लोगोंकी जान चली गयी थी। कालांतर राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईएकी व्यापक जांचके बाद पता चला था कि विस्

# जल्द सस्ती हो सकती हैं दालें व्यापारियों और दुकानदारों को हर हफ्ते देना होगा स्टाक का हिसाब

नयी दिल्ली। त्योहारों का सीजन खत्म होने के बाद भी दालों की कीमतों में कमी नहीं आने से सरकार सख्त हो गई है। आम लोगों को महंगाई से राहत दिलाने और बाजार में जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब दाल कारोबार से जुड़े व्यापारियों, आयातकों, मिलर्स, डीलरों, थोक विक्रेताओं और रिटेलर्स को हर सप्ताह अपने पास मौजूद दालों के स्टॉक की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर देनी होगी। सरकार का मानना है कि इस कदम से बाजार में पारदर्शिता बढ़ेगी और कृत्रिम कमी पैदा करने वालों पर लगाम लगेगी। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की सचिव निधि खरे ने बड़े रिटेलर्स, आयातकों, मिलर्स और कारोबारियों के साथ बैठक कर दालों की सप्लाई और कीमतों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के बाद दालों की कीमतों में बढ़ोतरी का कोई औचित्य नहीं है। सरकार ने कारोबारियों को निर्देश दिया है कि मंडियों में दालों के दाम घटने का फायदा आम उपभोक्ताओं तक भी पहुंचना चाहिए। दरअसल, मंडियों में कीमतें कम होने के बावजूद खुदरा बाजार में ग्राहकों को राहत नहीं मिल रही है। सरकार को आशंका है कि कुछ कारोबारी जमाखोरी और मुनाफाखोरी के जरिए कीमतों को ऊंचा बनाए हुए हैं। सरकार के मुताबिक, खरीफ 2026 में उड़द और दूसरी दालों की अच्छी बुवाई हुई है। इसके अलावा रबी फसलों की बुवाई में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। नियमित आयात के कारण बाजार में दालों की उपलब्धता बेहतर बनी हुई है।

ऐसे में आने वाले दिनों में दालों की कीमतों में गिरावट आने की उम्मीद है। सरकार ने सिर्फ दालों ही नहीं, बल्कि चावल और चीनी के कारोबार पर भी निगरानी बढ़ा दी है।

## उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्या : 230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई-टेण्डर/2026/674 दिनांक : 13.11.2026

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 : 230-क0वि0-कार्य ठेका-1063-2026 | अनुमानित लागत : रू0 80,84,490.00 |
| कार्य का विवरण : प्रयागराज मंडल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय-झींझक खंड में पुराने/कमजोर कैटेनरी तार को बदलने का कार्य (4th Call)। | |
| बिड सुरक्षा राशि : रू0. 1,61,700.00 | कार्य अवधि : 12 महीना |
| बोली प्रणाली : एक पैकेट | निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 04.12.2026, 14:00 बजे |
| निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 04.12.2026, 15:00 बजे | |

नोट :- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2587/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्याः- 230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई-टेण्डर/2026/675 दिनांकः 13.11.2026

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

निविदा सं.: 230-क0वि0-कार्य ठेका-1064-2026

कार्य का विवरणः प्रयागराज मंडल के झींझक (JJK) - कौरारा (KAA) सेक्शन में OHE की विश्वसनीयता बेहतर बनाने के लिए पुराने और खराब हो चुके घटकों (जैसे कैटेनरी वायर, कॉन्टैक्ट वायर) का नवीनीकरण और मुड़े हुए, झुके हुए और क्रिटिकली इम्पलानटेड मास्ट्स को बदलने का कार्य (2nd Call)।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागतः रु. 2,66,65,952.96 | बिड सुरक्षा राशिः रु. 5,33,300.00 |
| निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः 04.12.2026, 14:00 बजे | बोली प्रणालीः एक पैकेट |
| निविदा खुलने की तिथि तथा समयः 04.12.2026, 15:00 बजे | कार्य अवधिः 12 महीना |

नोटः(1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। (2) उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2588/26 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो०नि०वि०, जौनपुर
(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक-/एस.ई.टेण्डर/जौ.गा.वृत्त/26-27 /4ए दिनांक- /11/2026

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई-निविदा http://e-tender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो०नि०वि० के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक 20.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 28.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 28.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो०नि०वि० के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। तकनीकी बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे http://e-tender.up.nic.in दिनांक 28.11.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विरण http://e-tender.up.nic.in पर लागइन करें।

| क0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 लाख में | धरोहर धनराशि रू0 लाख में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत कार्य(स्वीकृति की प्रत्याशा में)। | | | | | | | |
| 1 | जौनपुर | जनपद जौनपुर में महराजगंज-राजाबाजार-अमरगढ़-कतार(अ0जि0मा0) मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य(05 वर्षीय अनुरक्षण सहित)। | 414.00 | 22.70 | 08 माह | रू0 2714.00 | A |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 20.11.2026 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 28.11.2026 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 28.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- शासनादेश सं0-1/2018-3070/78/2-2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- शा0सं0-86/2026/649/2026/23-7099/106/2025 दिनांक 23 मई 2026 का अनुपालन ठेकेदारों द्वारा करना होगा।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
जौनपुर

(एस0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
जौनपुर

उ.प्र.-260975, दिनांक-13.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया

पत्रांक-3866 /4ए दिनांक- 05.11.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1- इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनाँक 21.11.2026 से दिनाँक 26.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनाँक 26.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइटhttp://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| सं. | का नाम | | लागत (रू0 लाख में) | धनराशि (रू0 लाख में) | प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | पूर्ण करने की अवधि | अभियन्ता का पता | अभियन्ता का पता | अभियन्ता का पता | की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| स्वीकृति के प्रत्याशा में विशेष मरम्मत के कार्य (बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार) | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | जगदरा से रतमपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 26.30 | 2.63 | 945.00 | 2 Month | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0 बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0 आजमगढ़ | ए.बी.सी डी |
| 2 | बलिया | बिजलीपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 9.00 | 0.90 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 3 | बलिया | बंशी बाजार खटंगी सम्पर्क मार्ग से जजौली राम सगा तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 29.50 | 2.95 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4 | बलिया | कठौंडा देवी मोदर से बड़ौदा यू0पी0 बैंक तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 12.30 | 1.23 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | बलिया | नवानगर से मुईया सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 32.20 | 3.22 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | बलिया | बिंचछी बॉज से सोनपुरवा मासूमपुर तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 31.20 | 3.12 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 7 | बलिया | सिकन्दरपुर नगरा मार्ग से फलपुरा कोथ तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 31.20 | 3.12 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 8 | बलिया | बलिया सिकन्दरपुर सम्पर्क मार्ग से बंगरा होते हुए चक्खान तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 20.50 | 2.05 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 9 | बलिया | सोनौली बलिया मार्ग बशीबाजार आरुविका पेट्रोल पम्प से जमालपुर होते हुए पैन्दुआ तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 32.00 | 3.20 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.-260886
दिनांक-13.11.2006

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, जौनपुर

पत्रांकः- 2766/ए/2026 दिनांकः- 06.11.2026

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई-निविदा वेबसाईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक-18.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक-26.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक- 26.11.2026 अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक-26.11.2026 को 12.00 बजे के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुटटी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण के लिए वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| वित्तीय वर्ष 2026-27 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत कार्य | | | | | | | | | |
| 1 | जौनपुर | बशीरपुर भरसठ रोड से कटहरियापुर पटेल बस्ती सं0 मार्ग (300मी. लं0 में सीसी का कार्य) | 20.80 | 2.08 | 944.00 | 2 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, जौनपुर | अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी |
| 2 | जौनपुर | राधोराम पटटी ब्राह्मण एवं धोबी बस्ती सम्पर्क मार्ग। | 11.10 | 1.11 | 856.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 3 | जौनपुर | भानपुर बखार से कबीरूद्दीनपुर सम्पर्क मार्ग। किमी0 1 व 2(500) | 23.40 | 2.34 | 944.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 4 | जौनपुर | आशानन्दपुर मुसलमान बस्ती सम्पर्क मार्ग। (350मी. पीसी का कार्य) | 5.30 | 0.53 | 856.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 5 | जौनपुर | सेमुही अनुसूचित बस्ती - 2 सम्पर्क मार्ग। (320मी. पीसी का कार्य) | 4.10 | 0.41 | 767.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 6 | जौनपुर | सुरेरी डिहवापार सम्पर्क मार्ग (300मी. लं0 में सी0सी0 का कार्य) | 20.80 | 2.08 | 944.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 7 | जौनपुर | नेवादा नहर पटरी से रघुनाथपुर तक सं. मार्ग। | 12.20 | 1.22 | 856.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 8 | जौनपुर | रामपुर-कठवतियॉ मार्ग से डेहुआ पाल बस्ती होते हुए भानपुर तक मार्ग। (350मी. सी0सी0 का कार्य) | 14.00 | 1.40 | 856.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 9 | जौनपुर | मलेथू घाट के वरुणा नदी पर सेतु का पहुँच मार्ग। (600मी. लं0 में सी0सी0 का कार्य) | 24.20 | 2.42 | 944.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 10 | जौनपुर | जयसिंहपुर बाजार से महथिया प्राथमिक पाठशाला संगम मार्ग किमी0 1 व 2 (400मी. लं0 में सी0सी0 का कार्य) | 26.10 | 2.61 | 944.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 11 | जौनपुर | राधोराम पटटी अनुसूचित बस्ती सम्पर्क मार्ग। | 18.00 | 1.80 | 944.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 12 | जौनपुर | मौरास पाल बस्ती से पल्टूपुर लिंक रोड कि0मी0 1 व 2 (200मी. लं0 में सी0सी0 का कार्य) | 20.70 | 2.07 | 944.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 13 | जौनपुर | जल्दीपुर यादव बस्ती लिंक रोड | 7.70 | 0.77 | 856.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 14 | जौनपुर | मड़ियाहूं मछलीशहर मार्ग से बड़ेरी मौर्य बस्ती लिंक रोड (200मी. लं0 में सी0सी0 का कार्य) | 18.20 | 1.82 | 944.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 15 | जौनपुर | सुलतानपुर चौराहे से मारिकपुर मार्ग (250मी. लं0 में सी0सी0 का कार्य) | 10.00 | 1.00 | 856.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 16 | जौनपुर | रामनगर से ककरहिया नहर तक सम्पर्क मार्ग। | 28.50 | 2.85 | 944.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 17 | जौनपुर | तरसॉव नहर से सराय-भोगी तक सम्पर्क मार्ग। किमी0 1(250) | 10.30 | 1.03 | 856.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 18 | जौनपुर | दारूनपुर-सोनहिता मार्ग। | 11.90 | 1.19 | 856.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 19 | जौनपुर | दान सम्पर्क मार्ग। किमी0 1(100) | 4.20 | 0.42 | 767.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 20 | जौनपुर | ए0जी0 मार्ग किमी0-65 से बेर्रा सम्पर्क मार्ग | 27.00 | 2.70 | 944.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 21 | जौनपुर | मतरी से जुड़ऊपुर सम्पर्क मार्ग। किमी0 1(200) एवं 2(050) | 10.10 | 1.01 | 856.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 22 | जौनपुर | सरोखनपुर सम्पर्क मार्ग। | 32.20 | 3.22 | 944.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 23 | जौनपुर | ए0जी0 मार्ग के किमी0 75 से सुल्तानपुर सम्पर्क मार्ग किमी0 1(200) | 8.40 | 0.84 | 856.00 | 2 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

उ.प्र.:- 261002
दिनांकः- 13.11.2026

(विशाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., जौनपुर

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
E-mail:- eeredjaunpur@gmail.com

निविदा पत्र सं.:- C-13/ग्रा.अ.वि./निविदा/2026-27 दिनांकः- 28.10.2026

**मैनुअल निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखड-जौनपुर में निम्न कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदायें (स्वीकृति की प्रत्याशा में) आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी, एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते हैं। निविदा पात्रता हेतु एस0बी0सी0डी0 ठेकेदारों को आई0टी0बी0 के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की तिथि | अधिशाषी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिलाधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| विधान सभा सदर विधायक निधि योजना के 13 कार्य (2026-27)(स्वीकृति की प्रत्याशा में) | | | | | | | | | |
| 01 | जौनपुर | रासमण्डल किला रोड पर शीतला प्रसाद के मकान से डा0 रजनीकान्त द्विवेदी के मकान होते हुए नजीर पेन्टर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 3.530 | 0.17650 | 150+500 +117 = 767 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 02 | जौनपुर | चौकिया पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास पन्धारी यादव के मकान से आर0के0 साहू के मकान के आगे तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | 7.710 | 0.38550 | 225+500 +131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 03 | जौनपुर | मोहल्ला नईगंज में डीह बाबा के सामने गली में प्रमोद श्रीवास्तव के मकान से संजय श्रीवास्तव के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 3.050 | 0.15250 | 150+500 +117 = 767 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 04 | जौनपुर | मोहल्ला ताड़तला के तूतीपुर में चौरा माता मंदिर विशाल बिन्द के मकान से महेन्द्र बिन्द के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 1.550 | 0.07750 | 150+500 +117 = 767 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 05 | जौनपुर | मोहल्ला जोगियापुर में राजेन्द्र मौर्या के मकान से सुरेन्द्र बहादुर के मकान होते हुए रमेश गुप्ता के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 2.490 | 0.12450 | 150+500 +117 = 767 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 06 | जौनपुर | मोहल्ला मीरपुर में विनोद सोनकर के घर से डीहबाबा के पास स्व0 शिवाजी के मकान तक इण्टलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 5.780 | 0.28900 | 225+500 +131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 07 | जौनपुर | मोहल्ला मीरपुर में शल्टर होम से स्व0 रामअधार मौर्या के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 5.270 | 0.26350 | 225+500 +131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 08 | जौनपुर | मोहल्ला मतापुर वार्ड में आशीष श्रीवास्तव स्पोलूश पत्रकार के मकान के सामने से सुभाष मौर्या के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 9.780 | 0.48900 | 225+500 +131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 09 | जौनपुर | मोहल्ला मियापुर हरईपुर में कृष्णकान्त पाण्डेय के मकान से सुरेन्द्र सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 2.200 | 0.11000 | 150+500 +117 = 767 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 10 | जौनपुर | मोहल्ला ताड़तला, तूतीपुर में शिवचन्द्र बिन्द के मकान से पप्पू सेठ के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1.490 | 0.07450 | 150+500 +117 = 767 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 11 | जौनपुर | मोहल्ला ताड़तला, तूतीपुर में साहब लाल बिन्द के मकान से पकडू अग्रहरि के मकान के आगे तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 2.850 | 0.14250 | 150+500 +117 = 767 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 12 | जौनपुर | मोहल्ला ईशापुर में राजू गुप्ता के घर से कृष्णकान्त साहू नगर महामंत्री के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 0.660 | 0.03300 | 150+500 +117 = 767 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 13 | जौनपुर | मोहल्ला कोरापट्टी वार्ड नं0-20 में प्यारेलाल मौर्य के मकान से कमल पण्डा व छोटेलाल मौर्य के मकान से होते हुए साहब लाल मौर्य के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 9.570 | 0.47850 | 225+500 +131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |

14 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की समयावधि वर्षा ऋतु को शामिल करते हुए कालम सं0 7 में वर्णित है।
15 निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा वापस नहीं ली जा सकती।
16 कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र (Bidding documents) सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, के कार्यालय के कार्यालय से जैसा कि कालम 8 में पता अंकित हैं, से किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 18.11.2026 से 27.11.2026 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 4:00 बजे के मध्य (अवकाश दिवस को छोड़कर) कालम संख्या 5 में अंकित धनराशि के अनुसार नकद या किसी भी शिड्यूल कामर्शियल बैंक का बैंक ड्राफ्ट, जो अधिशासी अभियन्ता, ग्रामी अभियन्त्रा विभाग, प्रखड-जौनपुर के पक्ष में जौनपुर में, भुगतान हेतु देकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड की अवस्था में ड्राइंग सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता कार्यालय से जैसा कि कालम सं0 8 में दर्शाया गया है, से सम्बन्धित कार्य हेतु प्राप्त की जा सकती है।
17 निविदायें अधिशासी अभियन्ता, ग्रामी अभियन्त्रा विभाग प्रखड-जौनपुर के कार्यालय, जौनपुर के कार्यालय जिनका पता कालम सं0 8 में अंकित है, को दिनांक 28.11.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह से दोपहर 12:00 बजे तक डाली जाएगी। निविदायें उसी कार्यदिवस अर्थात दिनांक 28.11.2026 को विकास भवन जौनपुर पंचम तल स्थित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में समय दोपहर 02:00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी । निविदा प्राप्ति अथवा खोलने की तिथि पर यदि कार्यालय बन्द रहता है तो निविदायें अगले कार्यकारी दिवस में निर्धारित समय व स्थान पर प्राप्त व खोली जायेंगी तथा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जाएगी। शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी, जो टी-1 के साथ संलग्न रहेगा।
18 अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये एक/किसी/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

Email: eeredjaunpur@gmailcom
Mob 9801208240

उ.प्र.:- 261023
दिनांकः- 13.11.2026

(नीरज कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
(महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की तरफ से)

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
E-mail:- eeredjaunpur@gmail.com

निविदा पत्र सं.:- C-15/ग्रा.अ.वि./ई-निविदा/2026-27 दिनांकः- 28.10.2026

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर में निम्न कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ई-निविदायें (स्वीकृति की प्रत्याशा में) आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी, एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते हैं। निविदा पात्रता हेतु श्रेणी ए.बी.सी.डी. ठेकेदारों को आई.टी.बी. के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की तिथि | अधिशाषी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभ

# डाला छठ : खरनाके साथ शुरू हुआ निर्जला व्रत

## सारी तैयारियां पूरी, आज डूबते सूर्यको अर्घ्य देंगी महिलाएं

जौनपुर। छठ पूजा के दूसरे दिन की शुरूआत शनिवार को खरना से हो गयी। छठ के चारों दिन का अलग-अलग महत्व होता है। छठ के महापर्व में खरना का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन छठ का विशेष प्रसाद बनाया जाता है। रविवार के दिन शाम से लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत का आरंभ हो गया। इस दिन से रोटी, गुड़ की खीर और फल का भेग लगाया जाता है। खरना वाले दिन भगवान का विशेष प्रसाद व्रत रखने वाले ही तैयार करते हैं और शाम के समय भगवान को अर्पित करने के बाद ही वह उसे ग्रहण करते हैं। खरना से जो उपवास आरंभ होता है वह सप्तमी तिथि के दिन अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त होता है। मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाई जाती है। इसके लिए पीतल के बर्तन का प्रयोग किया जाता है। यह खीर



बहुत ही शुद्धता और पवित्रता के साथ बनाई जाती है इसलिए मिट्टी के चूल्हे अलावा गुड़ की अन्य मिठाई, ठेकुआ और लड्डू आदि ज़ी बनाए जाते हैं। खरना की यह खास खीर सिर्फ और सिर्फ व्रती इंसान ही बनाता है। पूरे दिन व्रत रखने के बाद शाम के समय व्रती व्यक्ति इसी गुड़ की खीर का सेवन करते हैं। शाम के समय व्रत रखने वाला व्यक्ति कमरा बंद करके ही खीर का सेवन करता है। इसके बाद पूरा परिवार व्रती व्यक्ति से आशीर्वाद लेता है। साथ ही सुहागन महिलाएं व्रती महिलाओं से सिंदूर लगवाती हैं। शाम में केले के पत्ते पर खीर के कई भाग किए जाते हैं। अलग-अलग देवी देवताओं, छठ मैय्या, सूर्यदेव का हिस्सा निकाला जाता है। इसके बाद केला, दूध, बाकी पकवान भी उसके ऊपर रखे जाते हैं। फिर छठी मैया का ध्यान करते हुए अर्पित करने के बाद व्रती महिलाएं इसे ग्रहण करती हैं। कमरा बंद करके भेजन करती हैं।

## बहन के विवाद में भाई की पिटायी

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र में बहन के वैवाहिक विवाद को लेकर उसके भाई के साथ मारपीट करने और ईंट से हमला कर सिर फोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित गोविंद यादव निवासी बेहड़ा, केराकत ने थाना गौराबादशाहपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार उसकी बहन पिंकी देवी की शादी करीब सात वर्ष पूर्व मुहद्दीपुर निवासी संदीप यादव पुत्र अशर्फी लाल यादव के साथ हुई थी। कुछ समय से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि संदीप यादव उसकी बहन को प्रताड़ित कर रहा था और उसे फोन कर गाली-गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। विवाद के चलते बहन को मुंबई ले जाकर किराए के मकान में छोड़कर आने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने बताया कि 13 नवंबर 2026 को सुबह करीब 11:30 बजे उसे बातचीत और समझौता करने के बहाने बुलाया गया था। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि ईंट से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया गया। इस दौरान कुंददीप और संदीप के पिता अशर्फी लाल पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने थाना प्रभारी से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने और न्याय दिलाने की मांग की है।

## उचक्कों ने व्यापारी का छीना झोला

मछलीशहर। नगर के कायस्थाना मोहल्ले में दो उचक्के एक जेवर व्यापारी का झोला छीनकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार जौनपुर नगर के कोतवाली थाना क्षेत्र के सिपाह, अँचला देवी घाट रोड निवासी मन्नालाल सेठ शुक्रवार को मछलीशहर आए थे। उन्होंने बताया कि वह रोडवेज बस अड्डे से पैदल सराय मोहल्ला निवासी गुलाबचंद सराफा की दुकान पर गए। वहां झोले में रखी पायल और अंगूठी दी, जिसके एवज में उन्हें 37,100 रुपये मिले, जिसे उन्होंने झोले में रख लिया।

## डाला छठ महापर्व, सभी तैयारियां पूरी- कपिल मुनि

मुंगराबादशाहपुर। डाला छठ महापर्व को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के भगत सिंह वार्ड स्थित सूरजकुंड सरोवर



पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जहां कल रविवार 15 नवंबर को सांय 3 बजे से छठ मैया का महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त जानकारी चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने दी। उन्होंने बताया कि सूरजकुंड सरोवर पर छठ पूजा महोत्सव को लेकर तीनों पक्के घाटो पर श्रद्धालुओं के लिए पूजा हेतु वेदी बनवाया गया है। इसके साथ ही पूजनोत्सव को धूमधाम से मनाये जाने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि व्रती महिलाओं एवं उनके परिवारीजनो के लिए सौ से अधिक वेदियों का निर्माण, टेंट, प्रकाश, पेयजल, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और लोकगायक की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस बार करीब एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान के तहत मुकम्मल व्यवस्था की गई है। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों से समारोह में समय से सूरजकुंड सरोवर पर होने वाले छठ महापर्व में शामिल होकर आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने की अपील की है। चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी एवं सभासदों के सूरजकुंड सरोवर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्था पर संतोष जताया।

## बच्चों ने सजाये आकर्षक स्टाल

केराकत। बाल दिवस के अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय तरियारी में शनिवार को बच्चों द्वारा बाल मेले का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। बाल मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल सजाए। इन स्टॉलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और व्यावहारिक ज्ञान का परिचय दिया। बच्चों द्वारा तैयार की गई विभिन्न सामग्रियों और सजावट ने मेले को आकर्षक बना दिया।




विद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्सव जैसा माहौल रहा। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच, आपसी सहयोग और व्यवहारिक कौशल को बढ़ावा देना रहा। बाल मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

# घर में अकेली किशोरी का बलात्कार, आरोपी गया जेल

बरसठी। थाना क्षेत्र के लालीपुर (बनकट) गांव में घर में अकेली मौजूद 17 वर्षीय किशोरी के साथ जबरजस्ती बलात्कार का मामला सामने आया है, पिता की तहरीर पर पुलिस ने 40 वर्षीय युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया,

पीड़ित पिता के मुताबिक, दस नवंबर की शाम करीब छह बजे वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खेत में धान की पिटाई करने गए थे, घर पर उनकी मानसिक रूप से अस्वस्थ बेटी और बुजुर्ग मां मौजूद थीं, आरोप है कि इसी दौरान गांव का प्रेम गौतम घर पहुंचा और किशोरी का हाथ खींचकर उसे कमरे में ले गया, वहां उसका मुंह बांधकर जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाया, इसी बीच खेत से लौटे पिता घर की मड़ई में हंसिया खोज रहे थे, कमरे से आवाज आने पर वह अंदर पहुंचे तो किशोरी का मुंह बंधा हुआ और कपड़े अस्त-व्यस्त मिले, पिता को देखते ही आरोपी भागने लगा, इस दौरान आरोपी का मोबाइल फोन खाट पर छूट गया, घटना के बाद पीड़ित परिवार ने डायल 112 पर सूचना दी,

पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई। पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी प्रेम गौतम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# छठ पूजा को लेकर बड़ा पोखरा, मंदिर की हुई साफ-सफाई

## कई गांवों की महिलाएं करती हैं पूजा-अर्चना, सुरक्षा के मद्देनजर करायी बैरिकेडिंग



जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जर्रो स्थित बड़ा तालाब (पक्का पोखरा) पर छठ पूजा की तैयारियों को लेकर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पोखरे के साथ रामजानकी मंदिर परिसर की भी साफ-सफाई कराई गई। यहां आसपास के कई गांवों की महिलाएं छठ पर्व पर पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देती हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। छठ व्रती महिलाओं को पूजा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे सुरक्षित ढंग से पूजा संपन्न कर सकें, इसके लिए पोखरे के घाटों की विशेष सफाई कराई गई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बैरिकेडिंग भी कराई गई, ताकि भीड़ के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो। सफाई अभियान एडीओ पंचायत संजय यादव, ग्राम प्रधान रामवृक्ष तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव बीजे सहित अन्य लोगों की देखरेख में संपन्न कराया गया। जनप्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों ने छठ पूजा को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक तैयारियां पूरी कराईं। स्थानीय लोगों ने छठ पूजा से पहले पोखरे और मंदिर परिसर की साफ-सफाई तथा सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्था की सराहना की।

## दस दिनों से लापता युवती को भगाने का आरोप, युवक के खिलाफ मुकदमा

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक पिता ने एक युवक पर अपनी पुत्री को भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार युवती के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री 5 नवंबर को घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी, जो अभी तक वापस नहीं लौटी। दस दिन तक रिश्तेदारों और सहेलियों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बाद में पता चला कि अश्वनी कुमार निवासी एकदाला, थाना हसबर, जिला अंबेडकरनगर बहला-फुसलाकर उसे भगा ले गया है।प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग,गाजीपुर

पत्रांक— 2554 / 10ए दिनांक–06 / 11 / 2026

**ई–निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई–निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से "ए,बी,सी" एवं "डी" श्रेणी में मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म / ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक–18.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक–25.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक–25.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि–पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक–25.11.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लाग–इन करें।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अधिशासी अभियन्ता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में विशेष मरम्मत योजना के अन्तर्गत | | | | | | | |
| 1 | गाजीपुर | रा0मा0–29 से करदह कैथौली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.20 | 854.00 | निर्माण खण्ड–3 लो0नि0वि0, गाजीपुर | 02 माह |
| 2 | गाजीपुर | मर्टेहु गांई घरियां मार्ग के कि.मी.3 से गांई ग्राम तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 19.60 | 1.96 | 854.00 | निर्माण खण्ड–3 लो0नि0वि0, गाजीपुर | 02 माह |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

(किरण पाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

उ.प्र.–260891, दिनांक–13.11.2026
वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


# बाल दिवस पर मेला एवं पुरस्कार वितरण

सुजानगंज। शनिवार को बाल दिवस के अवसर पर क्षेत्र के जेपी इंटरनेशनल स्कूल में बाल मेला कार्यक्रम तथा उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अतिथि डा. अरुण द्विवेदी (बीएचयू), अमित कुमार पाण्डेय (थाना अध्यक्ष सुजानगंज) तथा दिनेश कुमार मिश्रा मुन्ना( जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद)द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की गई। वहीं विज्ञापन विषय से जुड़े छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान विषय की प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई वहीं अन्य छात्र छात्राओं द्वारा मेले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री के स्वरुप दुकान भी लगाए गए। इस दौरान विद्यालय में हुए परिक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डा. अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया की बच्चे ही देश के भविष्य हैं इसलिए बच्चों को सीखने का भरपूर अवसर दिया जाना चाहिए। वहीं इनके पूर्व उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार



व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य लाल बिहारी ने किया तथा संचालन विद्यालय की ही छात्रा श्रेया यादव, अंजली सिंह, तृषा जायसवाल ने किया तथा अंत में कार्यक्रम के आयोजक डॉ. जय प्रकाश त्रिपाठी प्रबंधक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रिती सिंह, राकेश त्रिपाठी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण छात्र-छात्राओं के साथ तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विद्यालय के किचन का ताला चटका कर भीषण चोरी

पवांरा। थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय आदेपुर में शुक्रवार की रात चोरों ने किचन का ताला चटका कर गैस सिलेंडर सहित बर्तन एवं बच्चों का निवाला उठा ले गए। शनिवार सुबह 14 नवंबर को जब विद्यालय खुला तो किचन रूम का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो गैस सिलेंडर, भगौना, बच्चों की थाली, गिलास, कुकर, बड़ी कड़ाही तथा एक बोरी चावल चोर उठा ले गए थे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार दूबे ने घटना की सूचना डायल 112 नंबर के साथ ही पंवारा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने मौका मुआयना कर सूक्ष्मता से जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। चोरों द्वारा मिड-डे मील के लिए रखे गए सामान को उठा ले जाने से बच्चों के भोजन की व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है।

## विशाल भंडारे के साथ मनी डा.रमेश चंद्र तिवारी गुरु जी की जयंती

सुइथाकला। एसवीडी गुरुकुल एजुकेशनल ग्रुप दुमदुमा ऊंचगांव के संस्थापक एवं शिक्षाविद् देवपुंज डॉ. रमेश चंद्र तिवारी गुरु जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर



सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक और क्षेत्रवासी शामिल हुए।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चंद्र तिवारी ने संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि गुरु जी का संपूर्ण जीवन शिक्षा के प्रसार, संस्कारों के संरक्षण और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके विचार और शैक्षिक योगदान सदैव समाज को प्रेरित करते रहेंगे। इस मौके पर प्रबंधक डॉ. राकेश चंद्र तिवारी, ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद तिवारी, तुलसीराम तिवारी, विनोद पांडेय, अमरजीत मिश्र, महाविद्यालय के प्राचार्य अभिषेक उपाध्याय, डीएलएड प्राचार्य मो. एहतेशाम खान, प्रधानाचार्य रमापति दूबे, नीरज मिश्रा, अरुण पांडेय और संजय पांडेय सहित शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सुंदरकांड पाठ के समापन पर आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# विद्यालय में हुआ बाल मेले का आयोजन

## बच्चों ने लगायी प्रदर्शनी, प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत




मछलीशहर। जेपी इंटरनेशनल स्कूल मछलीशहर में बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जेपी इंटरनेशनल स्कूल मछलीशहर बाल मेले में बच्चों ने विज्ञान, कला, गणित और सामाजिक विषय से संबंधित स्टॉल लगाए। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल और चित्रों को देखकर कार्यक्रम में आए अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश सह शोध प्रमुख डा. अर्चना शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारने के साथ ही व्यवहारिक ज्ञान भी सीखते हैं। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक डॉ. जय प्रकाश तिवारी ने आये हुए अतिथियों का अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य प्रभाकर मणि तिवारी, परमानंद मिश्रा, डॉ. विनय कुमार त्रिपाठी, शेषधर तिवारी, अच्छेलाल यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य निशा किरण उपाध्याय ने उक्त कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मनाया गया बाल दिवस

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग में बाल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व, पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. सुरजीत यादव ने कहा कि बच्चों की जिज्ञासा, कल्पनाशीलता और सीखने की ललक ही उनके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। प्रत्येक बच्चे में कुछ नया सीखने और करने की अपार क्षमता होती है। आवश्यकता है कि उन्हें सकारात्मक वातावरण और उचित मार्गदर्शन मिले, जिससे वे अपनी प्रतिभा को पहचानकर आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें। संकाय अध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल ने कहा कि बच्चे किसी भी राष्ट्र की सबसे अनमोल पूंजी और भविष्य के निर्माता होते हैं। उनके सपनों और संभावनाओं को सही दिशा देना शिक्षकों, अभिभावकों और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों को केवल सफलता प्राप्त करने के लिए ही नहीं, बल्कि संवेदनशील, जिम्मेदार और नवाचारशील नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया जाना चाहिए।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलिया

पत्रांक– 1746 /अ0अ0/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/वि0नि0/2026–27 दिनांक– 03.11.2026

**ई–प्रोक्योरमेण्ट निविदा आमन्त्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बलिया, उ0प्र0 ग्रा0अ0वि0 में (A.B.C.D.) श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से कार्य की लागत के अनुसार होने पर प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित करते है, निविदादाता (Bidder) किसी अथवा सभी कार्यो हेतु निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र0 स0 | विकास खण्ड | कार्य का नाम | लागत (लाख में) जी0एस0टी0 अतिरिक्त | धरोहर राशि (लाख में) 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 / स्टेशनरी चार्ज / जीएसटी | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) | कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिलाधिकारी कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| माननीय सांसद जी श्री सनातन पाण्डेय लोक सभा क्षेत्र–बलिया की योजना / बजट स्वीकृति के प्रत्याशा में | | | | | | | | | |
| 1 | हनुमानगंज | ग्राम पंचायत बहेरी में नसरुल्लाह खां के घर से गुडन की दुकान होते हुए पंचायत भवन तक सी0सी0 कार्य। | 12.88 | 0.21 | 225+ 500+131= 856.00 | तीन माह | अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बलिया | परिमण्डल–आजमगढ | कलेक्ट्रेट–बलिया |
| 2 | नगरपालिका | नगर पालिका परिषद बलिया के वार्ड सं0–12 में गुलाब देवी डिग्री कालेज के समीप आदित्य लांज से सतीश तिवारी (से0नि0 लेखपाल) के घर तक 100 मी0 सी0सी0 कार्य। | 10.22 | 0.21 | 225+ 500+131= 856.00 | तीन माह | | | |
| 3 | हनुमानगंज | ग्राम पंचायत–माल्देपुर में छोटेलाल बिन्द के घर से अवधेश राम और विनोद महंगू एव द्वारिका के घर होते हुए राजेश गोड के घरतक240.मी0इण्टरलाकिंग कार्य। | 10.16 | 0.21 | 225+ 500+131= 856.00 | तीन माह | | | |

1. बेवसाइट पर बिड प्रकाश की तिथि–26.11.2026
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय–03.12.2026 दोपहर 12.00 बजे
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि / समय–04.12.2026 समय दोपहर 12.30 बजे।
4. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लाज–10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि–पत्र का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही कराया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओ को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृप्या वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लाग इन करें तथा बिड डाक्युमेन्ट को डाउनलोड करें।

(आर0 के0 गौड़)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–बलिया

उ.प्र.–260998
दिनांक–13.11.2026
वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


## मारपीट में पांच पट्टीदारों के खिलाफ मुकदमा

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के जमदरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बेटे का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त गांव निवासी दीपक यादव के अनुसार, 12 नवंबर को सुबह करीब नौ बजे उनके पिता तेजप्रताप यादव के साथ जमीन के विवाद को लेकर उनके पट्टीदारों ने मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान विपक्षी पक्ष के लोग गाली-गलौज करते हुए उनके पिता को जान से मारने की कोशिश कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर दीपक मौके पर पहुंचे तो उनके पिता जमीन पर औंधे मुंह गिरे पड़े थे और उन्हें काफी चोटें आई थीं। दीपक का आरोप है कि वह अपने घायल पिता को उठाकर ले जाने लगे, तभी ऋषभ यादव और दीपचन्द्र उर्फ कल्लू ने उन्हें पकड़ लिया और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। आरोपितों ने इस दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि मामले में पांच आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की ओर से अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दबंगों ने दंपति सहित बेटों को मारकर किया घायल

डोभी। चंदवक थानाक्षेत्र के बीरीबारी सारेपुर गांव में जमीन संबंधी विवाद में दबंगों ने दंपति सहित बेटों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीन महिलाओं सहित सात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सारेपुर निवासी शनि कुमार निषाद ने पुलिस को तहरीर दी।आरोप लगाया कि वह अपने खेत की जुताई करा रहा था। इसी दौरान दबंग पट्टीदार आए और अकारण की मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देने लगे।

## गैंगस्टर के आरोपी के घर पुलिस ने चस्पा की नोटिस

जौनपुर। थाना सरायख्वाजा के पतहना गांव में देवगांव आजमगढ के गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपी के घर पर धारा 84 ब्नहस्स की कार्यवाही करते हुए डुगडुगी पिटवाकर थानाध्यक्ष बरदह आजमगढ द्वारा कराया गया ऐलान कराया गया। मु.अ.सं. 234/2026 धारा 2(ख)1,3(1) उ.प्र. गिरोहबन्द एव समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत थाना देवगांव मे वांछित अभियुक्त सद्दाम उर्फ शदाब पुत्र शरीफ निवासी पताहना थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर हाल मुकाम ननिहाल निवासी बक्सपुर थाना बरदह जनपद आजमगढ़ के विरूद्ध जारी न्यायालय से धारा 84 ब्नहस्स के आदेश का तामिला ग्रामीणजनो के समक्ष थानाध्यक्ष चन्द्रदीप कुमार द्वारा हमराह हे.का. कमलेश सैनी का. रोहित कुमार, रि.म.का. रिद्धिमा, हे.का. निगवेन्द्र कुमार की उपस्थिति में डुगडुगी पिटवाकर अभियुक्त सद्दाम के विरुद्ध जारी धारा 84 ब्नहस्स के आदेश को माइक से पढकर उदघोषित किया गया। इसके बाद नोटिस की प्रति अभियुक्त सद्दाम के घर तथा रास्ते के खम्भो व गांव के प्राथमिक विद्यालय के दीवाल पर चस्पा की गयी।

## चेकिंग के दौरान दो शातिर जहरखुरान गिरफ्तार

मुंगराबादशाहपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने जहरखुरानी चोरी के एक मामले में वांछित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जो कमाकर लौट रहे यात्रियों को बस अथवा आटो में सफर के दौरान नशीली दवा खिलाकर लूट लेते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी से संबंधित सामान और एक बैग बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों पर एक दर्जन से अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि पुलिस टीम 14 नवंबर को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम इटहरा के निकट से दोनों आरोपितों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राजेश कुमार गौतम निवासी सेफखानपुर उर्फ चिल्हाराय, थाना बहरिया तथा मूर्तिशंकर उर्फ बच्चू निवासी मंसूरपुर, थाना बहरिया, जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष गजानंद चौबे ने बताया कि पूंछताछ के दौरान हिमालय उर्फ अरुण कुमार निवासी इस्माइलपुर, थाना सोरांव तथा जितेंद्र पटेल निवासी चकिया धमौर, थाना बहरिया, जनपद प्रयागराज के नाम भी प्रकाश में आए हैं। दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पुरानी रंजिश में दो भाइयों की पिटाई

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के ईशापुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर तीन लोगों ने दो भाइयों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। हमले में दोनों भाइयों को चोटें आईं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना 12 नवंबर अपराह्न तीन बजे की है। पीड़ित फूलचंद बिंद के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर रामऔतार बिंद, मोहित बिंद और लालजी बिंद ने गाली-गलौज करते हुए उन पर और उनके भाई रामजतन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

# कार की डिग्गी में छिपाकर ले जा रहे थे गांजा, चार गिरफ्तार

## अहरौरा पुलिस की बड़ी कारवाई, २२ लाख रुपये आंकी गयी कीमत, बिहार और कुशीनगर के रहने वाले हैं आरोपी

अहरौरा। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अहरौरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने होंडा सिटी कार की डिग्गी में छिपाकर ले जाए जा रहे 44 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अहरौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। इसके आधार पर पुलिस टीम ने वनस्थली विद्यालय के पास ग्राम लतीफपुर में घेराबंदी कर होंडा सिटी कार सवार चार संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी में काले रंग की प्लास्टिक से ढकी दो बोरियां मिलीं। इनमें 27 पैकेटों में रखा कुल 44 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त होंडा सिटी कार ल और तीन मोबाइल फोन भी कब्जे में लिए। गिरफ्तार आरोपियों में रमेश कुमार निषाद और मोहन चौधरी निवासी पश्चिमी चंपारण (बिहार), पीयूष कुमार तिवारी निवासी कुशीनगर तथा गोविंद पटेल निवासी कुशीनगर शामिल हैं। इस मामले में थाना अहरौरा में मुकदमा दर्ज किया गया है। चारों आरोपियों को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया। तस्करी में प्रयुक्त कार को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक धनुधारी पांडेय, मुख्य आरक्षी शशिप्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, चंदन कुमार और आरक्षी अवधनाथ राय शामिल रहे।



गिरफ्तार तस्कर। छाया:आज

## थाना दिवस पर पहुंचे १२ फरियादी

चील्ह। थाना चील्ह में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मदीन पांडेय की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान राजस्व से संबंधित कुल 12 मामले आए, लेकिन राजस्व कर्मियों के अनुपस्थित रहने से किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छठ पर्व की ड्यूटी में राजस्व कर्मचारियों की तैनाती होने के कारण लेखपाल और कानूनगो नहीं पहुंच सके। सभी शिकायतें दर्ज कर राजस्व विभाग को पत्र भेजा गया है। टीम गठित कर गांवों में जांच के बाद मामलों का निस्तारण कराया जाएगा। अधिकांश शिकायतें जमीन की पैमाइश, कब्जा, वरासत और भूमि विवाद से संबंधित थीं। इस दौरान उपनिरीक्षक मनोज सिंह, कुर्बान अली, बद्री प्रसाद सरोज, प्रवीण यादव और मुख्य आरक्षी लवलेश पाठक सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने मृत छात्र के परिजनों से की मुलाकात

## डीआईजी से बातचीत करके न्याय दिलवाने का दिया आश्वासन

छानबे। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल शनिवार दोपहर तीन बजे विंध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव पहुंचे। उन्होंने छात्र प्रिंस के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का भरोसा दिया। मृतक के पिता केशव प्रसाद से बातचीत के बाद मंत्री ने डीआईजी को निर्देश दिया कि पीड़ित की बात गंभीरता से सुनकर आवश्यक कार्रवाई करें और उन्हें संतुष्ट करें। वहीं, जिलाधिकारी को आर्थिक सहायता की प्रक्रिया पूरी कर परिवार को मदद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और जांच भी जारी है। घटना में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ सभी पात्र सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद क्षेत्राधिकारी नगर को परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का निर्देश दिया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने मृतक गेदालाल के परिजनों से भी मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष रामलौटन बिंद, राजकुमार दुबे, राजेंद्र पाठक, संजय उपाध्याय और राजाराम बिंद समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

छानबे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में छात्र प्रिंस की अपहरण के बाद हत्या की घटना को लेकर शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के पिता केशव प्रसाद और दादा रामदास से मुलाकात कर घटना पर आक्रोश जताया। साथ ही मामले को सदन में उठाकर उच्चस्तरीय जांच कराने का भरोसा दिया। इस दौरान प्रभारी जिलाध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, सतीश मिश्रा, कीर्ति कोल, डॉ. ज्योति बिंद, मुन्नी यादव, जैनेंद्र सिंह, संग्राम बिंद और सूर्यमणि यादव सहित अन्य नेता मौजूद रहे। इससे पहले शुक्रवार को भाजपा सांसद डॉ. विनोद बिंद समेत कई भाजपा नेताओं ने भी गांव पहुंचकर परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया था।

## परिषदीय विद्यालयों में धूमधाम से मना बाल दिवस

राजगढ़। स्थानीय विकासखंड के परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया।विद्यालयों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कंपोजिट विद्यालय धनसिरियां के बच्चों द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने जमकर खरीदारी की।स्थानीय विकास खंड के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रदर्शित किया गया। बाल दिवस के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव ने संदेश के माध्यम से अपने बधाई संदेश में कहा कि आइए हम सब मिलकर बच्चों के उज्जवल भविष्य उनके मुस्कान उनके सपनों के लिए सदैव प्रयास करें। वहीं, बच्चों के उज्जवल भविष्य की मनोकामना की। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रभारी सहित अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## नहाय खाय से सूर्य उपासना का महापर्व छठ का शुभारंभ

चुनार। सूर्य उपासना का महापर्व छठ का शुभारम्भ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ हुआ । व्रती महिलाओं ने सुबह गंगा स्नान कर पवित्रता के साथ शाम को लौकी और चावल का प्रसाद ग्रहण किया और इसके बाद से ही व्रत का संकल्प लेकर व्रत रही। घरों में छठ के गीतों की गूंज और प्रसाद की खुशबू से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शनिवार की शाम व्रती महिलाएं गंगा के पवित्र घाट पर पहुंच कर पूजा की बेदी बनाई। बेदी बनाने के बाद वापस घर पहुंच कर खरना की पूजा की। खरना में व्रती महिलाएं मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ का खीर, रोटी और केले का प्रसाद बनाकर भगवान सूर्य को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती महिलाएं 36 घंटे के निर्जला व्रत में रहेंगी। खरना की रोटी खाने के बाद व्रत और भी कठिन हो जाता है, लेकिन श्रद्धा और भक्ति के आगे व्रती महिलाएं इस कठिन व्रत को बड़े ही धैर्य और आस्था के साथ पूरा करती हैं। रविवार की शाम को व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी, इसके लिए व्रती महिलाएं अपने परिवार के साथ गंगा घाट पर पहुंचेंगी और कमर भर पानी में खड़े होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी।

## अवैध रूप से ३२ कुंतल ५० किलो लदा चीनी पकड़ाया

डुमंडगंज। असिस्टेंट कमिश्नर सेल टैक्स मंजू मौर्या ने अपनी टीम के साथ शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। टीम ने यूपी एमपी बार्डर पर स्थित भैंसोड़ बलाय पहाड़ गांव में मध्य प्रदेश की तरफ से आ रहे एक पिकअप वैन को पकड़ा, जिसमें बिना प्रपत्र के 32 कुंतल 50 किलो चीनी लदी पाई गई। जांच के दौरान पिकअप चालक चीनी खरीद का कोई कागजात नहीं दिखा सका। इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते पिकअप वैन को पुलिस की अभिरक्षा में डुमंडगंज थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि सेल टैक्स विभाग द्वारा 75 बोरी चीनी लदी पिकअप वैन पकड़ी गई है। चीनी लदे पिकप वैन को टीम द्वारा थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

# धान खरीद की तैयारियां पूरी, क्रय केंद्र किसानों की उपज खरीदने को तैयार

## किसानों की सुविधा के लिए पूरी की गयी आवश्यक व्यवस्थाएं

हलिया। विकास खंड क्षेत्र में धान खरीद को लेकर विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। हलिया प्रथम एवं द्वितीय धान क्रय केंद्र पर किसानों से धान खरीदने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं। केंद्रों पर किसानों की सुविधा और व्यवस्थित ढंग से धान खरीद सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर तैयारियां की गई हैं। धान की फसल तैयार होने के साथ ही किसानों की नजर अब सरकारी क्रय केंद्रों पर टिकी हुई है, जिससे उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके। प्रथम धान क्रय केंद्र के विपरण निरीक्षक शिवम सिंह बताया कि अब तक लगभग 1700 किसानों ने धान बिक्री के संबंध में केंद्र पर संपर्क किया है धान खरीद के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मवई द्वितीय धान क्रय केंद्र के विपणन निरीक्षक सुधीर कुमार यादव ने भी धान खरीद की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रों पर किसानों से धान खरीदने के लिए विभागीय तैयारियां पूरी हैं। किसानों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी उपज बेचने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों को सलाह दी गई है कि वे धान बिक्री से संबंधित आवश्यक अभिलेख एवं पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी रखें, जिससे केंद्र पर पहुंचने के बाद खरीद प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।

## नेहरू जयंती पर कांग्रेसियों ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मीरजापुर। आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से आवास विकास स्थित पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक उर्फ राजन पाठक ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के बताए मार्ग पर चलकर आधुनिक भारत के निर्माण और देश को मजबूत बनाने में योगदान देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# दुकान का ताला काटकर नकदी समेत सामान चोरी

नरायनपुर। वाराणसी-मीरजापुर मार्ग पर बैकुंठपुर नरायनपुर बस स्टैंड के पास शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने परचून की दुकान का ताला काटकर करीब 50 हजार रुपये नकदी और हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। चोरों ने बगल स्थित अमूल दूध की दुकान को भी निशाना बनाया, लेकिन उसका ताला आधा काटकर छोड़ दिया। मुख्य मार्ग पर हुई चोरी की घटना से स्थानीय व्यापारियों में दहशत है। परचून व्यवसायी वरुण कुमार जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब दस बजे दुकान बंद कर वह पास स्थित अपने घर सोने चले गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे दुकान पहुंचे तो ताला कटा हुआ और दरवाजा खुला देखकर हैरान रह गए। अंदर जांच करने पर कैश बॉक्स में रखे करीब 50 हजार रुपये गायब मिले। चोर दुकान का अन्य सामान भी उठा ले गए। वरुण के मुताबिक शनिवार को व्यापारियों को बकाया भुगतान करना था, इसलिए उन्होंने नकदी दुकान के कैश बॉक्स में रखी थी। घटना की जानकारी पर प्रभारी निरीक्षक अदलहाट बैजनाथ सिंह मौके पर पहुंचे। दुकान संचालक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। वहीं, सीओ चुनार गायत्री यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को दो दिन के अंदर चोरी का खुलासा करने का निर्देश दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मुख्य मार्ग पर हुई वारदात ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।



बिखरा सामान दिखाता दुकानदार। छाया:आज

## पीपा पुल निर्माण में देरी पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

नरायनपुर। विकास खंड नरायनपुर के रैपुरिया स्थित गंगा घाट पर पीपा पुल लगाये जाने में विलम्ब को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने गंगा घाट पर प्रदर्शन कर अविलम्ब पीपा पुल बनाये जाने की मांग जिला प्रशासन से किया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उच्चाधिकारियों की लापरवाही के चलते रैपुरिया घाट पर पीपा पुल को लेकर अभी तक कोई कार्यवाही नही हो पायी।जबकि गंगा किनारे रखे सैकड़ों पीपा, पुल बनाये जाने का इन्तजार कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि नियमानुसार एक नवम्बर से पीपा पुल बनकर तैयार हो जाना चाहिए था जिसके लिए अक्टूबर माह से ही निर्माण कार्य शुरू हो जाना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि रैपुरिया घाट पर पीपा पुल के लिए आज तक टेंडर जारी नही किया गया है।पीपा पुल से आवागमन को लेकर सैकड़ों गांव की जनता मार्ग बनाये जानें का इन्तजार कर रही है।उक्त पीपापुल से वाराणसी की दूरी आधा से भी कम हो जाती है। क्षेत्रीय आमजन ग्रामीण मुख्य मार्ग के जाम व धूल से बच जाते थे। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दिया है कि रैपुरिया घाट पीपा पुल का निर्माण कार्य अविलम्ब शुरू नही कराया गया तो हजारों ग्रामीण सड़क पर उतरने को बाध्य हो जायेंगे। इस दौरान विजय प्रजापति के साथ गुलाब दास साहनी, रामनरेश सिंह पतारू, अनिल मौर्या, अजय कुमार साहनी, अशोक कुमार साहनी आदि तमाम लोग उपस्थित रहे। इस सम्बन्ध में अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग अवधेश यादव ने बताया कि विभाग द्वारा तीन बार टेंडर प्रकाशित कराया गया है। नियमानुसार तीसरे बार भी टेंडर पास नही होने पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर किसी को पीपा पुल का ठेका दिया जा सकता है।जिसका बजट लगभग तैंतीस लाख रुपया है।ऐसी स्थिती बनने पर भी लगभग 15 दिनों मे पीपा पुल निर्माण कार्य शुरू हो जाना चाहिए।

# बाल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

अदलहाट। विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौड़ियाकला में शनिवार को बाल दिवस के अवसर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने उत्तम प्रदर्शन किया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डॉ. नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रतिवर्ष बाल दिवस पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करता है, जिसमें बच्चे विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करके अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। प्रतियोगिता में पीजी के म्यूजिकल चेयर में पार्थ, एलकेजी के अरेंजिंग चेयर में विशेश, यूकेजी के मैनेजिंग सिटिंग में आदित्य चौरसिया और कार्तिक पटेल विजेता रहे। वहीं, कक्षा एक में गोल द बॉल में केशव और कक्षा दो में प्ले विथ हुला हूप में स्वयं और आयुष विजेता रहे। कक्षा तीन में फ्रॉग रेस में विराट चौहान, कक्षा चार में कोन रेस में शुभम और अनुष्का तथा कक्षा पांच की रिले रेस में डिंपल और अर्पित तथा विराट और शुभम विजेता रहे। प्राइमरी विंग की कबड्डी में कक्षा तीन की बालिका टीम श्रेया, कृपति, जान्हवी, लक्ष्मी, कोमल, देवांशी और प्रतिष्ठा विजेता रही। कबड्डी में बालक वर्ग में जूनियर ग्रुप में उत्कर्ष, आशीष, सत्यम, भौमिक, कृष, शिवम और हर्षित की टीम तथा सीनियर ग्रुप में हर्षित, आर्यन, निशांत, अंश, शुभम, प्रियांशु, शिवम और सोम विजेता रहे। कबड्डी में बालिका वर्ग में हर्षिता, स्नेहा, आराधना, साक्षी, साक्षी, शालिनी, कविता विजेता रही और खो-खो में साक्षी, वंशिका, नित्या, आकृति, रुचि, शिवानी, अनन्या, कुमुद, आराध्या विजेता रहीं।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

चुनार। नगर क्षेत्र स्थित डॉ सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर बालिका वर्ग में अदिति यादव ने 100 व 200 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, 400 मीटर की दौड़ में बालिका सिंपल ने बाजी मारी लंबी कूद में श्रेयांशी सोनकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में सिंपल ने सबसे ज्यादा दूर तक फेंककर खिताब अपने नाम किया। बैडमिंटन में आरती साहनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में सत्येंद्र सिंह ने बाजी मारी। 400 व 800 मीटर दौड़ में किशन यादव ने बड़ी दूरी के साथ जीत दर्ज की। शॉट पुट में आयुष सोनकर, डिस्कस थ्रो व जेवलिन थ्रो में अंश पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लंबी कूद में सत्येंद्र सिंह अव्वल रहे।

## विद्यालयों में धूमधाम से मना बाल दिवस

चील्ह। न्याय पंचायत बल्हीपरवा के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर शनिवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्राथमिक विद्यालय कोल्हुआ, रामपुर, देवपरवा, चेकसारी, गहिया और श्रीपट्टी सहित अन्य केंद्रों पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालयों को गुब्बारों और रंगीन कागजों से सजाया गया। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में कविता, गीत, नृत्य, भाषण और नाटक प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। कई विद्यालयों में दौड़, कुर्सी दौड़ और चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुचि दुबे, सरिता देवी, मधुलिका देवी, पूनम विश्वकर्मा तथा प्रधानाध्यापक पूनम गुप्ता ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा, संस्कार और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। बाल दिवस बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूकता का अवसर है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को फल, बिस्कुट और मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की समीक्षा बैठक में संघटन की मजबूती पर जोर

पड़री। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मीरजापुर की समीक्षा बैठक शनिवार को स्थानीय श्री ज्ञानानंद इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष विभूति भूषण सिंह ने की तथा संचालन अभय तिवारी ने किया। इसमें संगठन के सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ आगामी 29 नवंबर को विंध्याचल में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि एवं आय-व्यय निरीक्षक हौशिला त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ होने के साथ आम जनता की आवाज हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। संगठन की एकजुटता से ही पत्रकारों के मान-सम्मान, हितों और सुरक्षा की रक्षा संभव है।

## पंकज महाराज ने सदाचार मद्यनिषेध का दिया उपदेश

अदलहाट। क्षेत्र के बरेंव गांव में शनिवार को जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज महाराज ने सत्संग के माध्यम से भक्तों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन अनमोल है। इसे व्यर्थ गंवाने के बजाय अच्छे कर्मों, समाज सेवा और परमात्मा की भक्ति में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमात्मा ने दया करके मनुष्य शरीर दिया है। यह शरीर कुछ समय के लिए मिला किराये का मकान है। समय पूरा होने पर इसे छोड़कर जाना पड़ेगा। उस समय न जमीन-जायदाद काम आएगी और न ही जाति-बिरादरी तथा धन-दौलत। मनुष्य के अच्छे-बुरे कर्मों का ही हिसाब होगा। संत पंकज महाराज ने कहा कि लोग धन-संपत्ति और जाति-बिरादरी के लिए आपस में लड़ते रहते हैं, जबकि मृत्यु के बाद सब कुछ यहीं छूट जाता है। इसलिए गृहस्थ आश्रम में रहते हुए ऐसे कर्म करने चाहिए।

## संक्षेप

### न्यायालय के आदेश पर कच्ची शराब करायी गयी नष्ट

मड़िहान। पुलिस ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में लंबे समय से थाने में रखी अवैध कच्ची शराब का निस्तारण कराया। विभिन्न मुकदमों में बरामद कुल 346 लीटर कच्ची शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया। यह शराब मड़िहान थाने में दर्ज 46 मुकदमों से संबंधित थी। पुलिस के अनुसार, अलग-अलग मामलों में बरामद की गई शराब करीब दो वर्षों से थाना परिसर में पुलिस अभिरक्षा में रखी हुई थी। संबंधित मुकदमों में न्यायालय की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शराब के निस्तारण का आदेश प्राप्त हुआ। इसके अनुपालन में शनिवार को थाना परिसर में जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर 346 लीटर शराब नष्ट कराई गई। कार्रवाई सीओ ऑपरेशन मोहम्मद फहीम अहमद और थाना प्रभारी नवीन कुमार तिवारी की मौजूदगी में संपन्न हुई। इस दौरान तहसील के अधिकारी, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक राकेश कुमार शुक्ला, राजेश कुमार पाण्डेय समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अदलहाट। स्थानीय थाने में शनिवार को थाना अध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के फरियादियों द्वारा कुल 9 प्रार्थना पत्र आए हुए थे, जिसमें राजस्व से संबंधित दो तथा पुलिस से संबंधित सात रहे, जिसमें से पुलिस से संबंधित एक मामले का समाधान हुआ। अन्य आठ को संबंधित राजस्व और पुलिस कर्मियों को गुणवत्ता पूर्वक निष्पादन का आदेश दिया गया। तहसील से एक कानूनगो व कुछ नेखपाल उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों में अभय नारायण सिंह, त्रिभुवन राय, राम, विशाल सिंह, कमला प्रसाद, राजेश प्रसाद यादव, नियाज अहमद सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे है।

### सन शाइन इंग्लिश स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

मड़िहान। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर शनिवार को सन शाइन इंग्लिश स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के एमडी अरुण सिंह पटेल (राजन) एवं प्रधानाचार्य द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों की ओर से आकर्षक दुकानें सजाई गईं। रंग-बिरंगी दुकानों और स्वादिष्ट व्यंजनों ने कार्यक्रम को मेले का रूप दे दिया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की और विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। पूरे विद्यालय परिसर में दिनभर चहल-पहल, हंसी-खुशी और उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि बच्चों ने केवल मनोरंजन ही नहीं किया, बल्कि स्वयं दुकानदार बनकर व्यापार के गुर भी सीखे।

### कर्मचारियों को शीत ऋतु से पहले बांटे गर्म वस्त्र

मीरजापुर। आगामी शीत ऋतु को देखते हुए स्टेशन रोड स्थित शिव शक्ति लॉन में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने पालिका कर्मचारियों को गर्म वस्त्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के प्रति सम्मान और अपनत्व जताते हुए उनके कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। श्याम सुंदर केशरी ने कहा कि जब लोग ठंड में घरों में रहते हैं, तब सफाई कर्मचारी और स्वच्छताग्राही सुबह से ही नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुट जाते हैं। नगर की बेहतर व्यवस्था में इन कर्मयोगियों का योगदान अतुलनीय है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग,गाजीपुर

पत्रांक— 2554 / 10ए दिनांक–06 / 11 / 2026

ई०–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई–निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से "ए,बी,सी" एवं "डी" श्रेणी में मार्ग कार्य में लो०नि०वि० के पंजीकृत फर्म / ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक–18.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक–25.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक–25.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो०नि०वि० के पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि–पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक–25.11.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लाग–इन करें।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अधिशासी अभियन्ता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में विशेष मरम्मत योजना के अन्तर्गत | | | | | | | |
| 1 | गाजीपुर | रा0मा0–29 से करदह कैथौली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.20 | 854.00 | निर्माण खण्ड–3 लो0नि0वि0, गाजीपुर | 02 माह |
| 2 | गाजीपुर | मटेंहु गांई घरियां मार्ग के कि.मी.3 से गांई ग्राम तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 19.60 | 1.96 | 854.00 | निर्माण खण्ड–3 लो0नि0वि0, गाजीपुर | 02 माह |

➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
➢ निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

(किरण पाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

उ.प्र.–260891, दिनांक–13.11.2026
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलिया

पत्रांक— 1746 / अ0अ0 / ग्रा0अ0वि0 / ई–निविदा / वि0नि0 / 2026–27 दिनांक— 03.11.2026

ई–प्रोक्योरमेण्ट निविदा आमन्त्रण सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बलिया, उ0प्र0 ग्रा0अ0वि0 में (A.B.C.D.) श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से कार्य की लागत के अनुसार होने पर प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित करते है, निविदादाता (Bidder) किसी अथवा सभी कार्यो हेतु निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र0 स0 | विकास खण्ड | कार्य का नाम | लागत (लाख में) जी0एस0टी0 अतिरिक्त | धरोहर राशि (लाख में) 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 / स्टेशनरी चार्ज / जीएसटी | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) | कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिलाधिकारी कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| माननीय सांसद जी श्री सनातन पाण्डेय लोक सभा क्षेत्र–बलिया की योजना / बजट स्वीकृति के प्रत्याशा में | | | | | | | | | |
| 1 | हनुमाननगंज | ग्राम पंचायत बहेरी में नसरुल्लाह खा के घर से गुडन की दुकान होते हुए पंचायत भवन तक सी0सी0 कार्य। | 12.88 | 0.21 | 225+500+131=856.00 | तीन माह | परिशद–बलिया | परिशद–आजमगढ़ | परिशद–बलिया |
| 2 | नगरपालिका | नगर पालिका परिषद बलिया के वार्ड स0–12 में

# छठ पूजा:दूसरे दिन घाटों पर पहुंच कर किया वेदी पूजन

**चंदौली।** लोक आस्था का महापर्व छाला छठ जनपद के ६४० स्थानों पर मनाया जा रहा है। चार दिवसीय छठ पूजा १३ नवम्बर को शुरू हुआ। रविवार को प्रथम दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। **चकिया प्रतिनिधिनुसार**- लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को व्रती महिलाओं ने परंपरागत विधि-विधान के साथ खरना का अनुष्ठान किया। दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को व्रती महिलाओं ने गेहूं के आटे की रोटी, गुड़ और दूध से बनी खीर का प्रसाद तैयार कर छठी मइया की पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही क्षेत्र के विभिन्न सरोवरों और तालाबों के घाटों पर पहुंचकर विधिवत घाट पूजा की। नगर स्थित मां काली मंदिर पोखरे को छठ पूजा समितियों की ओर से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। घाटों पर साफ-सफाई के साथ रोशनी और सजावट की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं,गांवों से लेकर नगर की गलियों तक छठी मइया के पारंपरिक गीत गूंजने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया है। मुजफ्फरपुर, रघुनाथपुर, गरला, बाबा जागेश्वरनाथ धाम, सिकंदरपुर, शिकारगंज और कस्बा बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर सरोवरों, तालाबों और नदी किनारे बने घाटों पर व्रती महिलाओं ने वेदी पूजन किया। **धानापुर प्रतितिनधिनुसार**- लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व डाला छठ के दूसरे दिन शनिवार को पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल है। धानापुर कस्बा समेत क्षेत्र के विभिन्न गाँवो व कस्बा में व्रती महिलाओं ने सुबह से ही निर्जला उपवास रखकर छठी मइया की आराधना की। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को खरना (संझवत) की परंपरा निभाई गयी । इसके साथ ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत प्रारम्भ हो गया । खरना के अवसर पर व्रती महिलाएं शाम को स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण की और पूरे विधि-विधान से छठी मइया की पूजा-अर्चना किया । इस दौरान छठी मइया को रसियाव (गुड़ की खीर), शुद्ध घी लगी रोटी, अरवा चावल, दूध, गुड़ और केला सहित पारंपरिक पकवानों का भोग लगाया । पूजा के बाद व्रती महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर खरना का अनुष्ठान पूरा कर और परिवार के सदस्यों तथा शुभचिंतकों के बीच प्रसाद वितरित किया । खरना के बाद व्रती महिलाएं अगले 36 घंटे तक अन्न और जल का त्याग कर कठिन निर्जला व्रत शुरू किया । **सैयदराजा प्रतिनिधनुसार**- रविवार को सुबह से बाजारो मे डाला छठ पूजा पर्व के लिए महिलाये व पुरूष फल, गन्ना, मिठाई, कपड़े व किराना के दुकानो पर खरीदारी के लिए भीड़ लगी रही। महिलाये बखीर पूरी खाकर 36 घंटे व्रत की शुरुआत करेगी । और नगर पंचायत कार्यालय स्थित सरोवर व बगही गांव स्थित तालाब पर महिलाये पहुंचकर डाला छठ पूजा के लिए घाट पर बेदी बनाकर पूजा पाठ करके डाला छठ पूजा की शुरुआत किया गया। वही इस वर्ष सैयदराजा विधायक सैयदराजा की पत्नी वाराणसी जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्रीमती किरन सिंह अपने पूरे परिवार के साथ नगर पंचायत सैयदराजा सरोवर पर पहुंचकर वेदी पूजा करके डाला छठ की शुरुआत की। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल उर्फ बाढू व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से डाला छठ पूजा की तैयारी के लिए सुबह से सरोवर पर अपनी देखरेख मे साफ-सफाई कराते रहे वही नगर पंचायत कर्मचारियो सहित अन्य लोगो को दिशा-निर्देश देते रहे।







## डीएम,एसपी ने किया घाटों का निरीक्षण

**मुगलसराय।** छठ महापर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग और पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने दामोदर दास पोखरे का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था,बैरिकेडिंग और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही संबंधित विभागों को शेष कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने बताया कि पूरे जनपद में करीब 640 स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन होना है। सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाइटिंग, बैरिकेडिंग, आवागमन के रास्ते, गोताखोरों और नाविकों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि दामोदर दास पोखरे पर निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां सामने आई हैं, उन्हें पुलिस, प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के माध्यम से जल्द दूर कराया जाएगाए ताकि छठ पर्व व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। वहीं पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती और अन्य आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह और चेयरमैन प्रतिनिधि शमशाद भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय से पूरी कराने पर जोर दिया, जिससे व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



## घर में घुसकर लाखों की चोरी

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के गुरेरा गांव में बीती रात चोरो ने पारस यादव के मकान में घर में घुसकर कमरो का ताला तोड़कर बारह हजार रूपये नगदी, बेशकीमती गहने, बेशकीमती साड़ियों को लकर चम्पत्त हो गये। चोरी की जानकारी सुबह होने पर हुई । चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया । गुरेरा गांव के रहने वाले पारस यादव किसान है । छोटे भाई आर्मी में और उससे छोटा दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते है । बीती रात चोरों ने घर में घुसकर कमरो का ताला तोड़कर लाखों के गहने और बारह हजार नकद चुरा ले गए । सुबह जब परिजन सो कर उठे तो कमरों का ताला टूटा दरवाजा खुला तथा सामान अस्त-व्यस्त देखकर उनके होश उड़ गये। परिजनो की सूचना पर पहूंची पुलिस छानबीन में जुट गयी। वही चोरो ने 500 मीटर दूर सिवान में ले जाकर करीब पांच छः बक्से खेत में तोड़कर उसमें का सामान लेकर चले गये।

## मौसम बदलते ही बढ़ीं मौसमी बीमारियां

मुगलसराय। शनिवार को मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का असर बढ़ने लगा है। दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते लोग सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार और त्वचा संबंधी समस्याओं से परेशान हो रहे हैं। राजकीय महिला चिकित्सालय, मुगलसराय में इन दिनों उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। इनमें छोटे बच्चों, बुजुर्गों और त्वचा रोग से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है। राजकीय महिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.के. चतुर्वेदी ने बताया कि बदलते मौसम का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। विशेषकर छोटे बच्चों में वायरल संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। इसके अलावा सर्दी-जुकाम, बुखार और त्वचा संबंधी बीमारियों के मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। तापमान में अचानक बदलाव होने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो सकती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के दौरान लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

## संक्षिप्त

### बहनोई की हत्या का आरोप लगा कोतवाली पहुंचीं अधिवक्ता

मुगलसराय। शनिवार को अपने बहनोई की कथित हत्या के मामले में न्याय की गुहार लगाने अधिवक्ता नीतू पांडे कोतवाली पहुंचीं। उन्होंने पुलिस पर शिकायत की सुनवाई नहीं करने और एफआईआर दर्ज करने में टालमटोल करने का आरोप लगाते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

### १९ को ब्राह्मण हितकारिणी महासभा की बैठक

इलिया । ब्राह्मण हितकारिणी महासभा की बैठक आगामी 19 नवंबर, गुरुवार को शहाबगंज विकासखंड के बरांव गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। बैठक को लेकर संगठन के पदाधिकारियों ने आपस में विचार-विमर्श कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पांडेय ने सभी पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और बैठक की सफलता के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग,गाजीपुर

पत्रांक— 2554/10ए दिनांक—06/11/2026

ई0—निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई—निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से "ए,बी,सी" एवं "डी" श्रेणी में मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक—18.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक—25.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक—25.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि—पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक—25.11.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लाग—इन करें।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अधिशासी अभियन्ता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वित्तीय वर्ष 2026—27 में विशेष मरम्मत योजना के अन्तर्गत | | | | | | | |
| 1 | गाजीपुर | रा0मा0—29 से करदह कैथौली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.20 | 854.00 | निर्माण खण्ड—3 लो0नि0वि0, गाजीपुर | 02 माह |
| 2 | गाजीपुर | मटेंहु गांई घरियां मार्ग के कि.मी.3 से गांई ग्राम तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 19.60 | 1.96 | 854.00 | निर्माण खण्ड—3 लो0नि0वि0, गाजीपुर | 02 माह |

➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
➢ निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड—3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

(किरण पाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड—3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

उ.प्र.—260891, दिनांक—13.11.2026
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


## पिकअप,कार की भिड़ंत बाल-बाल बचा चालक

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के बरहुली के पास एनएच-19 की सर्विस लेन पर शनिवार की शाम पिकअप और हुंडई चार पहिया वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक बाल-बाल बच गया, जबकि उसे हल्की चोटें आईं। जानकारी के अनुसार, शुभम सिंह उड़ीसा से गोरखपुर जा रहे थे। इसी दौरान बरहुली के पास सर्विस लेन पर उनकी हुंडई कार की सामने से आ रही पिकअप से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। कार चालक शुद्धानंद चौरसिया निवासी बलिया को हल्की चोट आई। मौके पर पहुंची अलीनगर पुलिस ने घायल चालक को निजी अस्पताल में भर्ती करायाए जहां उसका उपचार कराया गया। वहीं, हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही अलीनगर थाना पुलिस और हाईवे की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

## सड़क के बीच खड़ा बिजली का खंभा बना हादसों का सबब

**चहनियां।** बैराठ-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर बैराठ नवोदय विद्यालय के समीप सड़क के बीचोंबीच खड़ा बिजली का खंभा राहगीरों के लिए खतरे का सबब बना हुआ है। सड़क चौड़ीकरण के बाद खंभा सड़क के बीच आ जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते अब तक खंभे को सड़क के किनारे नहीं कराया जा सका है। विभाग की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को सड़क पर उतरकर धरना-प्रदर्शन किया और खंभे को तत्काल हटाने की मांग उठाई। ग्रामीणों के अनुसार, बाबा कीनाराम मठ के चौमुखी विकास की योजना के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा कीनाराम जन्मोत्सव के दौरान क्षेत्र के विकास को लेकर कई घोषणाएं की थीं। खासकर रात के अंधेरे में खंभा दिखाई नहीं देने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गंभीर समस्या से बिजली विभाग के सक्षम अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन हर बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए मांग की कि किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार किए बिना बिजली के खंभे को तत्काल सड़क के किनारे कराया जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके। धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से अभेन्द्र कुमार यादव, प्रधान बबलू सोनकर, सविंद्र यादव, शैलेंद्र सोनकर, अरविंद यादव, सोनू यादव, गोरख यादव, सुनील यादव, बृजेश, दुर्गेश, लक्ष्मण लाल, बहादुर, गोलू यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## देश के प्रथम प्रधानमंत्री की मनी जयंती



**चंदौली।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती श्रीमती चंद्रा त्रिपाठी भवन कांग्रेस कार्यालय में तैल चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू से बच्चों से इतना लगाव था कि उनको चाचा नेहरू भी कहा जाता था और उनकी जयंती बाल दिवस के रूप में भी मनाई जाती है। देश की आजादी के बाद देश की बदहाल स्थिति को सवारते हुए देश में बड़े-बड़े संस्थानों की स्थापना कराकर देश के स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया पंडित जवाहरलाल नेहरू अपने कार्यकाल में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि पर विशेष बल दिया और शिक्षा के स्तर को गांव गांव तक मजबूत बनाने का कार्य किया। देश की एकता और अखंडता को कायम करते हुए धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में भारत की पहचान बनाए। उपस्थित लोगों में मधु राय, मुनीर खान, राम मूरत गुप्ता, कुलदीप वर्मा, असगर अली, बदरूद दूजा अंसारी, दिलीप यादव, चंद्रवंश यादव , प्रेमचंद गुप्ता, जोगिंदर सिंह, राकेश सिंह, रामावतार यादव, मदनलाल, सैयद अंसारी, विजय कुमार, संजय मिश्रा, शमशेर अली, अमरदेव राम, गोविंद यादव, अध्यक्षता रामानंद सिंह यादव, संचालन शिवेंद्र मिश्रा ने किया।

## पड़ाव चौराहे पर अवैध अतिक्रमण का जाल

**पड़ाव।** चिराग तले अंधेरा कहावत पड़ाव चौराहे पर पूरी तरह चरितार्थ होती नजर आ रही है। एक ओर प्रशासन चौराहे को अतिक्रमण मुक्त कराने का दावा करता है,वहीं दूसरी ओर देशी और अंग्रेजी शराब की कंपोजिट दुकानों के आसपास अवैध रूप से संचालित चखने की दुकानें, फुटपाथ पर अतिक्रमण और अस्थायी वाहन स्टैंड प्रशासनिक कार्रवाई को आईना दिखा रहे हैं। आरोप है कि शराब की दुकानों के आसपास सुबह से शाम तक चखने की दुकानें संचालित होती हैं, जहां बैठकर लोग खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। इतना ही नहीं, फुटपाथ पर दुकानों और ठेले-खोमचे के चलते अतिक्रमण का जाल फैला हुआ है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इन समस्याओं पर नहीं पड़ रही है। हैरानी की बात यह है कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर प्रशासन पड़ाव चौराहे से करीब 100 से 150 मीटर दूर जाकर एक-दो दुकानों पर कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपा लेता है, लेकिन चौराहे पर शराब की दुकानों के आसपास संचालित चखने की दुकानों और फुटपाथ पर फैले अतिक्रमण के खिलाफ ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आती। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर इन अवैध चखने की दुकानों को किसका संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते जिम्मेदार विभाग भी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।

## डैडीज इंटरनेशनल स्कूल में १४ बालिकाओं को दी साइकिलें

**चंदौली।** बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को डैडीज इंटरनेशनल स्कूल में 14 बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना ने बंशीधर तिवारी के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यालय में बच्चों ने सभी शिक्षकों के साथ केक काटकर उत्साहपूर्वक बाल दिवस मनाया। इस दौरान बच्चों को मिठाई, केक, चॉकलेट, पेंसिल और पेन बाँटे गए। एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षा वह अस्त्र है, जो आपको बड़ा बनाती है। शिक्षा को आगे बढ़ने का सबसे बड़ा हथियार समझिए और मन लगाकर पढ़ाई कीजिए। फर्श से अर्श तक का सफर शिक्षा ही तय करवाती है। विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ. विनय प्रकाश तिवारी ने कहा कि डैडीज इंटरनेशनल स्कूल सामाजिक उत्थान के लिए हमेशा अग्रसर रहता है। उन्होंने बताया कि जिन बालिकाओं को साइकिलें मिलीं,उनमें किसी के पिता मजदूर हैं तो किसी के पिता किसान हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा देने के साथ उन्हें इस बात के लिए प्रेरित करना भी विद्यालय की जिम्मेदारी है कि वे समाज में सभी को बराबरी का हक दिलाने में अपनी भूमिका निभाएँ। पिछले वर्ष भी बाल दिवस के अवसर पर 14 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिलें वितरित की गई थीं। विद्यालय की ओर से हर महीने अयोध्या धाम के दर्शन के लिए नि:शुल्क बस यात्रा भी कराई जाती है। इस अवसर पर मुगलसराय मीडिया कॉम के संचालक सत्य प्रकाश तिवारी, हास्य कवि रोहित पांडेय, विनय पांडेय, अश्वनी चौबे, राहुल पांडेय और मनीष पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## हौसले बुलंद दो चोरो ने दो मंदिरों को बनाया निशाना

**चंदौली।** जनपद में चोरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की रात्रि गश्त पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला अलीनगर थाना क्षेत्र के कैथी त्रिया गांव के सिवान का है, जहां चोरों ने दो मंदिरों को निशाना बनाते हुए दानपेटी और घंटा चोरी कर लिया। जानकारी के मुताबिक, चोरों ने हनुमान मंदिर और शनि मंदिर के ताले काटकर अंदर प्रवेश किया और दानपेटी व घंटा लेकर फरार हो गए। सुबह जब ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो चोरी की घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों के मुताबिक, इससे पहले भी मंदिरों से दो बार घंटा चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। ठंड की शुरुआत के साथ ही चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी से ग्रामीणों में दहशत और नाराजगी है। अब चोर धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाने लगे हैं।

## बाल दिवस पर तिलौरी प्राथमिक विद्यालय में संगोष्ठी

**चकिया।** विकासखंड के तिलौरी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन उत्तर प्रदेश की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख शंभूनाथ यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, डॉ. प्रदीप कुमार मौर्य एवं डॉ. गीता शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात मां सरस्वती एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख शंभूनाथ यादव ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा और उचित मार्गदर्शन देकर एक जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सकता है। बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि बाल दिवस बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के प्रति समाज को जागरूक करने का अवसर है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता आशु, ग्राम प्रधान चंदन, दीपक चौहान, ईशान गुप्ता, रोहित सोनकर, रवींद्र मौर्य, पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन के प्रबंधक प्रशांत कुमार, कार्तिकेय पांडेय, कोषाध्यक्ष अमरदीप कुमार, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी, सहायक अध्यापिका पूजा मौर्य, शिक्षामित्र कनकलता मौर्य, मंगला सिंह, सुमित कुमार कुशवाहा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## गेहूं की बोआई के समय पर डीएपी का संकट

**इलिया ।** गेहूं की बुवाई का पीक समय चल रहा है, लेकिन खाद की किल्लत किसानों की मुश्किलें बढ़ा रही है। खेतों को तैयार कर बुवाई की आस लगाए बैठे किसानों को डीएपी के लिए सहकारी समितियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कहीं खाद उपलब्ध है तो कहीं किसान खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। इलिया और खरौझा सहकारी समितियों की खाद उपलब्धता की स्थिति भी इसी तस्वीर को बयां कर रही है। इलिया सहकारी समिति पर वर्तमान में डीएपी की 300 बोरी और यूरिया की 666 बोरी उपलब्ध है, जबकि खरौझा समिति पर डीएपी पूरी तरह नदारद है। यहां महज 200 बोरी यूरिया ही उपलब्ध बताई जा रही है। ऐसे में डीएपी की आस लगाए किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। गेहूं की बुवाई के लिए समय पर खाद नहीं मिलने से उन्हें खेती का जरूरी काम पिछड़ने की चिंता सता रही है। किसानों का कहना है कि गेहूं की बुवाई के दौरान डीएपी की जरूरत रहती है। ऐसे महत्वपूर्ण कृषि सीजन में समितियों पर खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। यदि समय रहते खाद नहीं मिली तो बुवाई प्रभावित होने के साथ किसानों को निजी दुकानों का रुख करना पड़ सकता है। किसानों ने संबंधित विभाग से सभी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में इलिया सहकारी समिति के सचिव भोला यादव ने बताया कि समिति पर 300 बोरी डीएपी और 666 बोरी यूरिया उपलब्ध है। खाद का वितरण शीघ्र शुरू कराया जाएगा।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलिया

पत्रांक— 1746 /अ0अ0/ग्रा0अ0वि0/ई—निविदा/वि0नि0/2026—27 दिनांक— 03.11.2026

ई—प्रोक्योरमेण्ट निविदा आमन्त्रण सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड—बलिया, उ0प्र0 ग्रा0अ0वि0 में (A.B.C.D.) श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से कार्य की लागत के अनुसार होने पर प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित करते है, निविदादाता (Bidder) किसी अथवा सभी कार्यो हेतु निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | कार्य का नाम | लागत (लाख में) जी0एस0टी0 अतिरिक्त | धरोहर राशि (लाख में) 2% | निविदा प्रपत्र का मुल्य रू0 /स्टेशनरी चार्ज/जीए सटी | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) | कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिलाधिकारी कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| माननीय सांसद जी श्री सनातन पाण्डेय लोक सभा क्षेत्र—बलिया की योजना/बजट स्वीकृति के प्रत्याशा में | | | | | | | | | |
| 1 | हनुमानगंज | ग्राम पंचायत बहेरी में नसरुल्लाह खां के घर से गुडन की दुकान होते हुए पंचायत भवन तक सी0सी0 कार्य। | 12.88 | 0.21 | 225+500+131=856.00 | तीन माह | प्रखण्ड—बलिया | परिमण्डल—आजमगढ़ | कलेक्ट्रेट—बलिया |
| 2 | नगरपालिका | नगर पालिका परिषद बलिया के बार्ड सं0—12 में गुलाब देवी डिग्री कालेज के समीप आदित्य लांज से सतीस तिवारी (से0नि0 लेखपाल) के घर तक 100 मी0 सी0सी0 कार्य। | 10.22 | 0.21 | 225+500+131=856.00 | तीन माह | | | |
| 3 | हनुमानगंज | ग्राम पंचायत—माल्देपुर में छोटेलाल बिन्द के घर से अवधेश राम और विनोद महंगु एव द्वारिका के घर होते हुए राजेश गोड के घरतक240.मी0इण्टरलाकिंग कार्य। | 10.16 | 0.21 | 225+500+131=856.00 | तीन माह | | | |

1. बेवसाइट पर बिड प्रकाश की तिथि—26.11.2026
2. ई—निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय—03.12.2026 दोपहरं 12.00 बजे
3. ई—निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय—04.12.2026 समय दोपहरं 12.30 बजे।
4. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लाज—10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि—पत्र का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही कराया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओ को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई—निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृप्या वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लाग इन करें तथा बिड डाक्युमेन्ट को डाउनलोड करें।

(आर0 के0 गोंड़)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड—बलिया

उ.प्र.—260998
दिनांक—13.11.2026
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# स्टार्टअप इकोसिस्टम को यूपी सरकार देगी नयी रफ्तार

लखनऊ (आससे)। योगी सरकार प्रदेश को देश के प्रमुख स्टार्टअप और नवाचार केंद्रों में स्थापित करने की दिशा में प्रयास कर रही है। प्रदेश में युवाओं के नवाचार, उद्यमिता और नए व्यावसायिक विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसा इकोसिस्टम विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है, जहां किसी नए विचार को सफल आदित्यनाथ द्वारा स्टार्टअप्स को केवल शुरुआती स्तर पर सहयोग देने तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उत्पाद विकसित होने के बाद उनके कारोबार को विस्तार देने और निवेश के लिए तैयार करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने में इनक्यूबेटर्स की अहम भूमिका होगी। इनके माध्यम से प्रोत्साहन पर केंद्रित इनक्यूबेटर्स स्थापित करना होगा। इससे शैक्षणिक और तकनीकी संस्थानों की विशेषज्ञता का उपयोग नए उद्यमों को आगे बढ़ाने में किया जा सकेगा। स्टार्टअप्स को उत्पाद विकास के बाद कारोबार विस्तार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से एक्सीलरेशन प्रोग्राम की व्यवस्था की गई है। यह न्यूनतम 12 सप्ताह की अवधि वाला एक संरचित और समयबद्ध कार्यक्रम होगा। एक्सीलरेटर प्रोग्राम में गहन मेंटरशिप, बाजार तक पहुंच बनाने में सहायता, निवेश के लिए तैयारी संबंधी प्रशिक्षण और अन्य स्टार्टअप्स के साथ अनुभव साझा करने के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।एक्सीलरेटर प्रोग्राम की अवधि कम से कम 12 सप्ताह होनी चाहिए और इसमें कम से कम पांच स्टार्टअप्स का समूह कोहोर्ट शामिल होना जरूरी होगा। कार्यक्रम का संचालन यूपी स्टार्टअप मिशन से सूचीबद्ध संस्था द्वारा किया जाएगा। स्टार्टअप की परिभाषा और पात्रता के लिए केंद्र सरकार की 4 फरवरी 2026 की अधिसूचना को आधार बनाया गया है।

## इनक्यूबेटर्स और एक्सीलरेटर प्रोग्राम से मजबूत होगा नवाचार का आधार

व्यवसाय में बदलने तक आवश्यक सहयोग मिल सके। उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन के तहत स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए इनक्यूबेटर्स, होस्ट इंस्टीट्यूट्स और एक्सीलरेटर प्रोग्राम की महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित की गई है। योगी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के युवाओं को अपना उद्यम शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए जरूरी संसाधन, मार्गदर्शन और संस्थागत सहयोग प्रदेश में ही उपलब्ध हो। उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन के सीईओ सुमित महाजन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी स्टार्टअप्स को प्लग एंड प्ले सुविधाएं, मीटिंग एवं कॉन्फ्रेंस रूम, ऑफिस स्पेस और साझा प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सीईओ ने बताया कि प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को विस्तार देने के लिए होस्ट इंस्टीट्यूट्स को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित या स्थापित तथा सरकार से मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी, प्रबंधन और अनुसंधान एवं विकास संस्थान शामिल होंगे। इन संस्थानों का उद्देश्य प्रदेश में उद्यमिता के विकास और

# वीबी-जी राम जी योजना, कार्यों का डिजिटल सत्यापन और श्रमिकों की डिजिटल हाजिरी

लखनऊ (आससे)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्च अधिकारियों से वीबी-जी राम जी योजना विकसित भारतदृगारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के क्रियान्वयन एवं प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। श्री मौर्य ने मास्टर रोल, माप पुस्तिका, श्रमिकों की उपस्थिति, कार्यों के अभिलेख और भुगतान संबंधी प्रक्रियाओं को डिजिटल प्रणाली से जोड़ने तथा दस्तावेजों का नियमित ऑडिट कराने के निर्देश दिए। योजना के प्रत्येक कार्य और भुगतान का अभिलेख पूरी तरह पारदर्शी एवं सत्यापन योग्य होना चाहिए। किसी भी स्तर पर अनियमितता, फर्जीवाड़े अथवा सरकारी धन के दुरुपयोग की संभावना नहीं रहनी चाहिए। वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत से लेकर शासन स्तर तक प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का अधिकतम 15 दिनों के भीतर निस्तारण किया जाए। योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का डिजिटल माध्यम से सत्यापन किया जाए। कार्यस्थलों पर उपस्थित श्रमिकों की नियमित डिजिटल हाजिरी कराई जाए, ताकि वास्तविक श्रमिकों की उपस्थिति और उनके कार्य का सही रिकॉर्ड उपलब्ध रहे। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शेष

## यूपी में अग्निवीरों...

कारागार विभाग, वन विभाग और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। सीएम ने कहा कि सेना के अनुशासन और प्रशिक्षण से तपकर आने वाले नौजवान उत्तर प्रदेश पुलिस और शासन की ताकत बनेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों के अनुभव को भी प्रदेश के विकास में उपयोगी बताया। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2021 में समूह 'ख' के पदों पर पूर्व सैनिकों के लिए पांच प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। उनके मुताबिक, पिछले तीन वर्षों में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से 647 पूर्व सैनिक सरकारी सेवा में चयनित हुए हैं। वहीं, सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से वर्तमान में लगभग 31,700 पूर्व सैनिकों को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पावर कॉरपोरेशन, मेडिकल कॉलेजों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी पूर्व सैनिकों को सौंपने का निर्णय लिया गया है। नगर निकायों के प्रवर्तन दलों में भी पूर्व सैनिकों की तैनाती की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश सरकार की सैनिक कल्याण योजनाओं के तहत 96 करोड़ 78 लाख रुपये की सहायता दी गई है। सैनिक पुनर्वास निधि से 15 हजार से अधिक लाभार्थियों को 115 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों और उनकी पत्नियों को छह हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है।

## भारतमें २०१४...

यह कहूं कि विपक्ष इस बदलाव से हैरान नहीं था, तो यह झूठ होगा। उन्होंने कहा कि एक दशक तक भारतीय राजनीति में यह संकट बना रहा। फिर अचानक हमें पता चला कि आखिर क्या हो रहा था। हमने इसका पता लगाया और बिना किसी संदेह के साबित किया कि 2014 में भारत में लोकतंत्र को खत्म कर दिया गया था। भारत सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आपको कारोबार के शीर्ष पदों पर ऐसे लोग मिलेंगे। शिक्षा जगत में भी ऐसे लोग मिलेंगे। वे ऐसा दिखाते हैं, जैसे उन्हें सब कुछ पता है। राजनीति में हम उन्हें फासीवादी कहते हैं। उन्होंने कहा कि फासीवादी लोग अक्सर चिल्लाते हैं। वे शोर मचाते हैं। वे जोर-जोर से बोलते हैं। वे किसी की बात नहीं सुनते। जबकि ज्यादातर लोग दूसरों की बात सुनते हैं।

## कानपुर : सड़क...

दी। बस की चपेट में आकर बाइक में आगे बैठा पीयूष बस के आगे शीशे से टकरा गया। वहीं आयुष बस के पीछे फंस दूर तक घिसटता चला गया। बस की चपेट में आने से दोनों बेटों की मौके पर मौत हो गयी। वहीं पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद राहगीरों ने बस का पीछा कर रमईपुर के पास बस चालक को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से घायल पिता को एम्बुलेंस की मदद से बिधनू सीएचसी भिजवाया। जहां से डाक्टर ने अमर बहादुर की गंभीर हालत देख उसे हैलट रेफर कर दिया।

## महादेव आनलाइन...

म्यूल बैंक खातों और हवाला नेटवर्क के इस्तेमाल के संकेत मिले हैं। सीबीआई ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार से जांच स्थानांतरित होने के बाद महादेव ऑनलाइन बुक ऐप मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। जांच में सामने आया है कि इस प्लेटफॉर्म का संचालन विदेश स्थित मुख्य कार्यालय से किया जाता है, जबकि भारत में इसका नेटवर्क बड़े पैमाने पर पैनल संचालकों के जरिये चलाया जाता है।

## लखनऊमें वकीलों...

गया। बैरिकेडिंग टूटने के बाद पुलिस प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने में जुटी रही। कैसरबाग से परिवर्तन चौक, हजरतगंज चौराहे और जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा तक लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ डाली। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारी वकीलों के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। पुलिस अधिकारी लगातार अधिवक्ताओं को रोकने और समझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। लखनऊ में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे वकील विधानसभा के गेट नंबर-2 के सामने पहुंच गए। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता पुलिस पर भारी पड़ते नजर आए और उनसे बैरिकेडिंग छीन ली। मौके पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बनी रही।

## केपीएससी भर्ती...

केपीएससी की ओर से आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर दर्ज की गईं कई प्राथमिकियों के आधार पर शुरू की थी। इस मामले में साहूकार, गीता, गंगवार और कथित बिचौलिए बसवराज कन्नाले को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने आरोप लगाया कि साहूकार के कहने पर गंगवार ने बैठने की व्यवस्था और प्रश्नों के मिश्रित चार्ट का इस्तेमाल कर छह अभ्यर्थियों को 80 सवालों के सही जवाब उपलब्ध कराये थे। इन अभ्यर्थियों के पंजीकरण नंबर गीता ने उन्हें दिये थे। ईडी ने कहा कि इसके बदले तत्कालीन अध्यक्ष (साहूकार) ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उनकी पसंद के एक अभ्यर्थी को कर्नाटक प्रशासनिक सेवा की परीक्षा के साक्षात्कार में अनुकूल अंक दिलाये जायेंगे।

## दो बच्चोंके...

इसका कारण सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार सुबह करीब आठ से नौ बजे के बीच की है। मृतकों की पहचान जावरा औद्योगिक थाना क्षेत्र के ग्राम मीनाखेड़ा निवासी 26 वर्षीय दयाबाई पति हरिओम मालवीय, उसकी सात वर्षीय बेटी दक्षु और चार वर्षीय बेटे अरविंद मालवीय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दयाबाई शनिवार सुबह करीब आठ बजे अपनी बेटी दक्षु को स्कूल की ड्रेस पहनाकर स्कूल छोड़ने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। वह अपने साथ बेटे अरविंद को भी ले गयी थी। घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं के पास पहुंचकर उसने दोनों बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी तेजी से गांव में फैल गयी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद तीनों को कुएं से बाहर निकाला और निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

## कांग्रेसने यूपी...

नहीं झुकेगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस अयोध्या से भाजपा ने सांप्रदायिक राजनीति शुरू की थी, वहीं के समझदार मतदाताओं ने उसकी राजनीति को खत्म करने का संदेश दिया है। अखिलेश ने कहा कि अयोध्या के लोगों ने बदलाव का संकेत दिया है और सभी को इसके लिए तैयार रहना चाहिए।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज हिंदी अखबार का ऑनलाइन ई-पेपर
निःशुल्क ई-पेपर सबस्क्राईब करें।

सूर्योदय : ०६.१४
सूर्यास्त : ०५.१०

तापमान
अधि. : ३०.०
न्यून. : १९.०

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज:** 3,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ:** 1,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022480
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2026-261
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है-
ई-निविदा संख्या- NER-LJN-2026-261, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के सीतापुर-मैलानी सेक्शन के अंतर्गत फ्लैश बट वेल्डिंग TRR(P)=107.750 Tkm (किमी 88.00 से 195.750 तक) का कार्य। अनुमानित लागत(रू0): ₹ 94838755.00, अग्रिम धन(रू0): ₹ 1896800.00, समापन अवधि: 12 माह।
1.उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-261 के लिये ई-निविदा दिनांक 03.12.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2.उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्लू-404 लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, गाजीपुर

पत्रांक:- 2481/10 ए दिनांक:- 05.11.2026

**ई-निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, गाजीपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में ए0,बी0,सी0 एवं डी0 श्रेणी में मार्ग कार्य में पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर निम्न कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता द्वारा एक या समस्त कार्यों के लिए निविदा दी जा सकती है। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

2.

| क. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | गाजीपुर | गाजीपुर गोरखपुर मार्ग पर स्थित सिशरामपुर चट्टी से गुलाब सराय सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 9.00 | 0.90 | 944/- | 1 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, गाजीपुर | अधीक्षण अभियन्ता, जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी |
| 2 | गाजीपुर | सुगवलिया सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 11.00 | 1.10 | 944/- | 1 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, गाजीपुर | अधीक्षण अभियन्ता, जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी |
| 3 | गाजीपुर | जंगीपुर पारा मार्ग से किमी0 01 ब्रम्हस्थान सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 33.00 | 3.30 | 944/- | 1 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, गाजीपुर | अधीक्षण अभियन्ता, जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी |
| 4 | गाजीपुर | पारा से महुआरी सम्पर्क मार्ग के शेष भाग सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | 944/- | 1 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, गाजीपुर | अधीक्षण अभियन्ता, जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी |
| 5 | गाजीपुर | गाजीपुर बहरियाबाद किमी0 1 से चक मुस्तफा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 26.00 | 2.60 | 944/- | 1 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, गाजीपुर | अधीक्षण अभियन्ता, जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी |
| 6 | गाजीपुर | रा0मा0 देवकठियां एफ.सी.आई. गोदाम से स्व0 पन्ना यादव के घर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.00 | 1.30 | 944/- | 1 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, गाजीपुर | अधीक्षण अभियन्ता, जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी |
| 7 | गाजीपुर | दिलदारनगर देवकल मार्ग से धनाड़ी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 30.00 | 3.00 | 944/- | 1 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, गाजीपुर | अधीक्षण अभियन्ता, जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी |

2. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 18.11.2026 से 25.11.2026को मध्यान्ह 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकेगे। प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 4869/4एम0-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुपालन में प्रहरी साफ्टवेयर पर समस्त सूचना व अभिलेख अपलोड करने के उपरान्त निविदादाता द्वारा तकनीकी शीट (ई01) डाउनलोड की जायेगी, जिसकी कापी स्कैन कर ई-टेण्डर पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर अपलोड करनी होगी। निविदादाताओं द्वारा ऑन लाईन निविदा की अपलोडिंग/डाउनलोडिंग तथा समस्त प्रपत्रों को शासनादेश सं0 3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुसार जमा किया जाएगा। ऑन लाईन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 25.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, गाजीपुर में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण हेतु http://e-tender.up.nic.in पर लागइन करें।
3. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
4. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

उ.प्र.:- 260890
दिनांक:- 13.11.2026

(संतोष कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., गाजीपुर
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ - 2026

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष रेल गाड़ी सं. | स्टेशन से | | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04209 | वाराणसी जं. | वाया लखनऊ (एनआर) | 22:15 | दिल्ली जं. | 13:45 | सप्ताह में | सोम, बुध, शुक्र | 27.11.2026 तक |
| 04210 | दिल्ली जं. | | 18:50 | वाराणसी जं. | 09:50 | तीन दिन | मंगल, गुरु, शनि | 28.11.2026 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | वाया लखनऊ (एनआर) | 18:20 | आनंद विहार ट. | 06:10 | सप्ताह में | रविवार, गुरुवार | 29.11.2026 तक |
| 04214 | आनंद विहार ट. | | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 30.11.2026 तक |
| 04227 | वाराणसी जं. | वाया लखनऊ (एनआर) | 11:05 | चंडीगढ़ जं. | 04:20 | सप्ताह में | गुरुवार, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04228 | चंडीगढ़ जं. | | 06:00 | वाराणसी जं. | 00:55 | दो दिन | शुक्रवार, सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 03309 | धनबाद | | 10:00 | दिल्ली जं. | 09:15 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | | 11:45 | धनबाद | 13:00 | | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 03697 | गया जं. | | 14:15 | नई दिल्ली | 12:05 | सप्ताह में | मंगलवार, शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 03698 | नई दिल्ली | | 13:40 | गया जं. | 11:15 | दो दिन | बुधवार, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 03293 | पटना जं. | | 21:00 | आनंद विहार ट. | 13:00 | दैनिक | रवि, सोम, मंगल, बुध | 21.11.2026 तक |
| 03294 | आनंद विहार ट. | | 15:50 | पटना जं. | 12:25 | | गुरु, शुक्र, शनि | 22.11.2026 तक |
| 03009 | हावड़ा जं. | | 23:55 | आनंद विहार ट. | 02:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 03010 | आनंद विहार ट. | | 05:15 | हावड़ा जं. | 10:50 | | बुधवार | 02.12.2026 तक |
| 05281 | मुजफ्फरपुर जं. | | 06:30 | आनंद विहार ट. | 05:00 | तिथिवार | बुधवार | 18.11.2026 को |
| 05282 | आनंद विहार ट. | | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | गुरुवार | 19.11.2026 को |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | | 00:20 | छपरा | 19:20 | सप्ताह में | शुक्रवार | 17.11.2026 तक |
| 04057 | छपरा | | 22:10 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | दो दिन | मंगलवार | |
| 01903 | आगरा कैंट | | 20:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 12:20 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 01904 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | | 16:05 | आगरा कैंट | 08:40 | | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 02563 | बरौनी जं. | | 07:40 | नई दिल्ली | 05:10 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध | 30.11.2026 तक |
| 02564 | नई दिल्ली | | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | | गुरु, शुक्र, शनि | 01.12.2026 तक |
| 02569 | दरभंगा जं. | | 06:30 | नई दिल्ली | 04:00 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध | 30.11.2026 तक |
| 02570 | नई दिल्ली | | 12:15 | दरभंगा जं. | 10:00 | | गुरु, शुक्र, शनि | 01.12.2026 तक |
| 05579 | पूर्णिया कोर्ट | | 16:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 01:05 | सप्ताह में | शुक्रवार, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 05580 | आनंद विहार टर्मिनल | | 05:15 | पूर्णिया कोर्ट | 13:45 | दो दिन | रविवार, मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | | 20:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 01:05 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 05576 | आनंद विहार टर्मिनल | | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 02397 | शेखपुरा जं. | | 11:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | | 13:30 | शेखपुरा जं. | 14:45 | | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 03639 | धनबाद जं. | | 18:30 | शकूर बस्ती | 18:40 | सप्ताह में | सोमवार, शुक्रवार | 30.11.2026 तक |
| 03640 | शकूर बस्ती | | 21:10 | धनबाद जं. | 23:45 | दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 01.12.2026 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 05193 | छपरा जं. | | 14:00 | पठानकोट | 22:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.11.2026 तक |
| 05194 | पठानकोट | | 00:30 | छपरा जं. | 09:15 | | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं. | | 21:00 | शकूर बस्ती | 10:05 | सप्ताह में | रवि, सोम, गुरु, शुक्र | 14.12.2026 तक |
| 02418 | शकूर बस्ती | | 21:30 | प्रयागराज जं. | 09:15 | चार दिन | बुध, गुरु, शनि, रवि | 17.12.2026 तक |
| 04163 | नारायणपुर बाजार | | 18:00 | शकूर बस्ती | 10:05 | सप्ताह में | मंगल, बुध, शनि | 16.12.2026 तक |
| 04164 | शकूर बस्ती | | 21:30 | नारायणपुर बाजार | 12:25 | तीन दिन | सोम, मंगल, शुक्र | 15.12.2026 तक |
| 03257 | दानापुर | | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 05301 | मऊ जं. | | 04:40 | अंबाला कैंट जं. | 03:55 | साप्ताहिक | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 05302 | अंबाला कैंट जं. | | 05:45 | मऊ जं. | 04:30 | | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 05085 | छपरा जं. | | 13:05 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 05086 | आनंद विहार टर्मिनल | | 10:50 | छपरा जं. | 07:00 | | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | | 14:50 | मालदा टाउन | 22:30 | | मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 02877 | रांची जं. | | 16:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 02878 | आनंद विहार टर्मिनल | | 19:30 | रांची जं. | 19:10 | | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं. | | 14:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 11:35 | सप्ताह में | बुधवार, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | दो दिन | गुरुवार, सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 05101 | गोरखपुर जं. | | 16:00 | शकूर बस्ती | 11:05 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 05102 | शकूर बस्ती | | 13:15 | गोरखपुर जं. | 08:30 | | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 03107 | कोलकाता | | 23:50 | आलमनगर | 19:45 | साप्ताहिक | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 03108 | आलमनगर | | 01:45 | कोलकाता | 22:30 | | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 04183 | प्रयागराज जं. | | 15:25 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 11:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 04184 | हज़रत निज़ामुद्दीन | | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | बुधवार | 02.12.2026 तक |
| 03437 | मालदा टाउन | | 10:00 | हरिद्वार जं. | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 03438 | हरिद्वार जं. | | 18:35 | मालदा टाउन | 23:55 | | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 01705 | जबलपुर जं. | | 19:40 | अयोध्या धाम जं. | 11:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.12.2026 तक |
| 01706 | अयोध्या धाम जं. | | 13:30 | जबलपुर जं. | 06:45 | | बुधवार | 30.12.2026 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | | 17:00 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में | शुक्रवार, रविवार | 27.11.2026 तक |
| 09310 | हज़रत निज़ामुद्दीन | | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | दो दिन | शनिवार, सोमवार | 28.11.2026 तक |
| 09257 | भावनगर टर्मिनस | | 14:20 | शकूर बस्ती | 10:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | | 13:15 | भावनगर टर्मिनस | 08:50 | | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 09203 | वेर

# बदला पूरा, भारत नौवीं बार चैम्पियन

## मनल ने जगाई उम्मीद, मनन ने पूरा किया मिशन, पाकिस्तान को अन्तिम गेंद पर एक विकेट से हराया

**अल अमीरात (एजेन्सियां)।** पाकिस्तान जीत के करीब था, भारत की उम्मीदें लगभग टूट चुकी थी। ३३८ रन जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया २५२ रन पर आठ विकेट गंवा हार के कगार पर खड़ी थी। पाकिस्तान को खिताब बचाने के लिए ५१ गेंद में सिर्फ दो विकेट चाहिए थे, जबकि भारत को जीत के लिए ८६ रन। तभी मोहित उल्वा ने ऐसी यादगार पारी खेल दी जिसने फाइनल का नतीजा ही पलट दिया। नंबर-१० पर बल्लेबाजी करने आये मोहित ने सिर्फ २६ गेंदों पर नाबाद ४९ रन ठोक दिये। आखिरी ओवर में भारत को आठ रन चाहिए थे और हाथ में सिर्फ एक विकेट था। मैच किसी भी तरफ जा सकता था। आखिरी गेंद पर जीत के लिए तीन रन की जरूरत थी और प्लेयर आफ द मैच मोहित ने गेंद को चार रनों के लिए सीमारेखा के बाहर भेज भारत को एक विकेट से जीत दिला चैम्पियन बना दिया। अल अमीरात में इस जीत के साथ भारत ने नौवीं बार अंडर-१९ एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले भारत ने १९८९, २००३, २०१२, २०१३-१४, २०१६, २०१८, २०१९, २०२१ में यह ट्राफी जीती थी। इस जीत के साथ टीम इण्डिया ने लीग चरण और पिछले साल फाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया। तीन अर्द्धशतक और एक शतक के साथ ३६१ रन बनाने वाले आर्यवीर सहवाग को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। ३३८ रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को कप्तान रायचंदानी और आर्यवीर सहवाग ने पहले विकेट के लिए १७.४ ओवर में ९५ रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। आर्यवीर ने हाथ में गेंद लगने के बावजूद बल्लेबाजी जारी रखी और रिजवानुल्लाह (३-५३) की गेंद पर एक रन के साथ ५१ गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। आर्यवीर हालांकि निकाब शफीक (२-५७) की गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में उस्मान खान को कैच दे बैठे। उन्होंने ६१ गेंद का सामना करते हुए नौ चौके की सहायता से ५८ रन बनाये। रायचंदानी ने इसके बाद वीके विनीत (२४) के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। कप्तान ने हसनैन अब्बास डार की गेंद पर एक रन के साथ ७२ गेंद में इस टूर्नामेंट का तीसरा अर्द्धशतक पूरा किया। रिजवानुल्लाह ने विनीत को उस्मान के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा और फिर अर्जुन राजपूत (१६) को भी विकेटकीपर हमजा जहूर के हाथों कैच कराया। डार ने यशबर्धन चौहान (नौ) की पारी का अंत किया जबकि रायचंदानी और अन्वय द्रविड़ (१९) के विकेट लगातार गेंदों पर गंवाने से भारत संकट में घिर गया। रायचंदानी ने १०१ गेंद का सामना करते हुए पांच चौके की सहायता से ८० रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। भारत को अंतिम १० ओवर में ९० रन की दरकार थी। आर्यन सवसानी (नौ) और काव्य (शून्य) भी अधिक देर नहीं टिक सके। भारत की हार अवश्यंभावी दिख रही थी ऐसे में मनल चौहान और मोहित उल्वा ने ३५ गेंद में ५७ रन की पारी खेल भारत को जीत की राह पर ला खड़ा किया। मनल ने मोहम्मद सैयम पर दो छक्के मारे जबकि मोहित ने रिजवानुल्लाह की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। मोहित ने अली रजा पर भी छक्का जड़ा। निकाब ने मनल को उस्मान के हाथों कैच कराके भारत को बड़ा झटका दिया। मनल ने मात्र ३२ गेंद में तीन चौके, तीन छक्के की मदद से ४७ रन बनाये। इसके बाद मोहित ने सी वेंकट (नाबाद ११) के साथ मिलकर अन्तिम विकेट के लिए १६ गेंद में ३० रन की अटूट साझेदारी कर भारत का स्कोर ५० ओवर में नौ विकेट पर ३३९ रन कर पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले उस्मान ने अपने सलामी जोड़ीदार हयाम खान (२१) के साथ महज ८.१ ओवर में ६२ रन की तेज साझेदारी की। उस्मान ने १०६ गेंद में शतक पूरा किया और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कादिर के साथ मिलकर बीच के ओवरों में दबदबा बनाया। कादिर ने महज ५४ गेंद में ८० रन बनाये और ३९ गेंद में अपना पहला युवा एकदिवसीय अर्द्धशतक पूरा किया। कादिर की आक्रामक पारी का अंत तब हुआ जब अर्जुन राजपूत की गेंद पर उनका ड्राइव कवर पर खड़े वीके विनीत के हाथों में चला गया। उस्मान भी इसके बाद अधिक देर तक नहीं टिक सके। तेज गेंदबाज काव्या पटेल की गेंद पर शार्ट मिड आफ पर राजपूत ने उनका कैच लपका। पाकिस्तान का स्कोर ३६ ओवर के बाद तीन विकेट पर २४० रन था और टीम ने भारत के खिलाफ बड़े स्कोर की मजबूत नींव रख दी थी। कप्तान फरहान यूसुफ ने ६३ गेंद में ६० रन की पारी खेलकर पाकिस्तान को ३०० रन के पार पहुंचाया। काव्य पटेल ने चार और चिगुरुपति वेंकट ने तीन विकेट लिए।

**अण्डर-१९ एशिया कप**

## लक्ष्य सेन फाइनल में

**कुमामोतो (एजेन्सियां)।** लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर ५०० बैडमिण्टन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में भारत के स्टार शटलर लक्ष्य ने इंडोनेशिया के विश्व नंबर १० अलवी फरहान को तीन गेमों में २१-१२, १५-२१, २१-११ से शिकस्त दी। यह लगातार दूसरा मौका है जब लक्ष्य किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। इस खिताबी मुकाबले में जगह बनाने के साथ ही उन्होंने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स (हांगकांग) के लिए क्वालिफाई करने की अपनी उम्मीदों को बेहद मजबूत कर लिया है। मुकाबले की शुरुआत से ही लक्ष्य ने अपनी रणनीतिक कुशलता का बेहतरीन परिचय दिया। फरहान के तेज और आक्रामक खेल के आगे लक्ष्य ने संयम दिखाते हुए धैर्यपूर्ण रैलियां बनाईं और सही मौके का इंतजार किया। सटीक रिटर्न और फोरहैंड पर सटीक वार करते हुए लक्ष्य ने पहले गेम में शुरुआत से ही बढ़त बना ली और आसानी से २१-१२ से पहला गेम अपने नाम कर लिया। इससे पहले लक्ष्य अपने दोनों मुकाबलों में फरहान से एक भी गेम नहीं जीत पाये थे लेकिन इस बार उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अपनी रणनीति से विरोधी को हैरान कर दिया।



## बरार टेस्ट टीम में शामिल, कुलदीप को किया रिलीज

**वेलिंगटन (एजेन्सियां)।** तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को न्यूजीलैण्ड के खिलाफ १९ नवम्बर से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए शनिवार को भारतीय टीम में शामिल किया गया जबकि स्पिनर कुलदीप यादव को घरेलू क्रिकेट में खेलने के लिए टीम से रिलीज (टीम से हटा लेना) कर दिया गया। बीसीसीआई ने इसकी पुष्टि की। टेस्ट टीम में चयन के बाद बरार रविवार को माउंट मोनगानुई में होने वाले पांचवें और अंतिम एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। न्यूजीलैण्ड की परिस्थितियों के तेज गेंदबाजों के अनुकूल होने के कारण कुलदीप को दो टेस्ट मैच की अंतिम एकादश में जगह मिलने की संभावना नहीं थी। बीसीसीआई ने यह भी बताया कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बेसिन रिजर्व में होने वाले मुकाबले से पहले टीम से जुड़ गये हैं। **संशोधित टेस्ट टीम**-शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, लोकेश राहुल, देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, साई सुदर्शन, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, गुरनूर बरार।

# शृंखला फतह करने पर होगी भारत की नजरें

## न्यूजीलैण्ड करना चाहेगा बराबरी, पांचवां एकदिनी आज

**माउंट मोनगानुई (एजेन्सियां)।** भारतीय बल्लेबाज रविवार को यहां न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एकदिवसीय में स्विंग लेती गेंदों के सामने बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेंगे जहां उनकी नजर शृंखला जीतने पर होगी। भारत शुक्रवार को यहां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अपनी दूसरी सबसे बड़ी हार झेलने के बावजूद शृंखला में २-१ से आगे है। स्विंग और सीम की अनुकूल परिस्थितियों में भारतीय बल्लेबाज पूरी तरह नाकाम रहे और मैट हेनरी ने शुरुआती ओवर में ही तीन विकेट झटककर अपनी टीम की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। भारत को तेज गेंदबाजी की अनुकूल पिचों पर अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि २०२७ में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में भी उसे ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। पूरे बल्लेबाजी क्रम की नाकामी को देखते हुए किसी एक खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। हालांकि रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर पांच मैच की इस शृंखला में अब तक प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। अय्यर का कप्तान के रूप में पदार्पण भी निराशाजनक रहा। हेनरी की शानदार गेंद पर रोहित चकमा खा गये और स्लिप में कैच दे बैठे जबकि अय्यर तेज गति से अंदर की ओर आई गेंद पर पगबाधा हो गये। केवल एक प्रारूप में खेलने वाले रोहित और विराट कोहली के लिए यह मुकाबला न्यूजीलैण्ड के संभवत: अपने आखिरी दौरे पर दर्शकों का मनोरंजन करने का अंतिम मौका हो सकता है। चौथे मुकाबले में कोहली भी हेनरी की घातक गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं दे सके। न्यूजीलैण्ड के ३३४ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम का २६.४ ओवर में ८९ रन पर सिमट जाना मुख्य कोच गौतम गंभीर को बिल्कुल पसंद नहीं आया। गंभीर ने कहा ये ऐसी परिस्थितियां हैं जो विश्वकप के दौरान मिलने वाली परिस्थितियों के सबसे करीब होंगी। बड़ी चिंता रन बनाने की नहीं है बल्कि यह है कि हम कितनी जल्दी आउट हो गये। हम २६ या २७ ओवर में ही सिमट गये। यह हमेशा चिंता का विषय होता है। कप्तान अय्यर ने कहा कि दूसरी पारी में परिस्थितियां गेंदबाजों के काफी अनुकूल हो गयी थीं लेकिन दोनों टीम के तेज गेंदबाजों के पावरप्ले में प्रदर्शन में बड़ा अंतर था। न्यूजीलैण्ड ने छठे ओवर तक भारत का स्कोर चार विकेट पर नौ रन कर दिया था जबकि भारतीय तेज गेंदबाज शुरुआती पावरप्ले में कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके। गुरनूर बरार और आकिब नबी ने दो-दो विकेट चटकाए लेकिन रन भी लुटाये। शृंखला का अपना पहला मुकाबला खेलने उतरे कुलदीप यादव के खिलाफ विल यंग ने जमकर रन बनाये। इस दौरे पर अब तक बहुत कम मैच खेलने का मौका पाने वाले कुलदीप अगर अगले मुकाबले में उतरते हैं तो वह अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। टेस्ट टीम से रिलीज किये गये बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप न्यूजीलैण्ड दौरे का समापन यादगार प्रदर्शन के साथ करना चाहेंगे। दूसरी ओर न्यूजीलैण्ड के सामने शृंखला बराबर करने के लिए एक और करो या मरो का मुकाबला है। चौथे एकदिवसीय में अर्द्धशतक जड़कर सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने अपने करियर को नयी दिशा दी होगी जबकि स्लिप में दो बार कैच छूटने के बाद विल यंग ने शानदार शतक जड़ा। भारतीय तेज गेंदबाजों को शुरुआती १० ओवर में सलामी बल्लेबाजों को हावी होने से रोकना होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले ब्रेट रैंडेल को बे ओवल में खेलने का मौका मिलता है। न्यूजीलैंड ने पिछले सात वर्षों से अपनी धरती पर कोई शृंखला नहीं गंवाई है और ऐसे में वह चोट खाये लेकिन मजबूत प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अपना यह रेकार्ड बरकरार रखने के लिए पूरा जोर लगायेगा।



## अतुल, शुभम आरव और शिवानी ने मारी बाजी





**बाल महोत्सव**

**वाराणसी।** अतुल राजभर ने बिजली सी फूर्ति दिखाते हुए शनिवार को विकास इण्टर कालेज द्वारा आयोजित बाल महोत्सव में सीनियर बालक वर्ग की १०० मीटर दौड़ १६ सेकंड में पूरी कर पहला स्थान हासिल कर लिया। अमन गौतम दूसरे और अमन गौड़ तीसरे स्थान पर रहे। परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय इस महोत्सव के अंतिम दिन १०० मीटर दौड़ के सब जूनियर बालक वर्ग में शुभम प्रजापति प्रथम, आर्यन प्रजापति द्वितीय और प्रभास तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग में आरव मौर्य पहले, उज्जवल पटेल दूसरे और आर्यांश सिंह तीसरे स्थान पर रहे। रस्सीकूद के सीनियर बालिका वर्ग में शिवानी राजभर ने तीन मिनट में ५८ बार रस्सी कूद कर प्रथम स्थान हासिल किया। सुनिधि दूसरे और प्रियांशी पटेल तीसरे स्थान पर रही। जूनियर बालिका वर्ग में अवंतिका पाल प्रथम, काजल पाल द्वितीय और अर्पिता पाल तृतीय रही। सब जूनियर बालिका वर्ग में पूर्णिमा यादव पहले, आंशिक वर्मा दूसरे और शैली पटेल तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम के संयोजक विकास एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डाक्टर एके सिंह थे। डाक्टर आशा सिंह ने संचालन किया। सरिता दुबे, सुनीता पटेल और विभा सिंह की देखरेख में प्रतियोगिता आयोजित हुई।

## सूर्यकुमार ने १५ गेंदों में ठोका अर्द्धशतक

**कोलकाता (एजेन्सियां)।** सूर्यकुमार यादव (अजेय ६०) के तूफानी अर्द्धशतक के दम पर मुम्बई ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में हैदराबाद को ४१ गेंदें शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। कोलकाता के जाधवपुर यूनिवर्सिटी कैंपस सेकंड ग्राउंड पर खेले गये मुकाबले में हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम २० ओवर में १७२ रन पर आलआउट हुई। जवाब में मुम्बई ने १३.१ ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। १७३ रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई को अंगरिक्ष रघुवंशी (२७) और हार्दिक तमोरे (२२) ने ४१ रन की साझेदारी करके मजबूत शुरुआत दिलाई। देव गौड़ ने रघुवंशी को विकेटकीपर भावेश सेठ के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। फिर तमोरे ने मुशीर खान के साथ दूसरे विकेट के लिए ४९ रन जोड़े। वर्मा ने तमोरे को तब बोल्ड कर दिया। यहां से मुशीर खान और सूर्यकुमार यादव ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और हैदराबाद के गेंदबाजों के हौसले पस्त कर दिए।

# बोले सितारे

## साप्ताहिक राशिफल- १६ नवंबर-२२, २०२६

**मेष -** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपने कार्य को असमंजस अथवा जल्दबाजी में करने से बचना चाहिए, अन्यथा गलतियां होने की आशंका रहेगी। इस सप्ताह आप उन लोगों से खूब सावधान रहें जो आपके कार्य को बिगाड़ने के लिए अक्सर षडयंत्र रचते रहते हैं। सप्ताह के पूर्वार्ध में सेहत और संबंध दोनों को लेकर आपका मन चिंतित रहेगा। घर से जुड़ी समस्याओं का असर आपके कामकाज पर भी देखने को मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के लिए यह सप्ताह सामान्य, व्यापारियों के लिए मध्यम और छात्रों के के लिए औसत फलदायी कहा जाएगा। ऐसे में कार्यक्षेत्र में अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तालमेल बनाए रखें और अपने काम में भूलकर भी लापरवाही न करें। सप्ताह के मध्य में मानसिक चिंता आपके कामकाज में शिथिलता ला सकती है। इस दौरान छात्र वर्ग का मन पढ़ाई लिखाई से उचट सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में जीवनसाथी अथवा लव पार्टनर से किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है। इस दौरान अपने क्रोध पर काबू रखें और लोगों को अधिक सुनने और समझने का प्रयास करें।
**उपाय-** प्रतिदिन हनुमत उपासना तथा बजरंग बाण का पाठ करें।

**तुला -** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आपको आलस्य और अभिमान से बचते हुए अपने कार्य को कल पर टालने से बचना चाहिए। सप्ताह की शुरुआत थोड़ी उलझन को लिए रहेगी। इस दौरान आर्थिक दृष्टि से समय थोड़ा कष्टकर रह सकता है। अचानक से कुछेक बड़े खर्च आने से बना-बनाया बजट गड़बड़ा सकता है। कार्यक्षेत्र में उतार-चढ़ाव की स्थितियां बनेंगी। कार्य विशेष में अड़चन आने से मन खिन्न रहेगा। इस सप्ताह तुला राशि के जातकों को दूसरों के उकसावे में आकर अपना आपा खोने या गलत निर्णय लेने से बचना होगा। किसी भी योजना में धन निवेश अथवा भूमि-भवन की खरीद-फरोख्त करते समय कागजी काम सही तरीके से करें। सप्ताह के अंत में तुला राशि के जातकों को मौसमी बीमारी को लेकर सचेत रहना होगा। इस दौरान पेट संबंधी कष्ट होने की आशंका बनी रहेगी। प्रेम प्रसंग में उतावलेपन और दिखावा करने से बचें। इस सप्ताह अपनों के प्रति आपकी बेरुखी रिश्तों में दरार डालने का काम कर सकती है। मन की चंचलता पर काबू रखें और बड़ों की सीख को इग्नोर न करें।
**उपाय-** प्रतिदिन देवी दुर्गा की विधि-विधान से पूजा एवं चालीसा का पाठ करें।

**वृष -** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सुखमय और लाभप्रद रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपने करियर और कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। सप्ताह की शुरुआत नौकरीपेशा लोगों के बेहद शुभ रहने वाली है। इस दौरान उन्हें बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आप पर कृपायमान रहेंगे और कनिष्ठ लोगों का पूरा सहयोग और समर्थन मिलेगा। जो छात्र किसी परीक्षा-प्रतियोगिता या फिर उच्च शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं, उन्हें परिश्रम का पूरा फल प्राप्त होगा। यदि आपके जीवन में बीते कुछ समय से कोई समस्या चली आ रही है तो इस सप्ताह उसका समाधान धीरे-धीरे ही सही निकलता हुआ नजर आएगा। भूमि-भवन से जुड़े विवाद संवाद के जरिए सुलझेंगे। व्यवसाय से जुड़ी यात्राएं सुखद एवं लाभप्रद साबित होंगी। आर्थिक दृष्टि से सप्ताह के पूर्वार्ध के मुकाबले उत्तरार्ध कहीं ज्यादा शुभ साबित होगा। इस दौरान आपको अचानक कहीं से धन की प्राप्ति संभव है। रिश्ते-नाते की दृष्टि से पूरा सप्ताह शुभ कहा जाएगा। आत्मीय लोगों के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। प्रेम संबंध में मिठास बनी रहेगी।
**उपाय-** प्रतिदिन स्फटिक के शिवलिंग की पूजा एवं शिव चालीसा का पाठ करें।

**वृश्चिक -** वृश्चिक राशि के जातकों के जीवन में इस सप्ताह सुख-सौभाग्य बना रहेगा। सप्ताह की शुरुआत से ही आपको कार्य विशेष को लेकर मनचाही सफलता मिलती हुई नजर आएगी। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हुए हैं तो इस हफ्ते बाजार में फंसा हुआ धन निकल आएगा। आर्थिक लाभ की दृष्टि से सप्ताह के उत्तरार्ध के मुकाबले पूर्वार्ध कहीं ज्यादा बेहतर रहेगा। ऐसे में आपको अपने करियर-कारोबार से जुड़े अहम निर्णय इसी दौरान लेने का प्रयास करना चाहिए। सप्ताह के मध्य में आपको कार्य विशेष के लिए सम्मानित किया जा सकता है। इस दौरान लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा के योग बनेंगे। यात्रा सुखद एवं नये संपर्कों को बढ़ाने वाली साबित होगी। वृश्चिक राशि के जो जातक किसी परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे हुए हैं, उन्हें इस सप्ताह के अंत तक बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार की प्राप्ति संभव है। रिश्ते-नाते की दृष्टि से यह सप्ताह सुखद व्यतीत होने वाला है। सप्ताहांत अचानक परिवार अथवा आत्मीय लोगों के साथ पिकनिक-पर्यटन आदि का कार्यक्रम बन सकता है। इस सप्ताह आप पर पिता का विशेष स्नेह और आशीर्वाद बरसेगा। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।
**उपाय-** प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में श्री सुंदरकांड का पाठ करें।

**मिथुन -** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह हफ्ता गुडलक लिए हुए है। यह सप्ताह नौकरीपेशा और व्यापारियों के लोगों के लिए बेहद शुभ एवं लाभप्रद साबित होने वाला है। यदि आप बीते कुछ समय से अपने कार्यक्षेत्र में किसी समस्या से जूझ रहे थे तो इस हफ्ते आपको उसका समाधान मिल जाएगा। विरोधी परास्त होंगे और कार्यक्षेत्र में स्थितियां आपके अनुकूल होंगी। सेहत से जुड़ी समस्याओं में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। चूंकि भाग्य आपके साथ है, इसलिए मिथुन राशि के जातकों को इस सप्ताह व्यर्थ की चिंता को छोड़कर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपना बेस्ट देने का प्रयास करना चाहिए। रिश्ते-नातों को बेहतर बनाए रखने के लिए मिथुन राशि के जातकों को स्वजनों पर दोषारोपण करने से बचते हुए उनकी भावनाओं को समझने का प्रयास करना चाहिए। सप्ताह के उत्तरार्ध में किसी योजना अथवा बाजार में फंसे धन के निकलने की संभावनाएं बनेंगी। संतान पक्ष से जुड़ी चिंताएं दूर होंगी। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार होगा। भूमि-भवन आदि का सुख प्राप्त होगा। सप्ताह के अंत में अचानक से तीर्थ दर्शन या फिर कहें धार्मिक यात्रा आदि का प्रोग्राम बन सकता है।
**उपाय-** प्रतिदिन उगते हुए सूर्य देवता को जल देकर सूर्याष्टकं का पाठ करें।

**धनु -** धनु राशि के जातकों के जीवन में बीते हफ्ते की भांति इस सप्ताह भी सुख-सौभाग्य बना रहेगा। इस राशि के जातकों को कदम-कदम पर किस्मत का साथ मिलेगा और सोचे हुए कार्य आसानी से बनते हुए नजर आएंगे। सप्ताह की शुरुआत में संतान अथवा किसी सगे-संबंधी से जुड़ा सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है। बेरोजगार लोगों को रोजगार की प्राप्ति तो वहीं पहले से कार्यरत लोगों को मनचाहे स्थान पर तबादला या पदोन्नति का पुरस्कार प्राप्त हो सकता है। इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी और सीनियर का पूरा आशीर्वाद बरसेगा। यदि आप व्यवसायी हैं तो इस हफ्ते कारोबार में मनचाहा मुनाफा होने की संभावना बनेगी। इस सप्ताह व्यवसाय से जुड़ी यात्राएं और निर्णय काफी अहम साबित होंगे। कुल मिलाकर आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों से मुक्ति मिल सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों के कद एवं पद में वृद्धि के योग बनेंगे। आम जनमानस के बीच उनकी लोकप्रियता बढ़ेगी। आत्मीय संबंधों में मिठास बनी रहेगी। परिवार के सदस्यों के बीच एकता और सामंजस्यता बनी रहेगी। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी। विवाहित लोगों को संतान सुख की प्राप्ति संभव है।
**उपाय-** प्रतिदिन भगवान विष्णु की पूजा करें तथा गुरुवार के दिन किसी मंदिर में पूजा की सामग्री दान करें।

**कर्क -** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सुख-सौभाग्य को लिए हुए है। यदि आप बीते कुछ समय से किसी समस्या को लेकर परेशान चल रहे थे या फिर खुद को हताश-निराश पा रहे थे तो इस हफ्ते उसका समाधान निकलता हुआ नजर आएगा। चीजों के पटरी पर आने से आपका खोया हुआ आत्मविश्वास वापस आएगा और आप अपने करियर-कारोबार को एक बार फिर पूरे जोश के साथ आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास करेंगे। सप्ताह के पूर्वार्ध में आपको इष्ट-मित्रों की तरफ से पूरा सहयोग और समर्थन मिलेगा ओर आप जटिल कार्यों को भी बुद्धि-विवेक से निपटाने का प्रयास करेंगे। सप्ताह के मध्य में आपकी आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा लोगों की आय के नये स्रोत बनेंगे। व्यवसाय के विस्तार की योजनाएं फलीभूत होती हुई नजर आएंगी। इस सप्ताह आप अपनी फिजूलखर्ची पर नियंत्रण पा लेंगे, जिससे आपके संचित धन में वृद्धि होगी। कर्क राशि के जातकों को अपने कामकाज के साथ रिश्तों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। विशेष रूप से जीवनसाथी के प्रति उदासीनता से बचें और उसकी भावनाओं की कद्र करें। प्रेम-प्रसंग में स्थितियां सामान्य बनी रहेंगी।
**उपाय-** प्रतिदिन किचन में बनी पहली रोटी गाय को खिलाएं और भगवान बटुक भैरव की प्रतिदिन आराधना करें।

**मकर -** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अनुकूल रहने वाला है। इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य समय पर मनचाहे तरीके से पूरे होंगे। घर और बाहर दोनों जगह आपको सुख और सहयोग प्राप्त होगा। आपके मान-सम्मान और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो यह हफ्ता आपके लिए काफी लाभप्रद रहने वाला है। कारोबार में आ रही अड़चन दूर होंगी और आर्थिक प्रगति होगी। मकर राशि के जातकों को इस सप्ताह भूमि-भवन के जरिए विशेष लाभ होने की संभावना बनेगी। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति के योग बनेंगे। सप्ताह के उत्तरार्ध में कार्य विशेष को लेकर व्यस्तता बनी रहेगी। इस दौरान आपकी आय के नये स्रोत बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके कामकाज की तारीफ होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में उच्च शिक्षा की प्राप्ति में आ रही अड़चन दूर होंगी। आप अपनी सुख-सुविधा से जुड़ी चीजों पर धन खर्च करेंगे। रिश्ते-नाते की दृष्टि से यह हफ्ता शुभ साबित होगा। परिवार में शुभ कार्य संपन्न होंगे। इष्ट-मित्रों से मुलाकात होगी। संतान पक्ष की प्रगति से मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंध में नजदीकियां बढ़ेंगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।
**उपाय-** प्रतिदिन भगवान शिव को भस्म अर्पित करके रुद्राष्टकं का पाठ करें।

**सिंह -** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता लिए हुए है। इस सप्ताह आपको अपने द्वारा किये गये परिश्रम और प्रयास का पूरा फल प्राप्त होगा। सप्ताह के पूर्वार्ध में बहुप्रतीक्षित मनोकामना पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। इस दौरान करियर-कारोबार के सिलसिले में आपके द्वारा बुद्धिमानी पूर्वक लिए गये निर्णय लाभदायक साबित होंगे। व्यवसाय से जुड़े लोग इस सप्ताह कोई बड़ी कारोबारी डील कर सकते हैं। आर्थिक उन्नति के पूरे योग बने हुए हैं। नौकरीपेशा लोगों को अपने सहयोगियों की मदद से कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने की संभावना बनेगी। आमदनी के मजबूत स्रोत बनेंगे। यदि आप किसी योजना आदि में निवेश करने की योजना बना रहे हैं तो अपने शुभचिंतकों की सलाह लेना बिल्कुल न भूलें। सिंह राशि के जातकों का इस सप्ताह पारिवारिक एवं आर्थिक जीवन सुखमय बना रहेगा। पिता की तरफ से विशेष आशीर्वाद एवं सहयोग मिलता रहेगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में स्वजनों के साथ आमोद-प्रमोद के अवसर प्राप्त होंगे। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। लव पार्टनर के साथ रिश्ते प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।
**उपाय-** प्रतिदिन भगवान श्री विष्णु की पूजा पीले पुष्प अर्पित करके करें तथा श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

**कुंभ -** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायक रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को सप्ताह की शुरुआत में कामकाज के लिए अधिक परिश्रम और प्रयास करना होगा। इस दौरान कार्यक्षेत्र में सफलता तो मिलेगी लेकिन आत्मविश्वास में कुछ कमी रहेगी। इस हफ्ते आपको कार्यक्षेत्र में हानि और अपमान से बचने के लिए क्रोध करने से बचना होगा। सप्ताह के मध्य में कामकाज के सिलसिले में लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा संभव है। यात्रा के दौरान प्रभावी लोगों के साथ संपर्क स्थापित होंगे, जिनकी मदद से लाभप्रद योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में आपको कामकाज से जुड़ी कुछेक मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। यह समय चिंता छोड़ चिंतन करने का रहेगा। इस दौरान दूसरों की आलोचना करने की बजाय स्वयं के भीतर सुधार लाना उपयोगी साबित होगा। इस सप्ताह विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से उचट सकता है। उन्हें मनचाही सफलता पाने के लिए एकाग्र मन से अध्ययन करते हुए विशेष परिश्रम और प्रयास करना होगा। प्रेम संबंध को मजबूत बनाए रखने के लिए वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण बनाए रखें। मौसमी बीमारी को लेकर सचेत रहें।
**उपाय-** प्रतिदिन शिवलिंग पर जल अर्पित करके शिवमहिम्न स्तोत्र का पाठ करें।

**कन्या -** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा उतार-चढ़ाव लिए रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में सोचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इस दौरान आपको घर और बाहर दोनों जगह चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो आपको अपने काम में लापरवाही करने से बचना होगा। सप्ताह के पूर्वार्ध का समय अति व्यस्तता लिए रहने वाला है। इस दौरान आपके सिर पर अचानक से कामकाज का अतिरिक्त बोझ आ सकता है। कामकाज की अधिकता के चलते आपकी सेहत और खानपान प्रभावित हो सकता है तो वहीं परिवार को समय न दे पाने से परिजन की नाराजगी भी झेलनी पड़ सकती है। इस सप्ताह आपकी परिवार के प्रति बेरुखी रिश्तों में तनाव ला सकता है। ऐसे में लोगों के साथ विनम्रता के साथ बात-व्यवहार करें तथा उनकी आवश्यकताओं और भावनाओं को समझने का प्रयास करें। व्यवसाय से जुड़े लोगों को इस हफ्ते जोखिम भरे निवेश से बचना चाहिए। आपकी आय और व्यय दोनों यथावत रहेंगे। छात्र वर्ग को मनच

# पेट्रोल पम्प नहीं,सत्ता का पावर पम्प!

## मंत्री के दामाद के सामने नतमस्तक हुआ सिस्टम

मऊ। मायरा फिलिंग स्टेशन सरायगंगा पब्बी नदवासराय मऊ एक पेट्रोल पम्प नहीं है बल्कि सत्ता का पावर पम्प है। जो पहले तो नियमों की अनदेखी कर पेट्रोल पम्प का लाइसेंस हासिल कर लिया। अब जिला प्रशासन के आदेश की अनदेखी कर धड़ल्ले से पेट्रोल पम्प का संच.ालन कर रहा है। सूबे के एक मंत्री का दामाद होने के चलते उसके आगे जिला प्रशासन भी बौना साबित हो रहा है। नियमों की अनदेखी कर सत्ता के संरक्षण में पेट्रोल पम्प का लाइसेंस हासिल करने वाले दामाद जी को आखिर रोकेगा कौन?यह सवाल लोगों के जुबान पर तैरने लगा है। यहां सवाल यह भी उठता है कि क्या दामाद जी नियम-कानून से ऊपर हैं या दामाद राज में कानून बेबस हो गया है। दरअसल,प्रशासन देखता रह गया और सत्ता के संरक्षण में दामाद जी ने पेट्रोल पम्प का लाइसेंस हासिल कर लिया। अब मंत्री का धौंस देकर पेट्रोल पम्प का संचालन नियमों की अनदेखी कर चला रहा है। एक सवाल यह भी उठता है कि नियम क्या



सिर्फ आम आदमी के लिए हैं,और लाइसेंस सिर्फ दामाद जी के लिए है। दामाद का मानना है कि ससुर अगर मंत्री हो तो नियम क्या चीज है? दामाद जी ने सत्ता का ऐसा पावर दिखाया कि एसपी,एसडीएम घोसी,एक्सईएन प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग,अग्नि शमन अधिकारी,प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी,महाप्रबन्धक उद्योग विभाग,जिला उद्यान अधिकारी,क्षेत्रीय कार्यालय उत्तर प्रदेश प्रदूषण बोर्ड आजमगढ़ मंडल आजमगढ़,एक्सईएन विद्युत वितरण खण्ड तृतीय घोसी ने पास में दूसरा पेट्रोल पम्प होने और तमाम कमियां होने के बावजूद बिना किसी इफ-बट के

## जिलाधिकारी के आदेश की धज्जियां उड़ा रहा संचालक

जिला प्रशासन को अपनी-अपनी संस्तुति दे दी। तत्कालीन अपर जिलाधिकारी ने भी 15मार्च 2024 को एनओसी जारी कर दी। अब दामाद के सिर पर सत्ता का घमंड इस कदर छाया हुआ है कि जिलाधिकारी के इस आदेश को कि बिना हेलमेट वाले बाइक चालकों को पेट्रोल न देने के आदेश की भी धज्जियां उड़ाते हुए धड़ल्ले से मिलावटी डीजल,पेट्रोल की विक्री कर रहा है। शनिवार को बिना हेलमेट लगाये पेट्रोल पम्प पर गये एक बाइक चालक को रसीद मांगने पर फर्जी रसीद थमा दिया और पेट्रोल की शुद्धता चेक करने के लिए फिल्टर पेपर मांगने पर देने से इंकार कर दिया। आज भी पेट्रोल पम्प पर तमाम तरह की खामियां देखने को मिली। मगर,सत्ता के पावर पम्प का मुंह आखिर कौन रोकेगा?यह सवाल जिला प्रशासन के आगे एक यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा हो गया है।

# पोखरी में डूबने से बालिका की मौत

रतनपुरा (मऊ)। रतनपुरा विकासखंड के मेऊड़ी कला ग्राम पंचायत में शुक्रवार को पोखरी में डूबने से चार वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आगरा विश्वविद्यालय, आगरा के सेवा. निवृत्त प्रोफेसर डा. राजकिशोर सिंह शुक्रवार को छठ पूजा के अवसर पर लखनऊ से अपने पैतृक गांव मेऊड़ी कला आए थे। इसी दौरान उनके पुत्र बृजेश सिंह की चार वर्षीय पुत्री प्रगति सिंह सुबह करीब 10 बजे घर के आस-पास खेलते-खेलते गांव की एक पोखरी की तरफ चली गई। बताया जाता है कि पोखरी के किनारे पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई।काफी देर तक बालिका का पता नहीं चलने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को भी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ खोजबीन शुरू की। इसी दौरान पोखरी की ओर तलाश करने पर बालिका का शव पानी में उतराया हुआ दिखाई दिया। शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने गांव के बाहर बालिका का अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जाता है कि बृजेश सिंह के एक पुत्र और एक पुत्री थी। इकलौती पुत्री प्रगति की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस घटना से पूरा गांव गमगीन है।

## डुमरांव गांव में होगा साहित्यकारों का जमावड़ा

मऊ। वीर रसावतार महा कवि श्यामनारायन पाण्डेय के गांव डुमरांव में 12 दिसम्बर को देश के शीर्ष साहित्यकारों का जमावड़ा होगा। इस कार्यक्रम में एक विशिष्ट साहित्यकार को 11हजार रूपये का हल्दीघाटी सम्मान दिया जायेगा। यह जानकारी पुरूषार्थ सिंह ने दी है।

# विवाहिता की हत्या का आरोप

घोसी(मऊ)। घोसी नगर के बड़ागांव उत्तरी स्थित राजभर बस्ती में शुक्रवार की शाम करीब छह बजे एक विवाहिता का शव घर में छत के पंखे से साड़ी के सहारे फंदे पर लटका मिला। मृतका की पहचान प्रीति गुप्ता उम्र 24वर्ष के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में अफरा-तफरी मच गई। वहीं मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने विवाहिता की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्रनाथ राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक काररवाई शुरू की। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। नायब तहसीलदार अमरनाथ यादव ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।विवाहिता की मौत के बाद मायके पक्ष के लोग हत्या का मुक.दमा दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। वे शव को कोतवाली में ही रोके रहे और मुकदमा दर्ज होने के बाद ही आगे की काररवाई की बात कही। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने परि.जनों को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया। काफी समझाने-बुझाने के बाद रात करीब 11 बजे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। बताया जाता है कि प्रीति की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व अमन गुप्ता के साथ हुई थी। दंपती की चार वर्षीय बेटी रूही है। विवाहिता की मौत से परिवार में को.हराम मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस मायके पक्ष की ओर से लगाए गए हत्या के आरोपों सहित पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## अलम का जुलूस निकला

घोसी(मऊ)। नगर के बड़ागांव शिया मोहल्ले में शनिवार को यौमे फातिमिया के अवसर पर पैगंबर मुहम्मद साहब की पुत्री जनाबे फातिमा जहरा की शहादत की याद में अलम का जुलूस निकाला गया।

## जनगणना कल से-डीएम

मऊ। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को समयबद्ध, त्रुटिरहित एवं सफलता पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला.धिकारी आनंद वर्द्धन ने कल देर शाम कैंप कार्यालय स्थित सभागार में जनगणना कार्य से जुड़े अधिक.ारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पूरी गंभीरता, सक्रियता एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर शुद्धता के साथ संपन्न कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित होने वाले स्वगणना कार्य के लिए सभी संबंधित अधिकारी तिथिवार विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर लें। एक दिसम्बर से चार जनवरी तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिक.ारी श्री प्रवेंद्र कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, तकनीकी सहायक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ससुराल पहुंचने के दूसरे दिन ही विवाहिता की मौत

घोसी(मऊ)। घोसी कोतवाली क्षेत्र में एक नवविवा.हता की विदाई के अगले ही दिन संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से परिवारों में हड़कंप मच गया। मृतका के भाई ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बहन की हत्या करने का गंभीर आरा.प लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जिले के सिकरौला गांव निवासी आस्का चौहान की शादी घोसी क्षेत्र निवासी हरिश्चंद्र से 7 मई 2026 को हुई थी। दोनों की पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। बताया जा रहा है कि दोनों कंटेंट क्रिएटर भी हैं। शादी के बाद से आस्का अपने मायके में रह रही थी। 13 नवंबर को धूमधाम से उसकी विदाई कराई गई और वह ससुराल पहुंची। लेकिन अगले ही दिन 14 नवंबर की सुबह मायके वालों को उसकी मौत की सूचना मिली। मृतका के भाई का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित कर रहा था। शादी में डबल बेड, कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन और आटा चक्की समेत तमाम घरेलू सामान दिया गया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष की ओर से बाइक और 50 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग की जा रही थी। भाई के मुताबिक विदाई से पहले भी पति से फोन पर कई बार विवाद हुआ था। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि विदाई के बाद उसकी बहन के साथ मारपीट की गई। सुबह ससुराल पक्ष की ओर से फोन कर बताया गया कि अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई है। जब वह मौके पर पहुंचा तो बहन के नाक और मुंह से खून निकल रहा था। भाई ने पति और उसके परिवार के लोगों पर मिलकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए सख्त काररवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी नदवासराय अमितेश मिश्रा ने बताया कि नवविवाहिता की मौत किन परिस्थितियों में हुई यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं कोतवाली प्रभारी रवींद्रनाथ राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## प्राथमिक विद्यालय चंद्रबारी में धूमधाम से मना बाल दिवस

सूरजपुर(मऊ)। दोहरीघाट विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चंद्रबारी में शुक्रवार को बबीता के नेतृत्व में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में बच्चों को बाल दिवस के महत्व और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन एवं विचारों की जानकारी दी गई। बच्चों ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्सव का माहौल रहा।

# मधुमेह जागरूकता रैली को एसपी ने दिखाई हरी झंडी

मऊ। शारदा नारायण अस्पताल के सौजन्य से मधुमेह दिवस पर निकली जागरूकता रैली को पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डा. संजय सिंह ने 452मधुमेह रोगियों को मधुमेह से बचने के टिप्स दिये और जांच कर दवाएं देते हुए विस्तृत जानकारी दी।

## ७३ दरोगा बदले

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा ने 73 उपनिरीक्षकों का तबादला कर दिया। देर रात जारी हुई तबा.दला सूची में 11महिला उपनि.रीक्षक भी शामिल हैं। छठ के ठीक पहले हुआ यह तबादला चर्चा में है।






















## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया देवलास मेले का उद्घाटन

नदवासराय (मऊ)। प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल देवर्षि देवल धाम देवलास में सूर्य षष्ठी के पावन अवसर पर लगने वाले पारंपरिक मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने फीता काटकर किया।

## तीन मामलों का निबटारा

घोसी(मऊ)। घोसी में थाना समाधान दिवस पर 15 में तीन मामलों का निबटारा किया गया।

## छठ पर्व को लेकर सीओ ने घाटों की तैयारियों का लिया जायजा

करहां(मऊ)। क्षेत्राधिकारी जित.ेंद्र सिंह ने कोतवाली प्रभारी कमल.कांत वर्मा के साथ तमसा नदी के तट पर स्थित राजघाट एवं रामघाट का निरीक्षण किया।

## पागल कुत्ते ने मासूम सहित चार को किया जख्मी

करहां(मऊ)। मुहम्मदाबाद गो.हना कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत वलीदपुर में शनिवार को पागल कुत्ते मोहम्मद अक्कसम उम्र 6 वर्ष मुन्ना उम्र 45 वर्ष शेषनाथ गौड 50 वर्ष रामप्रीत 50 वर्ष समेत चार लोगों को काटकर जख्मी कर दिया।

## घाटों का लिया जायजा

दोहरीघाट(मऊ)। जिलाधिकारी आनन्द बर्द्धन ने दोहरीघाट में छठ घाटों का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया और भीड़ नियंत्रण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा,एसडीएम अशोक कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन

मऊ। चंद्रा इंटरनेशनल स्कूल, मऊ में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण एवं भव्य समापन हुआ। जिसमें वॉलीबाल, टग ऑफ वॉर, तथा स्केटिंग आदि खेलों का आयोजन हुआ। दोनों दिनों की प्रतियोगिताओं में अंकों के आधार पर 517 आंकों के साथ ग्रीन वॉरियर्स प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रहा जबकि रेड रॉयल्स ने 479 अंकों के साथ द्वितीय तथा यलो टाइगर्स ने 378 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं के समापन के पश्चात विद्यालय के प्रबन्धक एडवोकेट विजय बहादुर पाल द्वारा विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विज.ेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते

# सुशासन के संकल्प से

## नवा रायपुर बन रहा

# एजुकेशन हब

प्रबंधन | उद्यमिता | नवाचार

**NSTI**
नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट

**NIELIT**
नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी

**NMIMS**
नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज

**NIFT**
नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी



**NFSU**
नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी कैम्पस






**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

हमसे जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

सुशासन से समृद्धि की ओर

samvad- 49690/1